lxviii. जबकि एपिग्रल ने तर्क दिया है कि वह डीसीडब्ल्यू के ग्रेड का उपयोग करने में असमर्थ था, डीसीडब्ल्यू ने तर्क दिया है कि उसने सी-पीवीसी का उत्पादन करने के लिए उसी ग्रेड का उपयोग किया था। इस प्रकार, एपिग्रल के सामने समस्या तकनीकी क्षमता की कमी के कारण है, क्योंकि उसने उत्पादन तकनीक नहीं खरीदने और आंतरिक विशेषज्ञता पर भरोसा करने का निर्णय लिया है।

lxix. एपिग्रल द्वारा अनुरोधों के विपरीत, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर नहीं पहुचें है कि डीसीडब्ल्यू के ग्रेड अनुसंधान एवं विकास किया जा रहा है।

lxx. एपिग्रल ने एसआईसीएआरटी की राय के संबंध में देर से अनुरोध दायर किए हैं। एसआईसीएआरटी के पास परीक्षण सुविधा नहीं है और इसलिए, दी गई राय को तकनीकी रिपोर्ट के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है। एपिग्रल ने इस संबंध में मनगढ़ंत साक्ष्य प्रदान किए हैं।

lxxi. थाई प्लास्टिक्स एंड केमिकल पीएलसी के अनुरोधों के विपरीत, इसके उत्पाद की विनिर्देश-तालका में उल्लेख है कि इन ग्रेडों का उपयोग सामान्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। ऐसे ग्रेडों के आयात की अधिकांश मात्रा उन व्यापारियों द्वारा की जाती है जो सी-पीवीसी के उत्पादन में शामिल नहीं हैं।

lxxii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है।

lxxiii. डीसीडब्ल्यू ने जून 2023 से अपने नए संयंत्र में उत्पादन शुरू कर दिया है और सी-पीवीसी के निर्माण के लिए अपने स्वयं के ग्रेड का उपयोग किया है।

lxxiv. एम-पीवीसी और एस-पीवीसी अलग-अलग उत्पाद हैं और इसलिए, एम-पीवीसी को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में शामिल नहीं किया जा सकता है।

lxxv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, इमल्शन पॉलीमराइजेशन, मास पॉलीमराइजेशन और माइक्रो-सस्पेंशन पॉलीमराइजेशन अलग-अलग उत्पादन प्रक्रियाएं हैं, जिसके परिणामस्वरूप अलग-अलग उत्पाद प्राप्त होते हैं। एस-पीवीसी पर कई जांच हुई हैं, जिनमें ऐसी प्रक्रियाओं के माध्यम से निर्मित पीवीसी को प्राधिकारी द्वारा बाहर रखा गया है। यहाँ तक कि बीआईएस भी इन्हें अलग-अलग उत्पाद मानता है।

lxxvi. अति-उच्च और अति-निम्न के वैल्यू वाले उत्पाद को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा गया है क्योंकि इनके लिए समान वस्तु का उत्पादन घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जा रहा था।

lxxvii. वान्हुआ समूह के तर्कों के विपरीत, भारत में सी-पीवीसी के उत्पादकों ने स्वयं यह दावा नहीं किया है कि ऐसे उत्पादक द्वारा उत्पादित ग्रेड तथाकथित विशेष ग्रेड है। उत्पादक द्वारा यह प्रदर्शित करने के लिए कोई विनिर्देशन-तालिका उपलब्ध नहीं कराई गई है कि ऐसे ग्रेड के अलग-अलग विनिर्देशन हैं।

lxxviii. घरेलू उद्योग ने घरेलू बाजार में के-57 के साथ-साथ के70-75 की नियमित रूप से आपूर्ति की है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने इन ग्रेडों की विनिर्देशन आवश्यकताओं पर प्रकाश नहीं डाला है। भारत में सभी उत्पादक बीआईएस मानक के अनुसार उत्पादन करते हैं और इसलिए, इस संबंध में किसी को बाहर करने की आवश्यकता नहीं है।

lxxix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग ने अपना रुख कायम रखा है और साक्ष्य प्रस्तुत किया है कि उसने व्यापारिक बाजार में +/- 1 की सहनशीलता के साथ 57 और 75.5 के बीच के-वैल्यू वाले संबद्ध सामानों का उत्पादन और आपूर्ति की है। अन्य हितबद्ध पक्षकार घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित के-57 और अन्य प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त के-57 से भिन्न उत्पाद की विशेषताएं प्रदान करने में विफल रहे हैं।

lxxx. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, कानून में ऐसा कुछ भी नहीं है जो ग्रेडों को बाहर करने की स्थिति में राजस्व हानि की जांच की अनुमति देता हो।

lxxxi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग ने के-57 की बिक्री दर्शाने वाले बीजक प्रदान किए हैं। चूंकि ऐसे बीजक व्यवसाय के प्रति संवेदनशील प्रकृति के होते हैं, इसलिए इन्हें अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा नहीं किया जा सकता। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भी अपने बीजकों का खुलासा नहीं किया है।

lxxxii. जबकि एजीसी फार्मापैक ने कहा है कि उसने प्रयोक्ता प्रश्नावली के उत्तर में उत्पाद को बाहर करने का अनुरोध किया है, घरेलू उद्योग को इसकी कोई गोपनीय प्रति प्राप्त नहीं हुई है। प्राधिकारी ऐसे प्रयोक्ता को असहयोगी मानें।

## ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

6. वर्तमान जांच की शुरुआत के समय, प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद को "विनाइल क्लोराइड मोनोमर (सस्पेंशन ग्रेड) का होमोपॉलीमर" माना था, जिसे पीवीसी सस्पेंशन रेज़िन या एस-पीवीसी भी कहा जाता है। इस प्रकार के रेज़िन में विभिन्न पॉलीमर श्रृंखलाएँ होती हैं जो एक-दूसरे से जुड़ी नहीं होती हैं। विचाराधीन उत्पाद को "पॉली विनाइल क्लोराइड (पीवीसी) रेज़िन", "सस्पेंशन ग्रेड" या "पीवीसी सस्पेंशन रेज़िन" भी कहा गया है।

7. प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन के संबंध में 30 अप्रैल 2024 को एक बैठक आयोजित की। सभी हितबद्ध पक्षकारों से टिप्पणियाँ प्राप्त करने और उनकी जाँच करने के बाद, 13 मई 2024 की अधिसूचना द्वारा विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र को संशोधित किया गया ताकि कुछ उत्पाद प्रकारों को इसमें शामिल न किया जा सके। प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ विचाराधीन उत्पाद पर निम्नलिखित रूप में विचार किया है।

> *"विनाइल क्लोराइड मोनोमर (सस्पेंशन ग्रेड) का होमोपॉलीमर जिसे पीवीसी सस्पेंशन रेजिन के रूप में भी जाना जाता है, 55 से ऊपर और 77 तक के-वैल्यू के साथ सस्पेंशन पोलीमराइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से निर्मित किया जाता है।"*

8. वर्तमान जाँच में विचाराधीन उत्पाद में निम्नलिखित शामिल नहीं हैं:

क. अति-निम्न के-वैल्यू पीवीसी सस्पेंशन रेजिन (के-वैल्यू 55 तक)
ख. अति-उच्च के-वैल्यू पीवीसी सस्पेंशन रेजिन (के-वैल्यू 77 से अधिक)
ग. क्रॉस-लिंक्ड पीवीसी
घ. क्लोरीनयुक्त पीवीसी (सीपीवीसी),
ङ. विनाइल क्लोराइड-विनाइल एसीटेट कोपोलिमर (वीसी-वीएसी),
च. पीवीसी पेस्ट रेजिन/इमल्शन रेजिन
छ. मास पॉलीमराइजेशन पीवीसी
ज. पॉलीविनाइल क्लोराइड ब्लेंडिंग रेजिन।

इसके अलावा, इमल्शन पॉलीमराइजेशन के माध्यम से निर्मित पीवीसी रेजिन, बल्क मास पॉलीमराइजेशन के माध्यम से निर्मित पीवीसी रेजिन, और माइक्रो सस्पेंशन पॉलीमराइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से निर्मित पीवीसी रेजिन भी विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर हैं।

9. एस-पीवीसी का उत्पादन सस्पेंशन पॉलीमराइजेशन तकनीक का प्रयोग करके किया जाता है। संबद्ध सामानों के उत्पादन हेतु, विनाइल क्लोराइड मोनोमर ("वीसीएम") को पॉलीमराइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से विनाइल पॉलिमर में परिवर्तित किया जाता है। वीसीएम का उत्पादन या तो एथिलीन डाइक्लोराइड ("ईडीसी") या कैल्शियम कार्बाइड ("कार्बाइड") का उपयोग करके किया जाता है। एथिलीन और कार्बाइड दोनों तरीकों से उत्पादित एस-पीवीसी विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में शामिल है।

10. जाँच के दौरान, कई हितबद्ध पक्षकारों ने वर्तमान जाँच में पीसीएन की आवश्यकताओं के संबंध टिप्पणियाँ दायर की हैं। अधिकातर हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि वर्तमान जाँच में पीसीएन की कोई आवश्यकता नहीं है। यह नोट किया गया था कि विगत में विभिन्न देशों से विचाराधीन उत्पाद के आयातों की कई जाँचें की गई हैं। अत:, प्राधिकारी ने विगत किसी भी जाँच में पीसीएन को नहीं अपनाया है।

11. जिन हितबद्ध पक्षकारों ने पीसीएन पद्धति को अपनाने का अनुरोध किया था, उन्होंने इसे के-वैल्यू और उत्पादन प्रक्रिया पर आधारित किया था। हालाँकि, विदेशी उत्पादकों ने यह दर्शाने के लिए कोई सूचना नहीं दी है कि विभिन्न के-वैल्यू वाले उत्पादित उत्पादों की लागत में पर्याप्त अंतर है। रिकॉर्ड में उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार, विभिन्न के-वैल्यू के बीच उत्पाद की लागत और कीमत में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है। इसके अतिरिक्त, विचाराधीन उत्पाद की कीमतें उत्पादन प्रक्रिया के आधार पर भिन्न नहीं होती हैं क्योंकि दोनों मार्गों का उपयोग करके निर्मित अंतिम उत्पाद एक ही होता है और प्रयोक्ताओं द्वारा एक-दूसरे के स्थान पर उपयोग किया जाता है। तदनुसार, वर्तमान जाँच में पीसीएन को अपनाना आवश्यक नहीं समझा गया था।

12. हितबद्ध पक्षकारों ने कुछ विदेशी उत्पादकों द्वारा उत्पादित कुछ ग्रेडों को इस आधार पर बाहर करने की भी माँग की है कि घरेलू उद्योग ने उनका उत्पादन नहीं किया है। बाहर किए किए जाने के लिए ऐसे अनुरोधों की जाँच प्राधिकारी द्वारा इस आधार पर की गई है कि क्या ऐसे ग्रेड भारत को निर्यात किए गए थे और क्या घरेलू उद्योग ने उनके समान वस्तु की आपूर्ति नहीं की है।

13. हितबद्ध पक्षकारों ने कुछ के-वैल्यू वाले पीवीसी रेज़िन को बाहर करने की माँग की है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने साक्ष्य उपलब्ध कराए हैं कि वह के-वैल्यू 57 और 75.5 वाले पीवीसी सस्पेंशन रेजिन का उत्पादन करता है। प्राधिकारी ने अति-निम्न और अति-उच्च के-वैल्यू वाले उन ग्रेडों को सूची से बाहर रखा है जिनका विनिर्माण घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया गया है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अति-निम्न के-वैल्यू और अति-उच्च के-वैल्यू वाले निर्दिष्ट ग्रेडों को उक्त उत्पादों को बाहर करने साथ स्वतः ही सूची से बाहर रखा गया है। विचाराधीन उत्पाद में शामिल के-वैल्यू की सीमा के अंतर्गत आने वाले ग्रेडों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसे ग्रेड के लिए समान वस्तु की आपूर्ति घरेलू उद्योग द्वारा की गई है और इसलिए, ऐसे उत्पाद को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखने की कोई आवश्यकता नहीं है।

14. कुछ अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि प्राधिकारी ने न तो उनके अनुरोधों पर ध्यान दिया है और न ही उनके द्वारा पहचाने गए विशिष्ट ग्रेडों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि इन अनुरोधों को प्रारंभिक जांच परिणाम में पहले ही दर्ज कर लिया गया है और एक विस्तृत जांच की जा चुकी है। इसके अलावा, यद्यपि प्राधिकारी ने अपनी जाँच में निर्यातकों के नामों का उल्लेख नहीं किया है, फिर भी अनुरोध किए गए बाहर करने के उत्पाद 55 और 77 के बीच के-वैल्यू वाले ग्रेड का था। चूंकि घरेलू उद्योग ने ऐसे ग्रेडों के समान वस्तु की आपूर्ति की थी, इसलिए उन्हें बाहर नहीं किया गया है।

15. ऑफ-ग्रेड पीवीसी को बाहर करने के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऑफ-ग्रेड उत्पाद को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर नहीं रखा जा सकता। ऑफ-ग्रेड उत्पाद किसी विनिर्माता द्वारा विशिष्ट रूप से उत्पादित नहीं किया जाता है, बल्कि किसी

भी वस्तु की सामान्य उत्पादन प्रक्रिया का परिणाम होता है। केवल इसलिए कि किसी उत्पाद को ऑफ-ग्रेड उत्पाद के रूप में बेचा गया है, इसका अर्थ यह नहीं है कि वह विचाराधीन उत्पाद नहीं है। इस संबंध में यह भी नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने लगातार यह माना है कि विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र का निर्णय लेने के लिए केवल गुणवत्ता में अंतर ही महत्वहीन है। इसके अतिरिक्त, ऑफ-ग्रेड पीवीसी को बाहर करने से पाटनरोधी शुल्क की प्रवंचना होने की संभावना है। हितबद्ध पक्षकारों ने यह दर्शान करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि ये निम्न गुणवत्ता वाले ग्रेड घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित समान वस्तु के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं।

16. कई हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि सी-पीवीसी के विनिर्माण में प्रयुक्त एस-पीवीसी का उत्पादन घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जाता है और इसे विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत में सी-पीवीसी के केवल दो उत्पादक हैं, अर्थात् डीसीडब्ल्यू लिमिटेड और एपिग्रल लिमिटेड। डीसीडब्ल्यू लिमिटेड वर्तमान जाँच में आवेदक भी है। रिकॉर्ड में प्रस्तुत सूचना और प्राधिकारी द्वारा किए गए संयंत्र सत्यापन के अनुसार, डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने सी-पीवीसी के उत्पादन हेतु स्वयं द्वारा निर्मित एस-पीवीसी के साथ-साथ भारत में अन्य घरेलू उत्पादकों के साथ-साथ विदेशी उत्पादकों द्वारा निर्मित एस-पीवीसी का भी उपयोग किया है।

17. विशेष रूप से, एपिग्रल लिमिटेड ने फॉर्मोसा प्लास्टिक्स कॉर्पोरेशन द्वारा आपूर्ति किए गए एस65सी जैसे विशिष्ट ग्रेड को इस आधार पर बाहर रखने की मांग की कि यह डीसीडब्ल्यू द्वारा आपूर्ति किए गए ग्रेड से तकनीकी रूप से भिन्न है। तथापि, यह नोट किया जाता है कि ऐसी सूचना के स्रोत के संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसके विपरीत, घरेलू उद्योग ने एनएबीएल/आईएसओ मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला की प्रयोगशाला रिपोर्ट प्रदान की है। उक्त प्रयोगशाला द्वारा बीआईएस मानकों के अनुसार किए गए परीक्षणों के अनुसार, डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा आपूर्ति किया गया ग्रेड थोक घनत्व और छिद्रिलता के संदर्भ में तुलनीय है।

| विवरण | ग्रेड का नाम | थोक घनत्व | प्लास्टिसाइज़र अवशोषण (छिद्रिलता) |
|---|---|---|---|
| डीसीडब्ल्यू लिमिटेड | पीआरओ 65 | 0.53 | 21% |
| डीसीडब्ल्यू लिमिटेड | पीआरओ 57 | 0.51 | 15.45% |
| फॉर्मोसा प्लास्टिक्स कॉर्पोरेशन | एस65सी | 0.53 | 21.8% |
| थाई पॉलीएथिलीन | एसएफ58एस | 0.50 | 16% |
| थाई पॉलीएथिलीन | एस66जे | 0.51 | 19.7% |

18. घरेलू उद्योग ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद के विनिर्देशन-तालिका भी उपलब्ध कराई है। तथापि, एपिग्रल ने तर्क दिया है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा आपूर्ति किए गए ग्रेड पर भरोसा नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह घरेलू उद्योग का हिस्सा नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि एपिग्रल का तर्क यह था कि कथित विशेष उत्पाद भारत में उत्पादित नहीं होता है, जो कि सच नहीं है। इसके अलावा, एपिग्रल ने स्वयं कहा है कि उसने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा निर्मित ग्रेड खरीदा है। किसी भी स्थिति में, प्राधिकारी ने ऊपर डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा उत्पादित ग्रेड और भारत में आयातित ग्रेड की तुलना की है। डीसीडब्ल्यू लिमिटेड, जो घरेलू उद्योग का एक हिस्सा है, द्वारा उत्पादित ग्रेड में थोक घनत्व और प्लास्टिसाइज़र अवशोषण के संबंध में कथित विशेष ग्रेड के समान विशेषताएं हैं।

19. प्राधिकारी नोट करते हैं कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड एस-पीवीसी के केवल दो ग्रेडों का उत्पादन करता है, जिन्हें व्यापारिक बाजार में बेचा जाता है और साथ ही सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए कैप्टिव रूप से उपयोग किया जाता है। इसके अलावा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड के पास सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए दो संयंत्र हैं। पुराने संयंत्र में, डीसीडब्ल्यू लिमिटेड शुष्क प्रक्रिया का उपयोग करके संबद्ध सामानों का उत्पादन करता है, जिसमें वह कच्चे माल के रूप में एम-पीवीसी का उपयोग करता है। डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा चालू किया गया नया संयंत्र आर्द्र प्रक्रिया पर आधारित है, जिसमें आवेदक एस-पीवीसी और एम-पीवीसी दोनों का उपयोग करके सी-पीवीसी का उत्पादन करता है।

20. एपिग्रल ने डीसीडब्ल्यू के निवेशक आह्वान पर भरोसा जताया है, जिसमें उसने कहा है कि सी-पीवीसी के निर्माण के लिए विशेष गुणवत्ता वाले पीवीसी की आवश्यकता होती है। उत्तर में, घरेलू उद्योग ने स्पष्ट किया है कि निवेशक आह्वान डीसीडब्ल्यू द्वारा सी-पीवीसी के पहले संयंत्र का उल्लेख करते हैं, जिसमें वह सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए केवल बड़े पैमाने पर पीवीसी रेजिन का उपयोग कर रहा था। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि उस संयंत्र में भारी मात्रा में पीवीसी रेजिन का प्रयोग प्रौद्योगिकी आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित तकनीकी बातों और गारंटियों से नियंत्रित होता है। तदनुसार, वह उस संयंत्र में सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए पीवीसी सस्पेंशन रेजिन का उपयोग करने में असमर्थ था।

21. इसके अतिरिक्त, इस संबंध में, डीसीडब्ल्यू लिमिटेड की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्राधिकारी निम्नलिखित बातें नोट करते हैं:

> "*डीसीडब्ल्यू लिमिटेड की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बाजार की अनुकूल परिस्थितियों में अपने स्वयं के एस-पीवीसी (सस्पेंशन पीवीसी) को कच्चे माल के रूप में उपयोग करने की इसकी क्षमता में निहित है। यह क्षमता सीपीवीसी उत्पादन के लिए इनपुट की निरंतर गुणवत्ता और आपूर्ति की गारंटी देती है, जिससे बाजार में कंपनी की स्थिति और मजबूत होती है।*"

22. इस तर्क के संबंध में कि याचिका में घरेलू उद्योग द्वारा कोई कैप्टिव खपत नहीं बताई गई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने 28 मई 2025 को दायर अद्यतन आंकड़ों में डीसीएम श्रीराम लिमिटेड और डीसीडब्ल्यू लिमिटेड दोनों के लिए कैप्टिव खपत की सूचना दी थी।

| विवरण* | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| केमप्लास्ट कुड्डालोर विनाइल्स लिमिटेड | एमटी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| डीसीएम श्रीराम लिमिटेड | एमटी | *** | *** | *** | *** |
| डीसीडब्ल्यू लिमिटेड | एमटी | 0 | 0 | *** | *** |
| घरेलू उद्योग के लिए कुल | एमटी | *** | *** | *** | *** |
| घरेलू उद्योग के लिए कुल | एमटी | 100 | 119 | 138 | 161 |

| विवरण* | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| (एनसीवी में प्रदान किया गया) | | | | | |

* घरेलू उद्योग द्वारा दायर कैप्टिव खपत के आंकड़े।

23. एपिग्रल लिमिटेड ने अनुरोध किया है कि डीसीडब्ल्यू द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद का औसत कण आकार फॉर्मोसा द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद की तुलना में अधिक है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि फॉर्मोसा प्लास्टिक्स लिमिटेड ने अनुरोध किया है कि उसके द्वारा प्रस्तुत उत्पाद का औसत कण आकार भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित ग्रेड के औसत कण आकार से बड़ा है। इस प्रकार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस संबंध में एपिग्रल लिमिटेड और फॉर्मोसा प्लास्टिक्स कॉर्पोरेशन द्वारा विरोधाभासी अनुरोध किए गए हैं।

24. थाई प्लास्टिक्स एंड केमिकल्स पीएलसी और थाई पॉलीइथिलीन कंपनी लिमिटेड ने कहा है कि ग्रेड एसजी66जे और एसएफ58एस का उपयोग विशेष रूप से सी-पीवीसी में रूपांतरण के लिए किया जाता है। इसके विपरीत, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसे ग्रेडों के विनिर्देशन-तालिका के अनुसार, इन ग्रेडों का उपयोग सामान्य उद्देश्यों के लिए भी किया जा सकता है। एपिग्रल लिमिटेड द्वारा संलग्न ग्रेड एसएफ58एस और एसजी66जे के लिए तकनीकी आंकड़ा-तालिका में कहा गया है कि इन ग्रेडों का उपयोग ग्राहकों की संतुष्टि के संबंध में सामान्य उद्देश्यों से लेकर विशेष उत्पादों तक के लिए किया जा सकता है।

> *"एससीजीसी पीवीसी एसएफ58एस एक पॉलीविनाइल क्लोराइड होमोपॉलीमर है जिसका आणविक भार कम और छिद्रता अधिक होती है। एसएफ58एस एक सफ़ेद और मुक्त-प्रवाही रेजिन है जो सस्पेंशन पोलीमराइज़ेशन प्रक्रिया द्वारा निर्मित होता है। इस रेजिन का उपयोग क्लोरीनयुक्त पॉलीविनाइल क्लोराइड (सीपीवीसी) बनाने के लिए क्लोरीनयुक्त पॉलीविनाइल क्लोराइड प्रक्रिया में करने की अनुशंसा की जाती है। ग्राहकों की संतुष्टि के लिए इसके अनुप्रयोग सामान्य प्रयोजन से लेकर विशेष उत्पादों तक विस्तृत हैं।"*

*"एससीजीसी पीवीसी एसजी66जे एक मध्यम आणविक भार वाला पॉलीविनाइल क्लोराइड होमोपॉलीमर है। एसजी66जे एक सफ़ेद और मुक्त-प्रवाही रेजिन है जो सस्पेंशन पोलीमराइज़ेशन प्रक्रिया द्वारा निर्मित होता है। इस रेजिन को कई अनुप्रयोगों में आवश्यक वांछित गुण प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार के योजकों के साथ आसानी से मिश्रित किया जा सकता है। ग्राहकों की संतुष्टि के लिए इसके अनुप्रयोग सामान्य प्रयोजन से लेकर विशेष उत्पादों तक विस्तृत हैं।"*

25. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने सी-पीवीसी के विनिर्माण हेतु कई विशिष्ट ग्रेडों की पहचान की है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि सी-पीवीसी के विनिर्माण हेतु एस-पीवीसी के किसी विशिष्ट ग्रेड का उपयोग नहीं किया जाता है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा पहचाने गए ग्रेड मुख्यतः उन आयातकों द्वारा आयात किए जाते हैं जो सी-पीवीसी के उत्पादन में शामिल नहीं हैं। ग्रेड एसजी66जे और एसएफ85एस के संबंध में, 92% आयात उन आयातकों द्वारा किया जाता है जो सी-पीवीसी उत्पादन में शामिल नहीं हैं और जाँच अवधि के दौरान केवल 8% का आयात सी-पीवीसी उत्पादन के लिए किया गया है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि तथाकथित विशिष्ट ग्रेड, जिनके बारे में दावा किया जाता है कि वे केवल सी-पीवीसी उपयोग के लिए उपयुक्त हैं, का अन्य अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण मात्रा में एक दूसरे के स्थान पर उपयोग किया गया है।

| **क्र.सं.** | **आयातक** | **एसजी 66जे और एसएफ85एस के लिए मात्रा एमटी में** | **हिस्सा** |
|---|---|---|---|
| 1 | एपिग्रल लिमिटेड | *** | 1% |
| 2 | एमके इंडस्ट्रीज | *** | 7% |
| 3 | अन्य | *** | 92% |
| 4 | कुल | *** | 100% |

26. संयंत्र सत्यापन के दौरान, यह पाया गया कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड सी-पीवीसी के निर्माण के लिए अपने स्वयं के एस-पीवीसी ग्रेड पीआरओ65 का उपयोग कर रहा था। गहन जाँच और पूरी उत्पादन प्रक्रिया देखी गई। इसके अलावा, प्राधिकारी ने

डीसीडब्ल्यू लिमिटेड सहित विभिन्न उत्पादकों द्वारा निर्मित एस-पीवीसी के उपयोग के संबंध में संगत सूचना भी एकत्रित और सत्यापित की, जिसका उपयोग सी-पीवीसी के निर्माण के लिए किया गया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए पर्याप्त मात्रा में कैप्टिव रूप से उत्पादित एस-पीवीसी का प्रयोग किया है।

| क्र. सं. | **ग्रेड का नाम** | **उत्पादक का नाम** | **खपत की गई मात्रा (एमटी)** | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **जांच की अवधि** | **2023-24** | **अप्रैल'24-जन.'25** |
| 1 | पीवीसी रेज़िन (सस्पेंशन ग्रेड)-065 | डीसीडब्ल्यू लिमिटेड | *** | *** | *** |
| 2 | पीवीसी रेज़िन (बोतल ग्रेड)-057 | डीसीडब्ल्यू लिमिटेड | *** | *** | *** |
| 3 | पीवीसी रेज़िन सस्पेंशन ग्रेड-एलएस 100 एच | एलजी केम लिमिटेड | *** | - | - |
| 4 | सस्पेंशन पॉलीविनाइल क्लोराइड, ग्रेड एफएस-6701 | फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड | *** | - | - |
| 5 | पीवीसी सस्पेंशन रेज़िन, ग्रेड एसजी-660 | थाई प्लास्टिक्स एंड केमिकल्स लिमिटेड | *** | - | - |
| 6 | सस्पेंशन पीवीसी रेज़िन के6701 | केमप्लास्ट सनमार लिमिटेड | - | *** | *** |
| 7 | फॉर्मोसा बी57 | फॉर्मोसा प्लास्टिक्स | *** | *** | - |
| 8 | पीवीसी वेस्टलेक 1091 | वेस्टलेक केमिकल कॉर्पोरेशन | *** | *** | - |
| 9 | पीवीसी वेस्टलेक 123ओपी | वेस्टलेक केमिकल कॉर्पोरेशन | *** | *** | *** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | पीवीसी रेज़िन पी225 | ऑक्सीविनाइल | *** | *** | *** |
| 11 | पीवीसी रेज़िन पी1000 एसB | हन्वा सॉल्यूशंस | *** | *** | *** |
| 12 | पीवीसी रेज़िन एसजी66जे | थाई प्लास्टिक्स एंड केमिकल्स | *** | *** | *** |
| 13 | पीवीसी रेज़िन एसएफ58एस | थाई प्लास्टिक्स एंड केमिकल्स | *** | *** | *** |
| 14 | पीवीसी सस्पेंशन रेज़िन ग्रेड एफ-जे-65आर | असाहिमास केमिकल्स | *** | *** | - |
| 15 | पीवीसी रेज़िन फिटिंग ग्रेड 8010 | केमोन | - | *** | - |
| 16 | सस्पेंशन पीवीसी रेज़िन एस65सी | फॉर्मोसा प्लास्टिक्स | - | - | *** |
| 17 | पीवीसी रेज़िन फिटिंग ग्रेड पी 700 | हन्वा सॉल्यूशंस | - | *** | - |
| 18 | रिओन पीवीसी सस्पेंशन रेज़िन क 67 | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड | - | - | *** |
| | कुल | - | *** | *** | *** |
| | कैप्टिव खपत का हिस्सा | - | 19% | 15% | 53% |

27. चूँकि डीसीडब्ल्यू ने सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए एस-पीवीसी के घरेलू स्तर पर उत्पादित ग्रेड के साथ-साथ आयातित ग्रेड का भी उपयोग किया है, इसलिए प्राधिकारी नोट करते हैं कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने घरेलू ग्रेड और आयातित ग्रेड का परस्पर उपयोग किया है। इस प्रकार, प्राधिकारी नोट करते है कि संबद्ध देशों से आयातित विचाराधीन उत्पाद, घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद के साथ वाणिज्यिक और तकनीकी रूप से प्रतिस्थापनीय है। इस प्रकार, प्राधिकारी यह मानने का प्रस्ताव करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से ऐसे किसी भी ग्रेड को बाहर करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

28. प्राधिकारी नोट करते है कि भारतीय मानक ब्यूरो ने सी-पीवीसी से संबंधित "आईएस 17988:2022" जारी किया है। उक्त मानक का संगत सार नीचे दिया गया है।

> *"5.1 मूल रेजिन: सीपीवीसी रेजिन का निर्माण पीवीसी होमोपॉलीमर के क्लोरीनीकरण द्वारा किया जाता है जो आईएस 17658 के अनुरूप है।"*

प्राधिकारी नोट करते है कि यह मानक सी-पीवीसी के निर्माण के लिए एस-पीवीसी के किसी विशेष ग्रेड का उल्लेख नहीं करता है।

29. घरेलू स्तर पर उत्पादित एस-पीवीसी का उपयोग करके उत्पादित सी-पीवीसी की गुणवत्ता के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि गुणवत्ता में अंतर को उत्पाद की समानता या परस्पर परिवर्तनीयता पर विवाद के आधार के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। फिर भी, यह देखा गया है कि भारत में सभी घरेलू उत्पादक बीआईएस मानकों के अनुसार एस-पीवीसी का उत्पादन करते हैं और सभी घरेलू उत्पादकों के पास एस-पीवीसी के उत्पादन के लिए बीआईएस लाइसेंस हैं। इसके अतिरिक्त, केवल डीसीडब्ल्यू लिमिटेड के पास सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए बीआईएस लाइसेंस है। चूँकि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड बीआईएस मानकों के अनुसार एस-पीवीसी और सी-पीवीसी का उत्पादन कर रही है, इसलिए घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित एस-पीवीसी की गुणवत्ता पर कोई संदेह नहीं है।

30. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि सी-पीवीसी का उपयोग उन पाइपों के उत्पादन में किया जाता है जिनका उपयोग पेयजल के लिए किया जाता है और इसलिए, एस-पीवीसी के विशेष ग्रेड को बाहर करने की आवश्यकता है। प्राधिकारी ने पहले ही नोट किया है कि घरेलू उद्योग सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए प्रयुक्त संबद्ध सामानों के समान वस्तु की पेशकश करता है। इसके अलावा, सभी घरेलू उत्पादकों के पास 2021 के 17658 के तहत बीआईएस लाइसेंस हैं, जिसमें कहा गया है कि उत्पाद का उपयोग खाद्य पदार्थों, फार्मास्यूटिकल्स और पेयजल के संपर्क में किया जा सकता है। इसलिए, किसी भी ग्रेड को बाहर करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

31. मास पॉलीमराइजेशन प्रक्रिया, इमल्शन पॉलीमराइजेशन प्रक्रिया और माइक्रो-सस्पेंशन पॉलीमराइजेशन प्रक्रिया का उपयोग करके निर्मित पीवीसी को शामिल करने के लिए किए गए अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी जांच में, प्रारंभिक मद विचाराधीन उत्पाद को परिभाषित करना है, जो देश में पाटित किया जा रहा उत्पाद है। वर्तमान जांच में, विचाराधीन परिभाषित उत्पाद निलंबन प्रक्रिया का उपयोग करके उत्पादित विनाइल क्लोराइड मोनोमर का होमोपॉलीमर है। विचाराधीन परिभाषित उत्पाद के आधार पर, पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) के अनुसार समान वस्तु का निर्धारण किया जाता है।

> *"(घ) "समान वस्तु" से ऐसी वस्तु अभिप्रेत है जो भारत में पाटित किए जाने के कारण जांच के अंतर्गत वस्तु के सभी प्रकार से समरुप या समान है अथवा ऐसी वस्तु के न होने पर अन्य वस्तु जोकि यद्यपि सभी प्रकार से समनुरुप नहीं है परंतु जांचाधीन सामानों के अत्यधिक सदृश विशेषताएं रखती हैं।"*

इस प्रकार, विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में उन उत्पादों को शामिल करने के लिए परिभाषित किया गया है जिन्हें देश में पाटित किया जा रहा है और जिससे उसकी समान वस्तु के उत्पादन में लगे घरेलू उद्योग को क्षति हो रही है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि मास पॉलीमराइजेशन प्रक्रिया, इमल्शन पॉलीमराइजेशन प्रक्रिया और माइक्रो-सस्पेंशन पॉलीमराइजेशन प्रक्रिया का उपयोग करके निर्मित पीवीसी इस क्षेत्र में समान उत्पाद नहीं हैं। घरेलू उद्योग द्वारा प्राधिकारी के समक्ष ऐसा कोई आवेदन नहीं किया गया है कि इन्हें भारत में पाटित किया जा रहा है और क्षति हो रही है। इसलिए, प्राधिकारी मास पॉलीमराइजेशन प्रक्रिया, इमल्शन पॉलीमराइजेशन प्रक्रिया और माइक्रो-सस्पेंशन पॉलीमराइजेशन प्रक्रिया का उपयोग करके निर्मित पीवीसी को क्षेत्र में शामिल करने के अन्य हितबद्ध पक्षकारों के तर्क को स्वीकार करने में असमर्थ है।

32. अति-निम्न और अति-उच्च के-वैल्यू पीवीसी को बाहर करने के संबंध में किए गए अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते है कि इसे बाहर रखा गया था क्योंकि घरेलू उद्योग ने स्वीकार किया था कि वह उक्त ग्रेड के समान वस्तु की पेशकश नहीं करता है। तथापि, सी-पीवीसी के विनिर्माण हेतु प्रयुक्त एस-पीवीसी के मामले में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू स्तर पर उत्पादित उत्पाद का उपयोग सी-पीवीसी के

उत्पादन के लिए परस्पर रूप से किया जा सकता है। इस प्रकार, प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालने का प्रस्ताव करते हैं कि घरेलू उद्योग ने ऐसे ग्रेडों के समान वस्तु की पेशकश की है और ऐसे ग्रेडों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखने की कोई आवश्यकता नहीं है।

33. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि धारा 9क(1) के अनुसार, विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में शामिल न होने वाली किसी भी वस्तु पर पाटनरोधी शुल्क लगाने पर विचार नहीं किया जा सकता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा में शामिल नहीं किए गए उत्पादों पर वर्तमान जांच में विचार नहीं किया जा रहा है। तथापि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि सी-पीवीसी के विनिर्माण हेतु प्रयुक्त एस-पीवीसी वर्तमान जाँच में विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा में शामिल है।

34. एपिग्रल द्वारा प्रस्तुत परीक्षण रिपोर्ट के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने एसआईसीएआरटी के साथ एक पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें एसआईसीएआरटी ने कहा है कि उनकी परीक्षण सुविधा में केवल थोक घनत्व मूल्यांकन ही संभव है। किसी भी स्थिति में, प्राधिकारी ने अपना निर्णय इस तथ्य पर आधारित किया है कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए घरेलू स्तर पर उत्पादित एस-पीवीसी (कैप्टिव और अन्य घरेलू उत्पादकों द्वारा उत्पादित दोनों) के साथ-साथ आयातित एस-पीवीसी का परस्पर उपयोग किया है। इस प्रकार, प्राधिकारी का मानना है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से संबद्ध देशों से आयातित उत्पाद के साथ प्रतिस्थापनीय हैं।

35. एपिग्रल लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के संबंध में, जिसमें यह प्रमाणित किया गया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित एस-पीवीसी सी-पीवीसी आवश्यकता के लिए उपयुक्त नहीं है, प्राधिकारी घरेलू उद्योग द्वारा प्रदर्शित उस उद्देश्य के लिए वास्तविक उपयोग के तथ्य के आलोक में उसे मानने में असमर्थ हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि चूँकि घरेलू उद्योग वास्तव में घरेलू स्तर पर उत्पादित एस-पीवीसी का उपयोग करके सी-पीवीसी का निर्माण कर रहा है, इसलिए यह स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग संबद्ध देशों से आयातित ग्रेडों के समान वस्तु का उत्पादन कर रहा है।

36. सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों की जाँच और रिकॉर्ड में प्रस्तुत सामग्री का अवलोकन करने के पश्चात, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि पीवीसी सस्पेंशन रेजिन की कोई विशिष्ट, स्पष्ट रूप से पहचान योग्य श्रेणी नहीं है जो सी-पीवीसी रेजिन के निर्माण के लिए अद्वितीय हो। एपिग्रल लिमिटेड द्वारा सी-पीवीसी रेजिन के निर्माण के लिए विशेष रूप से दावा किए गए पीवीसी सस्पेंशन रेजिन का उपयोग अन्य अनुप्रयोगों के लिए किया जा सकता है और ऐसे अन्य पीवीसी रेजिन भी हैं जिनका उपयोग सी-पीवीसी रेजिन के निर्माण के लिए किया गया है। इसे देखते हुए, दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामान, पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) के क्षेत्र और अभिप्राय से, संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद के समान वस्तु हैं। अतः, प्राधिकारी यह मानने का प्रस्ताव करते हैं कि एपिग्रल लिमिटेड द्वारा दावा किए गए ग्रेड विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर किए जाने का औचित्य नहीं रखते हैं।

37. माननीय गुजरात उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार सी-पीवीसी के उत्पादन में प्रयुक्त ग्रेड को बाहर रखा जाना चाहिए, इस अनुरोध के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते है कि उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। ऐसे मामले में, उच्च न्यायालय के निर्देश का क्रियान्वयन अस्थायी रूप से तब तक के लिए स्थगित कर दिया गया है जब तक कि सर्वोच्च न्यायालय इस मामले पर सुनवाई करके आगे कोई निर्णय नहीं ले लेता।

38. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग के-57, के-60 और के-70 - के-77 का उत्पादन नहीं करता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड में उपलब्ध साक्ष्य के अनुसार, घरेलू उद्योग ने उक्त उत्पाद का उत्पादन किया है और व्यापारिक बाजार में बेचा है। अतः, इसे बाहर रखने की कोई आवश्यकता नहीं है।

39. भारत में के-57 की उपलब्धता के संबंध में कैप्रिहैंस द्वारा प्रदान किए गए पत्र के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस प्रकार का पत्र गोपनीय आधार पर प्रत्युत्तर अनुरोधों में प्रदान किया गया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड में उपलब्ध

साक्ष्य दर्शाते हैं कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने एथिलीन-आधारित उत्पादन पद्धति का उपयोग करके के-57 का उत्पादन किया है और जाँच अवधि के दौरान इसे घरेलू बाजार में वाणिज्यिक मात्रा में बेचा गया है। कैप्रिहैंस ने उत्पाद के औषधीय उपयोग के लिए आवश्यक कोई अन्य विनिर्देशन प्रदान नहीं किए हैं और यह भी निर्दिष्ट नहीं किया है कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा उत्पादित उत्पाद, संबद्ध देशों से आयातित उत्पाद द्वारा वाणिज्यिक और तकनीकी रूप से कैसे प्रतिस्थापनीय हैं।

40. जहाँ तक इस अनुरोध का संबंध है कि डीसीएम श्रीराम द्वारा उत्पादित के-57, प्रयुक्त कैल्शियम कार्बाइड प्रौद्योगिकी के कारण औषधीय अनुप्रयोगों के लिए उपयुक्त नहीं है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि विभिन्न प्रौद्योगिकी के उपयोग से उत्पाद की गुणवत्ता में कोई परिवर्तन होता है। किसी भी स्थिति में, रिकॉर्ड में उपलब्ध साक्ष्यों के अनुसार, के-57 का उत्पादन डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा एथिलीन उत्पादन पद्धति का उपयोग करके किया गया है। इस प्रकार, यह अनुरोध कि के-57 का निर्माण भारत में कैल्शियम कार्बाइड पद्धति का उपयोग करके किया जाता है, तथ्यात्मक रूप से गलत है। इसके अतिरिक्त, डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने जाँच अवधि के दौरान के-57 की पर्याप्त मात्रा बेची है। इस प्रकार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामानों में गुणवत्ता संबंधी कोई समस्या नहीं है।

| | विवरण | मात्रा (एमटी) |
|---|---|---|
| 1. | जांच की अवधि में डीसीडब्ल्यू द्वारा के-57 की बिक्री | *** |
| 2. | जांच की अवधि में डीसीडब्ल्यू द्वारा कुल बिक्री | *** |
| 3. | के-57 की बिक्री का हिस्सा | 38% |

41. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि चूँकि घरेलू उद्योग के-57 का निर्माण नहीं कर रहा है, इसलिए घरेलू उद्योग को कोई राजस्व हानि नहीं होगी। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने क्षति अवधि के दौरान के-57 का उत्पादन किया है। इसके अतिरिक्त, के-57 ग्रेड का उपयोग औषधीय प्रयोजनों के अलावा अन्य अनेक अनुप्रयोगों में किया जाता है। संबद्ध देशों से आयातित के-57

ग्रेड, घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित ग्रेड द्वारा व्यावसायिक और तकनीकी रूप से प्रतिस्थापित किया जा सकता है। अतः, प्राधिकारी इस कारण उसे बाहर करने का कोई आधार नहीं पाते।

42. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग द्वारा के-57 के उत्पादन और बिक्री के लिए किए गए साक्ष्य और सत्यापन को अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा किया जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसी सूचना व्यवसाय के प्रति संवेदनशील प्रकृति की है। ऐसी सूचना के प्रकटन से सबद्ध सामानों के घरेलू उत्पादकों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

43. पूर्वोक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद के निम्नलिखित क्षेत्र का निष्कर्ष निकालने का प्रस्ताव करते हैं।

*"विनाइल क्लोराइड मोनोमर (सस्पेंशन ग्रेड) का होमोपॉलीमर, जिसे पीवीसी सस्पेंशन रेज़िन भी कहा जाता है, सस्पेंशन पॉलीमराइज़ेशन प्रक्रिया द्वारा निर्मित होता है जिसका के-वैल्यू 55 से अधिक और 77 तक होता है।*

*वर्तमान जाँच में विचाराधीन उत्पाद में निम्नलिखित शामिल नहीं हैं:*
*i. अति-निम्न के-वैल्यू वाले पीवीसी सस्पेंशन रेज़िन (के-वैल्यू 55 तक)*
*ii. अति-उच्च के-वैल्यू वाले पीवीसी सस्पेंशन रेज़िन (के-वैल्यू 77 से अधिक)*
*iii. क्रॉस-लिंक्ड पीवीसी*
*iv. क्लोरीनयुक्त पीवीसी (सीपीवीसी),*
*v. विनाइल क्लोराइड - विनाइल एसीटेट कोपॉलीमर (वीसी-वीएसी),*
*vi. पीवीसी पेस्ट रेज़िन/इमल्शन रेज़िन*
*vii. मास पॉलीमराइज़ेशन पीवीसी*
*viii. पॉलीविनाइल क्लोराइड ब्लेंडिंग रेज़िन।*

*इसके अलावा, इमल्शन पॉलीमराइज़ेशन द्वारा निर्मित पीवीसी रेज़िन, बल्क मास पॉलीमराइज़ेशन द्वारा निर्मित पीवीसी रेज़िन, और माइक्रो सस्पेंशन पॉलीमराइज़ेशन प्रक्रिया द्वारा निर्मित पीवीसी रेज़िन भी विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर हैं।"*

44. संबद्ध सामान सीमा शुल्क वर्गीकरण 3904 10 20 के अंतर्गत सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की अनुसूची-I के अध्याय 39 के तहत वर्गीकृत हैं। तथापि विचाराधीन उत्पाद का आयात एचएस कोड 3904 10 90, 3904 21 00, 3904 10 10, 3904 22 00, 3904 90 10, 3904 90 90, 3904 30 00 और 3904 21 10 के अंतर्गत भी किया जा रहा है। तदनुसार, आवेदकों ने अनुरोध किया है कि वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ 4-अंकीय स्तर के एचएस कोड, अर्थात् 3904, पर विचार किया जाए। सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

45. इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालने का प्रस्ताव करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद, संबद्ध देशों से आयातित सामानों के समान वस्तु हैं। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देशों से आयातित उत्पाद, भौतिक एवं रासायनिक गुण-धर्मो, प्रकार्य एवं प्रयोग, उत्पाद विनिर्देशों, कीमत निर्धारण, वितरण एवं विपणन तथा सामानों के प्रशुल्क वर्गीकरण के संदर्भ में तुलनीय हैं। यद्यपि संबद्ध सामानों के उत्पादन में विभिन्न विनिर्माण प्रक्रिया/प्रौद्योगिकियां शामिल हैं, फिर भी अंतिम उत्पाद के विनिर्देश तुलनीय हैं और उनका उपयोग प्रयोग एक दूसरे के स्थान पर किया जाता है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से भारत में आयातित उत्पाद तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं, और उपभोक्ता दोनों का प्रयोग परस्पर परिवर्तनीय रूप से करते हैं। इसी के मद्देनजर, नियमावली के नियम 2(घ) के अनुसार, घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद को भारत में आयातित उत्पाद के समान वस्तु माना गया है।

46. वर्तमान जाँच पूरी करने की वैधानिक समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए वर्तमान अंतिम जांच परिणाम जारी किए जा रहे हैं। प्रस्तावित निर्णय इस मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अधीन होगा।

## घ. घरेलू उद्योग का क्षेत्र और आधार

### घ.1. <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

47. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और आधार के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. प्राधिकारी को सभी घरेलू उत्पादकों को यह स्पष्ट करने का निर्देश देना चाहिए कि वे याचिका का समर्थन कर रहे हैं या नहीं और क्षति मानदंडों के संबंध में सूचना प्रस्तुत करें।

ii. डीसीडब्ल्यू ने व्यापारियों से आयातित उत्पाद खरीदा है, जिसका अर्थ है कि उसने अप्रत्यक्ष रूप से संबद्ध सामानों का आयात किया है। डीसीडब्ल्यू की पात्रता की पुनः जाँच की जानी चाहिए।

iii. आवेदकों ने जाँच अवधि के दौरान किए गए आयातों का खुलासा नहीं किया है। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना की पर्याप्तता और सटीकता की जांच नहीं की है।

iv. आवेदकों ने जांच की अवधि के बाद सीधे विशेष ग्रेड का आयात करना शुरू कर दिया है, जो जाँच अवधि के दौरान संबद्ध कंपनियों के माध्यम से आयात किए जा रहे थे। यह पाटनरोधी नियमावली का उल्लंघन है।

v. भाग लेने वाले घरेलू उद्योग का उत्पादन में हिस्सा 34% है, जबकि भाग न लेने वाले उत्पादकों का कुल उत्पादन में 66% हिस्सा है। चूँकि उद्योग विखंडित नहीं है और लगभग 14 वर्षों से शुल्क लागू है, इसलिए केवल 50% से अधिक के हिस्से को ही प्रमुख अनुपात माना जाना चाहिए।

vi. रिलायंस और फिनोलेक्स को घरेलू उद्योग से बाहर रखना अनुचित है क्योंकि उनके आयात, संबद्ध आयात, मांग और उत्पादन की तुलना में नगण्य हैं और ऐसे उत्पादक संबद्ध सामानों के किसी निर्यातक या आयातक से संबद्ध नहीं हैं।

vii. रिलायंस जहां पहले की जांच में आवेदक था, वहीं फिनोलेक्स पीवीसी पेस्ट की चल रही जांच में समर्थक है। वर्तमान जांच में उनकी अपात्रता नहीं मानी जा सकती।

viii. हालांकि भारतीय बाजार में आरआईएल की दोहरी भूमिका है, अर्थात उत्पाद का उत्पादक और अपने नेटवर्क के माध्यम से वितरण के लिए उत्पाद का आयातक, फिर भी इसने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया है। इसके कारण

प्राधिकारी को भारत में बाजार की स्थितियों, कीमत निर्धारण व्यवहार और प्रतिस्पर्धी परिदृश्य की पूरी और सटीक समझ नहीं है।

ix. प्राधिकारी ने पहले भी कई मामलों में उन उत्पादकों को घरेलू उद्योग के रूप में योग्य माना है जिन्होंने संबद्ध सामानों का आयात किया था।

x. रिलायंस और फिनोलेक्स की अयोग्यता पर निर्णय लेने से पहले, प्राधिकारी को (i) घरेलू उत्पादकों द्वारा आयात की मात्रा की निरपेक्ष रूप से और कुल आयात के प्रतिशत के रूप में, (ii) कंपनी की आवश्यक वाणिज्यिक प्रकृति, चाहे वह उत्पादक हो या आयातक, (iii) आयात का कारण और (iii) घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति पर आयात के प्रभाव की जांच करनी चाहिए।

xi. रिलायंस और फिनोलेक्स संबद्ध सामानों के दो सबसे बड़े निर्माता हैं और इसलिए, उन्हें वर्तमान क्षति विश्लेषण के लिए अपनी सूचना प्रस्तुत करनी होगी, जैसा कि प्लेन एमडीएफ बोर्ड और पीवीसी सस्पेंशन ग्रेड के मामलों में किया गया था।

xii. रिलायंस और फिनोलेक्स का क्षति का अनुभव होने पर व्यापार सुधारात्मक उपाय करने का एक सुस्थापित इतिहास रहा है और इस प्रकार, वर्तमान मामलों में उनकी अनुपस्थिति कथित क्षति के संबंध में चिंता उत्पन्न करती है।

xiii. रिलायंस और फिनोलेक्स द्वारा पहले प्रदान किए गए आयातों के विवरण पर विचार नहीं किया गया है। प्रकटन में की गई यह टिप्पणी कि रिकॉर्ड में कोई नया तथ्य नहीं रखा गया है, गलत है। इसके अलावा, जबकि प्राधिकारी ने माना है कि आरआईएल और फिनोलेक्स द्वारा किए गए आयातों की जांच की गई है, आयातों का विस्तृत मूल्यांकन और उसके आधार का खुलासा नहीं किया गया है।

xiv. यद्यपि प्राधिकारी ने डीसीडब्ल्यू को उसके द्वारा किए गए आयातों के बावजूद पात्र माना है, आरआईएल और फिनोलेक्स को उनके आयातों के कारण अपात्र माना गया है। प्राधिकारी ने विरोधाभासी रुख अपनाया है क्योंकि डीसीडब्ल्यू और आरआईएल/फिनोलेक्स के क्रियाकलाप समान हैं।

जबकि प्राधिकारी ने नोट किया है कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने तकनीकी विचार के लिए नहीं बल्कि वाणिज्यिक विचार के लिए आयात किया है, आरआईएल और फिनोलेक्स ने भी वाणिज्यिक विचार के लिए आयात किया है।

xv. सीमलेस पाइप और ट्यूबों के आयात की पाटनरोधी जांच में, प्रमुख उत्पादक द्वारा सूचना प्रस्तुत करने में विफल रहने के कारण प्राधिकारी ने जांच समाप्त कर दी।

xvi. चूंकि यह उत्पादकों के एक ही समूह द्वारा चौथा आवेदन-पत्र है, इसलिए पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश करने से पहले रिलायंस और फिनोलेक्स की स्थिति का पूरी तरह से विश्लेषण करना प्राधिकारी का दायित्व है।

xvii. इस बात की जाँच की जानी चाहिए कि क्या आवेदकों के संबद्ध पक्षकार, जो निचले स्तर के सामानों के उत्पादन में लगे हैं, ने विचाराधीन उत्पाद को संबद्ध देशों से आयात किया है।

**घ.2. घरेलू उद्योग के विचार**

48. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और आधार के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. यह आवेदन-पत्र केमप्लास्ट कुड्डालोर विनाइल्स लिमिटेड, डीसीएम श्रीराम लिमिटेड और डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है।

ii. भारत में दो अन्य घरेलू उत्पादक हैं, अर्थात् फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड। अन्य घरेलू उत्पादकों ने जांच अवधि के दौरान संबंधित देशों से विचाराधीन उत्पाद का आयात किया है। इस प्रकार, ऐसे उत्पादकों को वर्तमान जांच में घरेलू उद्योग मानने के लिए पात्र नहीं माना जाना चाहिए।

iii. आवेदकों के पास अन्य उत्पादकों द्वारा किए गए आयातों के संबंध में सूचना नहीं है। प्राधिकारी फिनोलेक्स और आरआईएल द्वारा किए गए आयातों की जांच कर सकते हैं।

iv. केमप्लास्ट कुड्डालोर विनाइल्स लिमिटेड और डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ईडीसी मार्ग का उपयोग करके संबद्ध सामानों का उत्पादन करते हैं, जबकि डीसीएम श्रीराम लिमिटेड कार्बाइड मार्ग का उपयोग करके संबद्ध सामानों का उत्पादन करता है।

v. आवेदकों ने जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद का आयात नहीं किया है और वे भारत में किसी भी आयातक या संबद्ध देशों के किसी भी निर्यातक से संबद्ध नहीं हैं।

vi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, आवेदकों के पास ऐसे कोई संबंधित पक्षकार नहीं हैं जो आयातक हो सकते हैं।

vii. डीसीडब्ल्यू ने जांच की अवधि के दौरान पाटित वस्तु का आयात नहीं किया है, और केवल घरेलू बाजार में व्यापारियों से एस-पीवीसी खरीदा है। डीसीडब्ल्यू ने ऐसे सामानों के लिए प्रवेश बिल दायर नहीं किए, और उनका आयात आवेदक के निर्देशों के तहत नहीं किया गया था। इसलिए, वह नियम 2(ख) के प्रावधानों के अंतर्गत "आयातक" नहीं हैं।

viii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, आरआईएल/फिनोलेक्स द्वारा आयात और डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा खरीद के उद्देश्य की जांच करना आवश्यक है। जबकि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने निचले स्तर के उत्पाद के निर्माण के लिए विचाराधीन उत्पाद खरीदा है, आरआईएल और फिनोलेक्स ने भारत में व्यापार के लिए उत्पाद का आयात किया है।

ix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, प्राधिकारी ने सीमलेस पाइप और ट्यूब के आयात की जांच समाप्त कर दी क्योंकि एमएसएल लिमिटेड द्वारा समर्थन पत्र में दायर आंकड़ों में कोई क्षति नहीं दिखाई गई। हालाँकि, रिकॉर्ड में ऐसी कोई सूचना नहीं है जो दर्शाती हो कि रिलायंस और फिनोलेक्स को कोई नुकसान नहीं हो रहा है।

x. यह आरोप कि डीसीडब्ल्यू द्वारा एस-पीवीसी की खरीद के तथ्य को छिपाया गया था, उचित नहीं है, क्योंकि प्राधिकारी द्वारा किसी निर्धारित प्रारूप या अन्यथा के तहत ऐसी सूचना नहीं मांगी गई थी।

xi. यह आरोप कि एमके इंडस्ट्रीज डीसीडब्ल्यू लिमिटेड का एकमात्र व्यापारी है, सही नहीं है, क्योंकि डीसीडब्ल्यू ने पूर्व द्वारा आयातित मात्रा का केवल [***%] ही खरीदा है, जबकि शेष अन्य ग्राहकों को बेच दिया गया है।

xii. चूँकि डीसीडब्ल्यू ने सीपीवीसी के उत्पादन के लिए निजी तौर पर आयातित एस-पीवीसी का उपभोग किया है, इसलिए इसने पाटन में योगदान नहीं दिया है या खुद को इससे बचाया नहीं है। एपिग्रल ने भी अपने अनुरोधों में इसे स्वीकार किया था।

xiii. व्यापारियों से डीसीडब्ल्यू द्वारा खरीदी गई मात्रा भारत में उत्पादन, खपत और आयात के संबंध में नगण्य थी।

xiv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उत्पादकों द्वारा किए गए आयात के उद्देश्य पर ध्यान देना अनिवार्य है। आरआईएल और फिनोलेक्स ने वर्तमान मामले में पाटन से लाभ उठाने के लिए उत्पाद का आयात किया है।

xv. आरआईएल और फिनोलेक्स द्वारा वर्तमान जाँच में भाग लेने से इनकार करना, पाटित वस्तुओं का आयात जारी रखने के निहित स्वार्थ को दर्शाता है।

xvi. यदि अन्य घरेलू उत्पादकों को अपात्र माना जाता है, तो आवेदकों का भारत में समान वस्तु के उत्पादन में 100% हिस्सा है।

xvii. यदि अन्य घरेलू उत्पादकों को अपात्र नहीं माना जाता है, तो भी आवेदकों का भारत में घरेलू उत्पादन में प्रमुख उत्पाद है और इस प्रकार, पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) और नियम 5 के अनुसार अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।

xviii. प्राधिकारी ने पिछली कई जाँचों में उत्पादन में 30% हिस्सेदारी को प्रमुख अनुपात माना है। पिछली निर्णायक समीक्षा में भी, वर्तमान आवेदकों को घरेलू उद्योग माना गया था। ल्यूब्रिजोल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में न्यायाधिकरण ने माना कि प्रमुख अनुपात

कोई गणितीय गणना नहीं है, बल्कि एक ऐसे हिस्से को दर्शाता है जो कुल भारतीय उत्पादन में महत्वपूर्ण और काफी है।

xix. यह तथ्य कि अन्य घरेलू उत्पादक पिछली जाँच या किसी अन्य उत्पाद की जाँच में आवेदक या समर्थक थे, वर्तमान जाँच के लिए अप्रासंगिक है।

xx. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, जिस अवधि के लिए शुल्क लागू रहे हैं, वह घरेलू उद्योग बनने के लिए संगत नहीं हैं।

## घ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

49. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग निम्नलिखित रूप में परिभाषित हैः

> *"(ख) घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"*

50. केमप्लास्ट कुड्डालोर प्राइवेट लिमिटेड, डीसीएम श्रीराम लिमिटेड और डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने वर्तमान पाटनरोधी जाँच शुरू करने के लिए आवेदन-पत्र दायर किया है। आवेदकों ने अनुरोध किया है कि भारत में संबद्ध सामानों के दो अन्य उत्पादक हैं, अर्थात् फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड।

51. आवेदकों ने अनुरोध किया है कि अन्य घरेलू उत्पादकों ने जाँच अवधि के दौरान संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद का आयात किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य घरेलू उत्पादकों ने इस संबंध में कोई अनुरोध नहीं किया है। तदनुसार, प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम से प्राप्त आंकड़ों और आवेदकों द्वारा किए गए अनुरोधों पर भरोसा किया है। चूँकि फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड और रिलायंस इंडस्ट्रीज

लिमिटेड विचाराधीन उत्पाद के आयात में शामिल हैं, इसलिए प्राधिकारी उन्हें आधार निर्धारित करने के उद्देश्य से अपात्र मानने का प्रस्ताव करते हैं। यह नोट किया जाता है कि फिनोलेक्स द्वारा आयात उनके उत्पादन का [***]% है, और रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा आयात उनके उत्पादन के [***]% के बराबर है।

52. इसके अतिरिक्त, यदि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड को घरेलू उद्योग के रूप में पात्र माना जाता है, तब भी आवेदक का कुल भारतीय उत्पादन में प्रमुख उत्पाद है। इस प्रकार, आवेदक घरेलू उद्योग बने रहेंगे, भले ही फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को पात्र माना जाए।

53. इस अनुरोध के संबंध में कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने भारत में विचाराधीन उत्पाद का अप्रत्यक्ष रूप से आयात किया है और इस प्रकार, उसे घरेलू उद्योग के रूप में पात्र नहीं माना जा सकता, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक ने अनुरोध किया है कि उसने घरेलू बाजार में व्यापारियों से एस-पीवीसी खरीदा है। आवेदक ने यह भी अनुरोध किया है कि ऐसे उत्पाद का उपयोग सी-पीवीसी संयंत्र में परीक्षण उद्देश्यों के लिए किया गया है और जाँच की अवधि के दौरान कोई प्रत्यक्ष आयात नहीं हुआ है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक ने विचाराधीन उत्पाद घरेलू बाजार से खरीदा है और उसका आयात नहीं किया है। यदि ऐसी खरीद को आयात माना भी जाता है, तो रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना दर्शाती है कि भारत में कुल मांग, भारत में कुल उत्पादन और भारत में कुल आयात की तुलना में ऐसी खरीद नगण्य हैं।

| **विवरण** | **यूनिट** | **मात्रा** |
|---|---|---|
| व्यापारियों से एस-पीवीसी की कुल खरीद | एमटी | *** |
| भारत में कुल मांग | एमटी | 37,14,880 |
| मांग के सापेक्ष खरीद | % | 0.1% से कम |
| भारत में कुल उत्पादन | एमटी | 14,21,344 |
| उत्पादन के सापेक्ष खरीद | % | 0.1% से कम |
| भारत में कुल आयात | एमटी | 24,92,603 |
| आयात के सापेक्ष खरीद | % | 0.1% से कम |

54. कुछ पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने एमके इंडस्ट्रीज के माध्यम से एक विशिष्ट करार के तहत आयात किया है। हालाँकि, रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना के अनुसार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने एमके इंडस्ट्रीज द्वारा किए गए कुल आयात का केवल [***]% ही खरीदा है। जाँच अवधि के दौरान डीसीडब्ल्यू द्वारा घरेलू स्तर पर खरीदा गया कुल एस-पीवीसी [***] एमटी है, जिसमें से [***] एमटभ् एमके इंडस्ट्रीज से खरीदा गया था। इस प्रकार, डीसीडब्ल्यू लिमिटेड और एमके इंडस्ट्रीज के बीच कोई विशेष करार नहीं हो सकता।

| विवरण | यूनिट | कुल | डीसीडब्ल्यू को बेचा गया | अन्यों को बेचा गया |
|---|---|---|---|---|
| एमके इंडस्ट्रीज द्वारा जांच अवधि में आयात | एमटी | *** | *** | *** |
| | % | 100% | 9% | 91% |

55. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने आरआईएल और फिनोलेक्स के आयात विवरण उपलब्ध कराए हैं और उक्त उत्पादकों को घरेलू उद्योग माना जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह भी अनुरोध किया है कि आयात के बावजूद डीसीडब्ल्यू लिमिटेड को पात्र माना गया है, जबकि आरआईएल और फिनोलेक्स को अपात्र माना गया है। इस संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने घरेलू बाजार में व्यापारियों से संबद्ध सामानों की खरीद की है और उत्पाद का आयात नहीं किया है। इसके अतिरिक्त, डीसीडब्ल्यू लिमिटेड, आरआईएल और फिनोलेक्स द्वारा आयात की प्रकृति और उद्देश्य की जांच करना आवश्यक है। यद्यपि डीसीडब्ल्यू ने निचले स्तर के उत्पाद के विनिर्माण के लिए संबद्ध सामानों की खरीद की है, परंतु इसने घरेलू बाजार में उत्पाद का व्यापार नहीं किया है। इसकी तुलना में, आरआईएल और फिनोलेक्स ने विचाराधीन उत्पाद का व्यापार किया है और भारत में पाटन से खुद को बचाया है/इसमें योगदान किया है। इसके अतिरिक्त, दोनों घरेलू उत्पादकों ने प्राधिकारी के साथ सहयोग नहीं करना पसंद किया है।

56. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा खरीदी गई संबद्ध सामानों की मात्रा नगण्य है। इस प्रकार, जबकि डीसीडब्ल्यू को घरेलू उद्योग के रूप में पात्र माना गया है, घरेलू बाजार से खरीद, संबद्ध सामानों की खरीद का उद्देश्य और आयात की मात्रा को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी आरआईएल और फिनोलेक्स को अपात्र मानने का प्रस्ताव करते हैं।

57. किसी भी स्थिति में, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, यदि आरआईएल और फिनोलेक्स पर विचार भी किया जाता है, तो आवेदको का कुल उत्पादन में प्रमुख अनुपात है। इस अनुरोध के संबंध में कि 50% को प्रमुख अनुपात माना जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि नियम 2(ख) के अनुसार प्रमुख अनुपात का अर्थ महत्वपूर्ण, गंभीर या काफी है। इस प्रकार, प्रमुख अनुपात को गणितीय गणना नहीं माना जा सकता। सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण ने लुब्रीज़ोल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी [2005 (187) ई.एल.टी. 402 (ट्राई-डेल)] के मामले में यह माना कि प्रमुख अनुपात बनने के लिए 50% से अधिक होना आवश्यक नहीं है।

> *15.1 यहाँ हम ध्यान दें कि नियम 2(ख) में 'घरेलू उद्योग' को परिभाषित करने वाले "कुल उत्पादन का प्रमुख अनुपात" शब्दों का अर्थ कुल उत्पादन का एक प्रमुख अनुपात या महत्त्वपूर्ण भाग भी लगाया जा सकता है, जो आवश्यक रूप से 50% से अधिक नहीं हो सकता। ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के अनुसार, "प्रमुख अनुपात" शब्द का अर्थ "महत्वपूर्ण, गंभीर या काफी" है। इस संदर्भ में, "अनुपात" शब्द का अर्थ हिस्सा होगा। इसलिए, घरेलू उद्योग के कुल उत्पादन के संदर्भ में, "प्रमुख अनुपात" शब्द का अर्थ काफी या महत्त्वपूर्ण हिस्सा होगा। ऐसी व्याख्या स्पष्ट रूप से स्वीकार्य है और इसके अनुसार, कुल घरेलू उत्पादन में याचिकाकर्ता का हिस्सा, जो 31% से अधिक है, निस्संदेह एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, अर्थात उसका एक प्रमुख अनुपात। "कुल घरेलू उत्पादन का प्रमुख अनुपात" शब्दों को किसी समग्र के विभिन्न भागों के तुलनात्मक माप या आकार से संबंधित गणितीय योग को*

*हल करने के दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता। यह वाक्यांश घरेलू उत्पादकों के उत्पादन के संदर्भ में प्रयुक्त होता है और इसकी व्यापक व्याख्या की जा सकती है ताकि इसके व्यापक सामूहिक अर्थ को शामिल किया जा सके। ऐसा उत्पादन जो नियम 2(ख) के अनुसार, विनिर्माण में लगे उत्पादकों या ऐसे उत्पाद के विनिर्माण से जुड़ी किसी गतिविधि में लगे उत्पादकों द्वारा उत्पादित कुल घरेलू उत्पादन का एक महत्वपूर्ण या प्रमुख हिस्सा बनता है..."*

58. इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी की यह सतत् परिपाटी रही है कि वे प्रमुख अनुपात को महत्वपूर्ण अनुपात मानते हैं, न कि केवल उत्पादकों को, जो कुल घरेलू उत्पादन का 50% या उससे अधिक हिस्सा बनाते हैं। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने संबद्ध सामानों के आयातों पर अपनी पिछली जाँचों में वर्तमान आवेदकों को घरेलू उद्योग माना है, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने इसमें भाग नहीं लिया है।

59. आवेदकों की संबंधित कंपनियों द्वारा किए गए आयातों के बारे में किए गए अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच करने पर उन्हें ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला है कि आवेदकों की संबंधित कंपनियों ने उत्पाद का आयात किया है।

60. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदकों ने जाँच अवधि के दौरान संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद का आयात नहीं किया है और वे भारत में किसी आयातक या संबद्ध देशों के किसी निर्यातक से संबद्ध नहीं हैं।

61. पूर्वोक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालने का प्रस्ताव करते हैं कि आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत परिभाषित घरेलू उद्योग हैं और आवेदन-पत्र पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार आधार की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।

## ङ. <u>गोपनीयता</u>

### ङ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

62. गोपनीयता के दावों के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. प्राधिकारी द्वारा जारी प्रारंभिक जांच परिणाम में घरेलू उद्योग के उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग, बिक्री और बाजार हिस्सेदारी के वास्तविक आंकड़े प्रकट नहीं किए गए हैं, भले ही घरेलू उद्योग द्वारा इनका खुलासा किया गया हो। सर्वोच्च न्यायालय ने माना है कि निर्दिष्ट प्राधिकारी स्वयं किसी भी सूचना को गोपनीय होने का दावा नहीं कर सकते।

ii. आवेदकों ने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है क्योंकि वे बिक्री मूल्य, कैप्टिव खपत के लिए बिक्री मूल्य और कीमत, पीबीआईटी, ब्याज और वित्तीय लागत, मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय और क्षति रहित कीमत और सामान्य मूल्य की गणना के लिए समग्र आंकड़े साझा करने में विफल रहे हैं।

iii. आवेदकों ने दो अलग-अलग शीर्षों, अर्थात् घरेलू बिक्री - एसएसआई और एसएसआई के अलावा घरेलू बिक्री - के तहत बिक्री मात्रा, कीमत और मूल्य प्रदान नहीं किया है।

iv. घरेलू उद्योग ने उस उत्पादक का नाम प्रकट नहीं किया है जिसकी सूचना का उपयोग चीन को छोड़कर अन्य देशों के लिए सामान्य मूल्य की गणना करने के लिए किया गया है।

v. जबकि आवेदकों ने दावा किया है कि उन्होंने जांच अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद का आयात नहीं किया है, आयातों की सूचना प्रोफार्मा IV-क में दी गई है, जिसे गोपनीय बताया गया है।

vi. प्रभाव की गणना के लिए विचारित पाटनरोधी शुल्क की मात्रा का खुलासा नहीं किया गया है।

vii. आवेदकों ने याचिका में संपूर्ण वाक्यों को गोपनीय बताया है, जिसके कारण अन्य हितबद्ध पक्षकार प्रस्तुत सूचना को समझने में असमर्थ हैं।

viii. घरेलू उद्योग ने आवेदन-पत्र में उठाई गई धनराशि का विवरण नहीं दिया है।

ix. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित सूचना प्रदान न करके अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है: (i) आयात आंकड़े, (ii) तकनीकी विनिर्देशन, (iii) आवेदक की बिक्री क्षमता और उत्पादन, (iv) भारत में वास्तविक मांग, (v) विचाराधीन उत्पाद का वास्तविक आयात और (vi) अनुमानित वृद्धि और वास्तविक मंदी सिद्ध करने के लिए साक्ष्य। ऐसी कुछ सूचना वार्षिक रिपोर्ट में आसानी से उपलब्ध है।

x. जबकि आवेदक का संपूर्ण अनुरोध वास्तविक मंदी के दावे पर आधारित है, परियोजना रिपोर्ट के संबंध में दावा की गई पूर्ण गोपनीयता हितबद्ध पक्षकारों को अनुमानों की शुद्धता और वैधता के बारे में टिप्पणी करने से रोकती है।

xi. शटडाउन के संबंध में सूचना को पूरी तरह से गोपनीय नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

xii. प्राधिकारी को पाटन मार्जिन, क्षति मार्जिन और उत्पादन लागत के निर्धारण हेतु विस्तृत और गोपनीय गणनाओं का खुलासा करना चाहिए, क्योंकि सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकार से गोपनीयता का दावा नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त, निर्यातकों को यह स्पष्ट नहीं है कि ऐसी गणना के लिए किस सूचना का उपयोग किया जाता है।

xiii. रिलायंस और फिनोलेक्स द्वारा किए गए आयातों का विवरण किसी भी अनुरोध में नहीं दिया गया है।

xiv. लेन-देन-वार आयात आंकड़े, जिस रूप में उसे रिकॉर्ड में लिया गया था, सभी हितबद्ध पक्षकारों को दिए जाने चाहिए, जैसा कि एक्सोटिक डेकोर प्राइवेट लिमिटेड एवं अन्य बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में सेस्टैट द्वारा माना गया है।

xv. जिस वर्ष शटडाउन हुआ था, वह दिया जाना चाहिए क्योंकि यह संभव है कि घरेलू उद्योग शटडाउन के कारण हुए नुकसान से उबर रहा हो। यूरोपीय

संघ (फुटवियर) चीन मामले में पैनल के निर्णय के अनुसार, प्राधिकारी को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि उत्पादक आंकड़ों का एक उपयुक्त अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करें।

## ड.2 <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

63. गोपनीयता के दावे के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने गोपनीयता के संबंध में देर से अनुरोध किए हैं।

ii. कई विदेशी उत्पादकों ने भारत में अपने उत्पाद का निर्यात करने वाले व्यापारियों और निर्यातकों के नाम गोपनीय होने का दावा किया है।

iii. कई उत्पादकों/निर्यातकों ने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है क्योंकि उन्होंने वितरण और विपणन चैनल के साथ-साथ संबंधित कंपनियों के विवरण, समायोजन के रूप में दावा किए गए व्यय की प्रकृति, उत्पादन प्रक्रिया और कच्ची सामग्री के नाम का खुलासा नहीं किया है।

iv. उत्पाद सूची और ब्रोशर के साथ-साथ बेचे गए उत्पादों की सूची, जिसे नियमित रूप से ग्राहकों के साथ साझा किया जाता है, को गोपनीय बताया गया है।

v. कई पक्षकारों ने व्यापार सूचना 01/2013 के अनुसार गोपनीयता का औचित्य नहीं बताया है।

vi. कई उत्पादकों और निर्यातकों ने कंपनी संबद्धता, शेयरधारिता और उनके द्वारा निर्यात किए गए उत्पाद के उत्पादकों के नाम को गोपनीय बताया है।

vii. बीजक के बाद दी गई छूट का विवरण और प्रकृति को गोपनीय बताया गया है।

viii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने व्यापार सूचना 10/2018 की आवश्यकता का पालन नहीं किया है।

ix. फॉर्मोसा इंडस्ट्रीज (निंगबो) कंपनी लिमिटेड ने घरेलू उद्योग को इकाई के कामकाज में चीन सरकार की भागीदारी पर टिप्पणी करने में सक्षम बनाने के लिए संगठन चार्ट और संरचना प्रदान नहीं की है। शेयरधारकों की सूची, चीन में स्थित संबद्ध या असंबद्ध कंपनी से कच्ची सामग्री और यूटिलिटयों की खरीद की गई है या नहीं, कार्मिकों की भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया और शासकीय कानूनों का विवरण गोपनीय रखा गया है।

x. घरेलू उद्योग के उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग, बिक्री और बाजार हिस्सेदारी के वास्तविक आंकड़े प्राधिकारी द्वारा साझा किए जा सकते हैं।

xi. घरेलू उद्योग के पास डीजीसीआईएंडएस के आंकड़ों तक पहुंच नहीं है और इसलिए, इसे अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रदान नहीं किया जा सकता है। बाजार आसूचना आंकड़े तीसरे पक्षकार की सूचना है और इसलिए, इसे साझा नहीं किया जा सकता है। एक अगोपनीय आयात सारांश साझा किया गया है।

xii. घरेलू उद्योग ने पहले ही तकनीकी विनिर्देशन, वास्तविक क्षमता और उत्पादन, वास्तविक मांग और वास्तविक वृद्धि साझा कर दी है।

xiii. चूँकि वर्तमान जाँच में कोई वास्तविक मंदी नहीं है, इसलिए ऐसी कोई परियोजना रिपोर्ट नहीं है जिसे घरेलू उद्योग द्वारा साझा किया जा सके।

xiv. संयंत्र बंद होने के विवरण में वाणिज्यक स्वामित्व संबंधी सूचना शामिल है और इसलिए इसे अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा नहीं किया जा सकता।

xv. सीजीपीसी, सीजीपीसी पॉलिमर और फॉर्मोसा ने मात्रा में अंतर के समायोजन के संबंध में सूचना का खुलासा नहीं किया है, जिसका उद्देश्य घरेलू उद्योग को इस संबंध में अनुरोध करने से रोकना है।

xvi. ताइयो जैसे पक्षकारों ने दावा किया है कि उनके तर्क भी गोपनीय हैं, जिससे घरेलू उद्योग की प्रभावी उत्तर देने की क्षमता गंभीर रूप से बाधित होती है।

xvii. जबकि घरेलू उद्योग उत्पादन लागत और पाटन मार्जिन के लिए गोपनीय गणनाओं को निर्यातकों के साथ साझा करने पर आपत्ति नहीं करता है, क्षति मार्जिन की गणनाएँ घरेलू उद्योग के आंकड़ों पर आधारित हैं और उनका खुलासा नहीं किया जाना चाहिए।

xviii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के विपरीत, लेनदेन-वार डीजीसीआईएंडएस के आंकड़े घरेलू उद्योग के पास उपलब्ध नहीं है। घरेलू उद्योग ने बाजार आसूचना आंकड़ों पर भरोसा किया है और उसका अगोपनीय सारांश सभी हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध करा दिया गया है।

xix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग को क्षति अवधि के दौरान असामान्य शटडाउन का सामना नहीं करना पड़ा।

## ड.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

64. पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 में निम्नलिखित प्रावधान हैं:

*"7. गोपनीय सूचना:*

*(1) नियम 6 के उपनियमावली (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।*

*(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।*

*(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"*

65. सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना की गोपनीयता के दावों की पर्याप्तता के संबंध में जाँच की गई। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने गोपनीयता के दावों को, जहाँ भी आवश्यक हो, स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसका खुलासा नहीं किया गया है। जहाँ तक संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर देने का निर्देश दिया गया था।

66. सभी पंजीकृत हितबद्ध पक्षकारों की एक सूची डीजीटीआर की वेबसाइट पर अपलोड की गई थी, साथ ही उन सभी से अनुरोध किया गया था कि वे अपने अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को ईमेल करें।

67. घरेलू उद्योग द्वारा कुछ मानदंडों को साझा न करने संबंधी अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि कुछ मानदंड व्यापार सूचना संख्या 05/2021 द्वारा अधिसूचित आवश्यकताओं का हिस्सा नहीं हैं। घरेलू उद्योग द्वारा प्रकट न की गई कीमत निर्धारण संबंधी सूचना के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि ऐसी सूचना व्यापारिक स्वामित्व वाली प्रकृति की है और इसके प्रकटन से बाजार में उसके हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और आवेदकों द्वारा अन्य घरेलू उत्पादकों, निर्यातकों और उत्पाद के उपभोक्ताओं से ली जा रही कीमतों और उनके द्वारा रखे जा रहे मार्जिन का अनुमान उपलब्ध होगा। ऐसे औसत कीमत निर्धारण के प्रकटन से ग्राहकों को उनके द्वारा भुगतान की जा रही कीमतों की तुलना बाजार में औसत कीमत से करने का अवसर भी मिलेगा। अतः, प्राधिकारी ने इस संबंध में घरेलू उद्योग के गोपनीयता के दावे को स्वीकार कर लिया है।

68. इस अनुरोध के संबंध में कि समग्र रूप से घरेलू उद्योग के उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग, बिक्री और बाजार हिस्सेदारी के वास्तविक आंकड़े साझा किए जाने चाहिए थे, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इन्हें प्रकटन विवरण के साथ-साथ वर्तमान जांच परिणामों में भी साझा किया गया है। प्रारंभिक जांच परिणामों में ऐसी सूचना साझा न करने से किसी भी हितबद्ध पक्षकार के हित को कोई नुकसान नहीं पहुँचा है क्योंकि घरेलू उद्योग द्वारा इसे पहले ही साझा किया जा चुका है। किसी भी स्थिति में, सभी हितबद्ध पक्षकारों को इस पर टिप्पणी करने का अवसर प्रदान किया गया था क्योंकि प्रकटन विवरण में इसका खुलासा किया गया था।

69. प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने वर्तमान जाँच में गोपनीयता पर देर से टिप्पणियाँ दायर की हैं। जाँच की शुरूआत करने की अधिसूचना के अनुसार, जो भी हितबद्ध पक्षकार गोपनीयता पर टिप्पणियाँ प्रस्तुत करना चाहते थे, उन्हें अगोपनीय अनुरोध प्राप्त होने की तारीख से 7 दिनों के भीतर ऐसा करना था। हालाँकि, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने केवल लिखित अनुरोधों में ही टिप्पणियां दायर की हैं। इसलिए, वे अनुरोध समय-सीमा पार कर चुके हैं।

70. प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों ने कुछ ऐसी सूचनाओं के प्रकटन की माँग की है, जो व्यापारिक स्वामित्व वाली प्रकृति की हैं, या तीसरे पक्षकारों से प्राप्त की गई थीं और जिनका प्रकटन नहीं किया जा सकता। प्राधिकारी को संयंत्र बंद होने की अवधि जैसी सूचनाओं को गोपनीय बताने के लिए उचित कारण मौजूद लगते हैं। इसी प्रकार, क्षति मार्जिन, जो क्षति-रहित कीमत पर आधारित है, का प्रकटन नहीं किया जा सकता। प्राधिकारी यह भी पाते हैं कि घरेलू उद्योग ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को आयात आँकड़ों का एक उपयुक्त अगोपनीय रूपांतर प्रदान किया है। किसी भी स्थिति में, प्राधिकारी ने प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत आयात आँकड़ों पर भरोसा नहीं किया है और इसलिए, वर्तमान जाँच में किसी भी हितबद्ध पक्षकार के हित को कोई नुकसान नहीं पहुँचा है।

71. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने परियोजना रिपोर्ट पर गोपनीयता का दावा किया है और उसे साझा किया जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जाँच घरेलू उद्योग को हुई वास्तविक क्षति से संबंधित है, न कि वास्तविक मंदी से।

घरेलू उद्योग ने न तो परियोजना रिपोर्ट उपलब्ध कराई है और न ही उस पर भरोसा किया है। अतः, इस पर गोपनीयता का कोई दावा नहीं है।

72. आरआईएल और फिनोलेक्स द्वारा आयातों का विवरण साझा किए जाने संबंधी अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते है कि घरेलू उद्योग द्वारा ऐसी सूचना प्रदान नहीं की गई है। प्राधिकारी द्वारा डीजीसीआईएंडएस के आंकड़ों का उपयोग करके ऐसी सूचना का विश्लेषण किया गया है। चूंकि ऐसी सूचना अन्य घरेलू उत्पादकों की गोपनीय सूचना होती है, इसलिए इसे घरेलू उद्योग सहित हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा नहीं किया जा सकता।

## च. <u>विविध अनुरोध</u>

### च.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

73. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं:

i. आवेदकों द्वारा दायर किए गए आयात आंकड़ों को, जिस रूप और तरीके से रिकॉर्ड में लिया गया था, अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा किया जाना चाहिए।

ii. आवेदकों को प्राधिकारी द्वारा जांच की शुरुआत की अधिसूचना में विचार की गई जांच अवधि के लिए अद्यतन याचिका प्रस्तुत और परिचालित करनी चाहिए।

iii. वर्तमान जांच की शुरुआत निराधार है क्योंकि आवेदकों ने पाटनरोधी शुल्क शुरू करने की शर्त को साबित करने के लिए ठोस सबूत पेश नहीं किए हैं।

iv. आवेदक पाटनरोधी शुल्क का अनुचित लाभ उठा रहे हैं क्योंकि उत्पाद लंबे समय से पाटनरोधी शुल्क के अध्यधीन रहा है।

v. जांच की लंबी अवधि का चयन करने की आवश्यकता है क्योंकि आधार वर्ष के दौरान पीवीसी की कीमतें कम थीं और कोविड-19 के कारण काफी बढ़ गईं। कीमतें केवल 2023 में ही स्थिर हुई हैं।

vi. यदि प्राधिकारी शुल्क लगाने की सिफारिश करना उचित समझें, तो नमूना उत्पादकों की भारित औसत दर के आधार पर सीएनएसआईजी जिलंताई क्लोर-अल्कली केमिकल कंपनी लिमिटेड और यिबिन हैफेंग हेरुई कंपनी लिमिटेड के लिए शुल्क निर्धारित किया जाना चाहिए। क़िंगदाओ हैवान केमिकल कंपनी लिमिटेड और तियानजिन बोहुआ केमिकल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड को अंतिम जांच परिणामों में भी सहयोगी उत्पादक माना जाना चाहिए।

vii. उत्तरदाता उत्पादकों को यह सुनिश्चित करने के लिए अलग से एक वचनबद्धता प्रस्तुत करनी होगी कि पहुँच मूल्य क्षतिरहित कीमत से कम नहीं है।

viii. प्रारंभिक जांच परिणामों में निर्यातक को "सीएनएसआईजी जिलंताई क्लोर-अल्कली केमिकल कंपनी लिमिटेड" के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, जबकि इसे "सीएनएसआईजी जिलंताई क्लोर-अल्कली केमिकल कंपनी लिमिटेड" होना चाहिए। निर्यातक ने पहले ही इस तरह के सुधार का अनुरोध किया है।

ix. उत्पाद पर लगभग 14 वर्षों से शुल्क था, और घरेलू उद्योग ने शुल्क की समाप्ति के 2 वर्षों के भीतर शुल्क लगाने का अनुरोध किया है। वर्तमान जाँच प्रभावी रूप से एक तीसरी निर्णायक समीक्षा है और इसलिए शुल्क लगाना एक लंबी सुरक्षा होगी। यदि प्राधिकार द्वारा शुल्क की सिफारिश की जाती है, तो यह 30 महीने से कम समय के लिए होना चाहिए, जैसा कि दूसरी निर्णायक समीक्षा में किया गया था।

x. यूएस-ओसीटीजी में अपीलीय निकाय ने माना है कि पाँच वर्ष की अवधि से अधिक समय तक शुल्क जारी रहना एक अपवाद होना चाहिए। केवल कुछ समय बीत जाने के बाद, संबंधित आयातों पर फिर से शुल्क लगाना उचित नहीं है।

xi. 24 जून 2025 से लागू गुणवत्ता नियंत्रण आदेश, विचाराधीन उत्पाद के आयात को प्रतिबंधित करेगा। जबकि चीन के कई उत्पादक बीआईएस

लाइसेंस जारी करने के लिए आवेदन कर रहे हैं या आवेदन कर चुके हैं, सरकार उनके लिए प्रमाणन की प्रक्रिया नहीं कर रही है।

xii. कई देशों को निर्यात के बावजूद, संबंधित सामानों के निर्यात पर अन्य देशों द्वारा पाटनरोधी जाँच के शायद ही कोई उदाहरण हैं।

xiii. आशीर्वाद पाइप्स को संबंधित सामानों के आयात के संबंध में किसी भी कदाचार या गैरकानूनी परिपाटियों की सूचना नहीं है, न ही वह इसमें शामिल है या इससे जुड़ा है।

xiv. अपने प्रारंभिक जांच परिणामों में, प्राधिकारी ने केवल पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में ही निष्कर्ष निकाला है। प्राधिकारी ने इस बात की जाँच नहीं की है कि क्या जाँच प्रक्रिया के दौरान क्षति को रोकने के लिए अनंतिम शुल्क लगाना अनिवार्य है, जैसा कि पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 7.1 में अपेक्षित है।

xv. प्रारंभिक जांच परिणामों "किसी" या "सभी" मामलों में जारी नहीं किए जा सकते, बल्कि केवल "उपयुक्त मामलों" में ही जारी किए जा सकते हैं, जैसा कि पाटनरोधी नियमावली के नियम 12 में अपेक्षित है। जी.एम. एक्सपोर्ट्स में सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियों के अनुसार, उन मामलों को समझने के लिए पाटनरोधी करार का संदर्भ लिया जाना चाहिए, जो शुल्क लगाने के लिए "उपयुक्त" हैं।

xvi. निर्यातकों के नामों को सही किया जाना चाहिए क्योंकि प्रारंभिक जांच परिणामों में उनका गलत उल्लेख किया गया है।

xvii. निर्धारित शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए क्योंकि आयात अधिक कीमत पर होने पर भी प्रयोक्ता को यह शुल्क चुकाने के लिए बाध्य किया जाएगा। चूँकि आयात अपरिहार्य हैं, इसलिए संदर्भ कीमत शुल्क, यदि कोई हो, लगाया जाना चाहिए। संदर्भ कीमत तंत्र के दुरुपयोग संबंधी अनुरोध निराधार हैं क्योंकि इसके लिए प्रभावी निगरानी तंत्र मौजूद हैं।

xviii. क्षति मार्जिन की सीमा तक निश्चित कोटा या शुल्क लगाया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाजार कम कीमत वाले घटिया

माल से अटा न पड़े। शुल्क के ट्रिगर कीमत रूप को लगाया जा सकता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शुल्क लगाने से घरेलू उद्योग को कोई अनुचित लाभ न हो।

xix. पाटन मार्जिन तालिका में, "शिन दाई-इची विनाइल कॉर्पोरेशन" के नाम को "टोकुयामा कॉर्पोरेशन" से प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए, क्योंकि दोनों कंपनियों का विलय हो गया है और टोकुयामा अब उत्पादक है।

xx. प्राधिकारी ने समय से पहले सुनवाई की क्योंकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। एपिग्रल उच्च न्यायालय के अंतिम आदेशों के आधार पर प्राधिकारी के समक्ष अनुरोध प्रस्तुत करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

xxi. याचिकाकर्ताओं ने पाटनरोधी जाँच शुरू करने की शर्त को साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया है।

xxii. वर्तमान जांच को समाप्त किया जाना चाहिए क्योंकि प्राधिकारी ने नियम 17 के अनुसार एक वर्ष की अवधि के भीतर कोई जांच परिणाम जारी नहीं किया है। जांच की समयावधि बढ़ाने संबंधी केंद्र सरकार का कोई आदेश प्रकाशित नहीं हुआ है।

xxiii. प्रयोक्ता संघों के लिए प्रयोक्ता या आयातक प्रश्नावली के उत्तर के रूप में सूचना प्रस्तुत करना अनिवार्य नहीं है। नियम 6(4) के अनुसार, प्राधिकारी को हितबद्ध पक्षकारों से सूचना के लिए नोटिस जारी करने का विवेकाधिकार है, तथापि, ऐसा कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है।

**च.2 <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>**

74. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित विविध अनुरोध किए हैं:

i. विचाराधीन उत्पाद के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लंबे समय से लगाया जा रहा था क्योंकि विदेशो के उत्पादकों ने भारत में उत्पाद का लगातार पाटन किया है।

ii. इस अनुरोध का कोई आधार नहीं है कि वर्तमान जाँच एक तीसरी निर्णायक समीक्षा है। किसी भी स्थिति में, मूल जाँच में पाटनरोधी शुल्क लगाने का मानक निर्णायक समीक्षा की तुलना में अधिक है।

iii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के तर्क के विपरीत, प्राधिकारी ने पिछली निर्णायक समीक्षा में पाटनरोधी शुल्क जारी रखने की सिफारिश की थी क्योंकि घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हो रही थी। तथापि, वर्तमान जाँच में, पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति के बाद घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है।

iv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, विदेशी उत्पादकों की पाटन परिपाटियों के कारण भारत में पाटनरोधी शुल्क का लंबा इतिहास रहा है। चूंकि वर्तमान जांच एक मूल जांच है, इसलिए इसमें पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क का वास्तविक साक्ष्य है।

v. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, क्यूसीओ का उद्देश्य उत्पाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है, न कि घरेलू उद्योग को पाटन और क्षति की स्थिति से निपटना। इसके अलावा, कई विदेशी उत्पादकों को क्यूसीओ के तहत पहले ही लाइसेंस मिल चुके हैं।

vi. अन्य देशों द्वारा पाटनरोधी शुल्क लगाने के उदाहरणों का वर्तमान जांच पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, जहां पाटन और परिणामी क्षति सिद्ध हो चुकी है।

vii. घरेलू उद्योग ने वर्तमान जांच में प्रयोक्ताओं द्वारा किसी भी कदाचार में संलिप्तता का दावा नहीं किया है।

viii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को हो रही क्षति की तीव्रता पर एक विस्तृत प्रारंभिक जांच परिणाम दिया है, जो स्वयं ही अंतरिम पाटनरोधी शुल्क लगाने की आवश्यकता को दर्शाता है।

ix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, कानून प्रारंभिक जांच परिणामों जारी करने से पहले किसी विशेष परिस्थिति को पूरा करने की आवश्यकता नहीं रखता है। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और यूरोपीय

संघ सहित कई देशों में प्राथमिक जांच परिणामों को नियम के रूप में दर्ज करने की परिपाटी है।

x. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के विपरीत, प्राधिकारी ने वर्तमान जाँच में एक प्राथमिक जांच परिणाम जारी किया है।

xi. वर्तमान मामले में संदर्भ कीमत शुल्क उपयुक्त नहीं है क्योंकि विचाराधीन उत्पाद के लिए कच्चा माल कच्चे तेल का व्युत्पन्न है जो उतार-चढ़ाव के अधीन है। यदि कच्चे माल की कीमत बढ़ती है, तो शुल्क प्रभावी नहीं होगा और यदि कच्चे माल की कीमत घटती है, तो प्रयोक्ताओं को दंडित किया जाएगा क्योंकि उन्हें अधिक कीमत चुकानी होगी। प्रचालन परिपाटियों के मैनुअल में उल्लेख है कि संदर्भ कीमत शुल्क उन मामलों के लिए उपयुक्त नहीं है जहाँ कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव होता है।

xii. एआईपीएमए और ओपीपीआई ने जाँच में भाग लिया है, जिसमें एआईपीएमए ने 22,000 प्रयोक्ताओं का प्रतिनिधित्व करने का दावा किया है। हालाँकि, दोनों संघों एसोसिएशनों ने जांच में अपने प्रमाण सिद्ध नहीं किए हैं, जिससे यह पता चले कि उनके सदस्य उत्पाद के प्रयोक्ता हैं, और वे अपने अधिकांश सदस्यों के हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

xiii. न्यायाधिकरण ने यह भी माना है कि पक्षकारों को प्राधिकारी के समक्ष अपने साख प्रमाण-पत्र दर्शाए जाना आवश्यक है।

xiv. एसोसिएशनों ने बिना कोई सत्यापन योग्य आंकड़ा प्रदान किए अनुरोध किए हैं, जिससे जाँच प्रक्रिया का मज़ाक उड़ाया गया है। एसोसिएशनों के कम से कम कुछ सदस्यों को जाँच में आंकड़े प्रस्तुत करने चाहिए थे।

xv. केमप्लास्ट कुड्डालोर, प्लेक्सकॉन्सिल का सदस्य है और उसने अनुरोध किया है कि वह अपने द्वारा प्रस्तुत अनुरोध वापस ले, और सदस्यों से इनपुट प्राप्त करने के बाद ही कोई कार्रवाई करे। उत्तर में प्लेक्सकॉन्सिल ने कहा कि उसे रक्षोपाय जाँच में भाग लेने की अनुमति है, लेकिन उसने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि उसे पाटनरोधी जाँच में भाग लेने की

अनुमति है। यह स्पष्ट है कि कुछ सदस्य अपने स्वार्थ के लिए एसोसिएशन के मंच का दुरुपयोग कर रहे हैं।

xvi. प्लेक्सकॉन्सिल को वर्तमान जाँच में हितबद्ध पक्षकार के रूप में स्थिति प्राप्त नहीं है क्योंकि यह निर्यातकों की एक एसोसिएशन है। आयातकों या प्रयोक्ताओं के नहीं, और ऐसी ऐसोसिएशन द्वारा किए गए अनुरोधों पर विचार नहीं किया जाना चाहिए।

xvii. प्लेक्सकॉन्सिल अपनी वेबसाइट पर विभिन्न सरकारी प्राधिकारियों को दिए गए अपने अभ्यावेदनों को अपडेट करता है, लेकिन पाटनरोधी जाँच में दिए गए अनुरोध वेबसाइट पर प्लेक्सकॉन्सिल के अभ्यावेदन के रूप में सूचीबद्ध नहीं हैं। इससे पता चलता है कि दिए गए अभ्यावेदन अधिकृत नहीं थे, बल्कि प्लेटफ़ॉर्म का दुरुपयोग करने वाले कुछ सदस्यों द्वारा किए गए हैं।

xviii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, यह सुनवाई समय से पहले नहीं कही जा सकती क्योंकि माननीय उच्च न्यायालय ने जाँच पर रोक नहीं लगाई है। एपिग्रल लिमिटेड फ़ोरम शॉपिंग में संलग्न है, इसलिए वह उच्च न्यायालय के साथ-साथ प्राधिकारी के समक्ष भी यही अनुरोध कर रहा है।

xix अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, जांच केवल उपलब्ध कराए गए साक्ष्य की सटीकता और पर्याप्तता के संबंध में प्राधिकारी को पूरी तरह से संतुष्ट करने के बाद ही शुरू की गई है।

**च.3. <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>**

75. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग को आयात आँकड़े साझा करने चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने आवेदन-पत्र दायर करते समय अपनी बाजार आसूचना पर भरोसा किया है और आयात आँकड़ों का सारांश सभी हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा किया गया है। किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने आयात आँकड़ों के अगोपनीय रूपांतर में निहित सूचना का खंडन करने के लिए कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है।

76. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग को प्राधिकारी द्वारा जाँच की शुरुआत की अधिसूचना में तय की गई जाँच अवधि के आधार पर अद्यतन याचिका दायर करना आवश्यक है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने प्राधिकारी द्वारा विचारित जाँच अवधि के आधार पर अद्यतन आँकड़े प्रस्तुत और परिचालित किए हैं। जाँच की शुरुआत अधिसूचना के बाद घरेलू उद्योग के लिए अद्यतन याचिका दायर करने की कोई आवश्यकता नहीं है। पाटनरोधी जाँच शुरु करने के प्रयोजनार्थ पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 के अंतर्गत याचिका दायर की जाती है। तथापि, जाँच आरंभ होने के बाद, नियम 6 लागू हो जाता है, जिसके अंतर्गत घरेलू उद्योग को याचिका दायर करने की आवश्यकता नहीं होती है। किसी भी स्थिति में, अद्यतन आँकड़े सभी हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित कर दिए गए हैं और इसलिए, किसी भी हितबद्ध पक्षकार के हितों को कोई नुकसान नहीं पहुँचा है।

77. इस अनुरोध के संबंध में कि जाँच शुरू करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं था, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदकों ने पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क के *प्रथम दृष्टया* साक्ष्य प्रस्तुत किए थे। प्रस्तुत साक्ष्य की *प्रथम दृष्टया* जाँच करने और प्रस्तुत साक्ष्य की सटीकता और पर्याप्तता पर स्वयं को पूरी तरह संतुष्ट करने के बाद ही प्राधिकारी ने वर्तमान जाँच शुरू की। अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा ऐसी कोई सूचना प्रदान नहीं की गई है जिससे प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकाल सकें कि उनके द्वारा तैयार की गई *प्रथम दृष्टया* राय गलत थी।

78. प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जाँच में पूर्ण प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने वाले सभी उत्पादकों को सहयोगी माना गया है। इसके अतिरिक्त, गैर-नमूनाकृत उत्पादकों के लिए निर्धारित मार्जिन नमूनाकृत उत्पादकों के भारित औसत पर आधारित है।

79. इस तर्क के संबंध में कि आवेदक व्यापार सुधारात्मक उपायों का अनुचित लाभ उठा रहे हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि विभिन्न जाँचों में संबद्ध सामानों पर पाटनरोधी शुल्क लगाया गया है। पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क के साक्ष्यों से संतुष्ट होने पर प्राधिकारी द्वारा पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश की गई है। प्रत्येक जांच परिणाम में, प्राधिकारी ने संगत मानदंडों की जाँच की है और इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि

निर्यातकों ने पाटन के अनुचित व्यापार व्यवहार में लिप्त होकर घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचाई है। तदनुसार, पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश की गई थी।

80. इस अनुरोध के संबंध में कि वर्तमान जाँच को तीसरी निर्णायक समीक्षा माना जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जाँच एक मूल जाँच है। विचाराधीन उत्पाद के आयात पर पाटनरोधी शुल्क फरवरी 2022 में समाप्त हो गया था और उस समय निर्णायक समीक्षा नहीं की गई थी। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी, निर्णायक समीक्षा जाँच में, पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति की स्थिति में पाटन और क्षति की संभावना का विश्लेषण करते हैं, भले ही जाँच अवधि के दौरान कोई वास्तविक पाटन या क्षति न हुई हो। तथापि, वर्तमान जाँच में, प्राधिकारी ने पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क का विश्लेषण किया है।

81. इस अनुरोध के संबंध में कि उत्पाद पर लंबे समय से पाटनरोधी शुल्क लागू है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्रत्येक जाँच अपने आप में एक स्वतंत्र आधार रखती है और प्राधिकारी प्रत्येक मामले में कानून में परिकल्पित प्रक्रिया के अनुसार जाँच के अनुसरण में सिफारिशें करते हैं। प्राधिकारी इस सामान्य अनुरोध को समझने में असमर्थ हैं, जिसका कोई कानूनी आधार नहीं है।

82. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि यदि पाटनरोधी शुल्क लगाया जाता है, तो यह 30 महीने से कम अवधि के लिए होना चाहिए जैसा कि निर्णायक समीक्षा में किया गया था, और शुल्क संदर्भ कीमत के रूप में होना चाहिए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि यदि और जब वे इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि वर्तमान मामले में शुल्क लगाने की आवश्यकता है, तो वे उस अवधि और उसके स्वरूप पर विचार करेंगे जिसके लिए शुल्क की सिफारिश की जानी चाहिए।

83. इस अनुरोध के संबंध में कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू होगा और भारत में आयातों को प्रतिबंधित करेगा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश और पाटनरोधी शुल्क लगाने का उद्देश्य अलग-अलग है। जबकि क्यूसीओ का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि घरेलू बाजार में बेचे जा रहे उत्पाद की गुणवत्ता जारी मानकों के अनुसार हो और घरेलू उत्पादकों पर समान रूप से लागू हो, वहीं

पाटनरोधी शुल्क का उद्देश्य घरेलू उद्योग में पाटन और क्षति की स्थिति का समाधान करना है।

84. इस अनुरोध के संबंध में कि यद्यपि विचाराधीन उत्पाद का निर्यात अनेक देशों को किया जा रहा है, फिर भी किसी अन्य देश ने पाटनरोधी जांच नहीं की है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि अन्य देशों में की गई जांच से विदेशी उत्पादकों द्वारा अपनाए गए मूल्य भेदभावपूर्ण व्यवहार का संकेत मिल सकता है; ऐसी जांचों के अभाव का अर्थ भारत में पाटन का अभाव नहीं है।

85. आयातकों या प्रयोक्ताओं द्वारा कदाचार से संबंधित अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में घरेलू उद्योग सहित किसी भी हितबद्ध पक्षकार द्वारा ऐसा आरोप नहीं लगाया गया है।

86. प्रारंभिक जांच परिणाम जारी करते समय, प्राधिकारी ने प्रारंभिक रूप से पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क की जांच की है। प्रारंभिक जांच परिणामों में इन खातों की इनके निमित्त विस्तृत जांच निहित है। प्राधिकारी ने नोट किया कि संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के पाटन के कारण जाँच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग को भारी क्षति हुई। पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन सकारात्मक और काफी थे। प्राथमिक जांच परिणामों की विषयवस्तु अपने आप में अंतरिम उपाय लागू करने के लिए पर्याप्त औचित्य सिद्ध करती है।

87. इस अनुरोध के संबंध में कि प्रारंभिक जांच परिणाम "सभी" मामलों में जारी नहीं किए जा सकते, प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्रारंभिक जांच परिणाम का जारी होना पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 7 द्वारा शासित होता है। अनुच्छेद 7 में निर्धारित एकमात्र शर्तें हैं: (क) यह जाँच करार के अनुसार शुरू की गई थी, जिसमें सभी हितबद्ध पक्षकारों को उचित सूचना और अपने हितों की रक्षा का अवसर दिया गया था, (ख) पाटन और परिणामी क्षति के संबंध में प्रारंभिक सकारात्मक निर्धारण किया गया है, (ग) जाँच के दौरान होने वाली क्षति को रोकने के लिए उपायों को लागू करना आवश्यक है। चूँकि वर्तमान जाँच में उक्त सभी शर्तें पूरी होती हैं, इसलिए प्रारंभिक जांच परिणाम जारी करना उचित था।

88. प्राधिकारी ने वर्तमान अंतिम जांच परिणाम में, जहाँ लागू हो, निर्यातकों के नामों में सुधार किया है।

89. जहां तक इस अनुरोध का संबंध है कि जांच अवधि के बाद घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत में वृद्धि हुई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस तथ्य पर अलग से विचार नहीं किया जा सकता। बिक्री कीमत में केवल उतार-चढ़ाव यह सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं है कि भारत में संबद्ध सामानों का पाटन बंद हो गया है और घरेलू उद्योग को कोई वास्तविक क्षति नहीं हो रही है।

90. प्रयोक्ता एसोसिएशनों की भागीदारी के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि एसोसिएशन के सदस्य प्रयोक्ता प्रश्नावली के उत्तरों या आयातक प्रश्नावली के उत्तरों के रूप में सूचना प्रस्तुत करने में विफल रहे हैं। इसके अतिरिक्त, एसोसिएशनों ने कोई सत्यापन योग्य साक्ष्य प्रस्तुत किए बिना अनेक अनुरोध किए हैं। प्राधिकारी ने सभी प्रयोक्ता एसोसिएशनों द्वारा किए गए अनुरोधों को नोट कर लिया है और उन अनुरोधों को रिकॉर्ड में ले लिया है, जो साक्ष्य द्वारा समर्थित हैं। तथापि, जहां पक्षकारों ने बिना किसी सहायक सूचना के व्यापक बयान दिए हैं, प्राधिकारी ने ऐसे बयानों पर भरोसा करना उचित नहीं पाया है।

91. इस अनुरोध के संबंध में कि जाँच में समय से पहले सुनवाई की गई थी, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी जाँच समयबद्ध होती है और चूँकि माननीय उच्च न्यायालय ने वर्तमान जाँच में स्थगन आदेश जारी नहीं किया है, इसलिए प्राधिकारी जाँच की कार्यवाही करने के लिए बाध्य हैं।

92. प्रयोक्ता एसोसिएशनों ने अनुरोध किया है कि प्रयोक्ताओं या आयातकों की प्रश्नावली के उत्तर के रूप में सूचना प्रदान करना उन पर कोई दायित्व नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि केवल उन्हीं अनुरोधों को प्राधिकारी द्वारा स्वीकार किया जा सकता है जो साक्ष्य या आंकड़ों द्वारा समर्थित हों।

93. इस अनुरोध के संबंध में कि वर्तमान जाँच को समाप्त कर दिया जाना चाहिए क्योंकि एक वर्ष की अवधि के भीतर अंतिम जांच परिणाम जारी नहीं किए गए हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी नियमावली के नियम 17 के अनुसार प्राधिकारी द्वारा 6 महीने का समय बढ़ाया गया था।

## छ. <u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन</u>

### छ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

94. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. घरेलू उद्योग द्वारा निर्धारित पाटन मार्जिन बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है और सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन निर्धारित करने के लिए निर्यातकों के वास्तविक आंकड़ों का उपयोग किया जाना चाहिए।

ii. चीन को गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था नहीं माना जा सकता। चीन को गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था मानने की परिपाटी 11 दिसंबर 2016 को समाप्त होने वाली थी।

iii. यूरोपीय संघ के विरुद्ध फास्टनर मामले में अपीलीय निकाय की रिपोर्ट ने इस बात का मज़बूत औचित्य प्रदान किया है कि चीन जन.गण. को स्वतः ही बाज़ार-अर्थव्यवस्था का दर्जा प्राप्त हो जाना चाहिए।

iv. "पैक्टा संट सर्वंदा" के सिद्धांतों का पालन करते हुए, भारत अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत चीन जन.गण. को एक बाज़ार अर्थव्यवस्था के रूप में मान्यता देने के लिए बाध्य है। चीन के अभिगम नयाचार का अनुच्छेद 15 स्पष्ट रूप से सिद्ध करता है कि कोई भी देश 11 दिसंबर 2016 के बाद चीन जन.गण. को गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था नहीं मान सकता। भारत के पास इसके विपरीत करने का कोई कानूनी आधार नहीं है।

v. नमूनाकरण अधिसूचना पर टिप्पणी दर्ज करने के लिए हितबद्ध पक्षकारों को पर्याप्त समय नहीं दिया गया है।

vi. वानहुआ केमिकल (फ़ुज़ियान) कंपनी लिमिटेड और वानहुआ पेट्रोकेमिकल (यंताई) कंपनी लिमिटेड के लिए अलग-अलग मार्जिन निर्धारित किया जाना चाहिए, क्योंकि नमूनाकरण प्रक्रिया आरंभ की तारीख से 80 दिनों की समाप्ति के बाद की गई है। इसलिए, मैनुअल में निर्धारित समय सीमा को देखते हुए, नमूनाकरण में देरी हुई है।

vii. यदि नमूनाकरण किया भी जाता है, तो वानहुआ का नमूना लिया जाना चाहिए क्योंकि इसका उच्च गुणवत्ता वाला एथिलीन-आधारित पीवीसी रेज़िन भारत को उच्च कीमतों पर निर्यात किया जाता है। वर्तमान में नमूना लिए गए उत्पादकों का भारित औसत वानहुआ पर लागू करने से भारतीय ग्राहकों के लिए आपूर्ति चैनलों की स्थिरता और गुणवत्ता को नुकसान होगा। इसके अलावा, वानहुआ द्वारा निर्यात की गई मात्रा नमूना लिए गए उत्पादकों के बराबर है।

viii. तियानजिन का अलग मार्जिन के लिए नमूना लिया जाना चाहिए क्योंकि भारतीय बाजार में इसकी काफी हिस्सेदारी है, यह संबद्ध सामानों का नियमित आपूर्तिकर्ता है, और इसके निर्यात नमूनाकृत निर्यातकों द्वारा किए गए निर्यात के बराबर हैं।

ix. तियानजिन और फॉर्मोसा इंडस्ट्रीज (निंगबो) कंपनी लिमिटेड, नमूना कंपनियों के विपरीत, 100% एफडीआई कंपनियां हैं और बाजार अर्थव्यवस्था की परिस्थितियों में काम करती हैं। फॉर्मोसा ने एक बाजार अर्थव्यवस्था उपचार प्रश्नावली भी दायर की है।

x. चीन के लिए अधिसूचित नमूना कंपनियां उत्तरी चीन में स्थित हैं। यिबिन हाइफेंग हेरुई कंपनी (अपने संबद्ध व्यापारियों के साथ) दक्षिण चीन में स्थित हैं और अलग-अलग लागतों और बिक्री कीमतों पर काम करती हैं। यूबिन हेरुई, यिबिन तियानयुआन और यिबिन तियानयुआन मैटेरियल्स को नमूने में शामिल किया जाना चाहिए।

xi. पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 6.10.2 के अनुसार, प्राधिकारी को स्वैच्छिक प्रतिक्रियाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए।

xii. नमूना पद्धति केवल निर्यात मात्रा पर निर्भर करती है और विभिन्न प्रकार की कंपनियों या उनकी परिचालन स्थितियों को ध्यान में नहीं रखती है।

xiii. प्राधिकारी ने 69 भाग लेने वाली कंपनियों में से केवल तीन उत्पादकों का चयन किया है, जिसके परिणामस्वरूप एक विषम और गैर-प्रतिनिधित्वपूर्ण परिणाम सामने आया है। जूट उत्पादों के आयात की जाँच में, प्राधिकारी ने भारत को निर्यात मात्रा के उच्चतम, मध्यम और निम्न बैंडों में उत्तरदाता निर्यातकों से नमूने चुने, और कुल 19 निर्यातकों का चयन किया। इसके विपरीत, वर्तमान मामले में, प्राधिकारी ने केवल 3 सबसे बड़े निर्यातकों पर विचार किया है।

xiv. तोकुयामा कॉर्पोरेशन ने नमूनाकरण अधिसूचना पर अनुरोध दाखिल करने के लिए समय-सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया, लेकिन उसे अस्वीकार कर दिया गया, जिससे अनुचित पूर्वाग्रह उत्पन्न हुआ है। किसी भी स्थिति में, तोकुयामा ने अलग मार्जिन के निर्धारण का अनुरोध करते हुए अनुरोध दायर किए, जिन पर प्राधिकारी द्वारा न तो विचार किया गया और न ही उनका समाधान किया गया।

xv. प्राधिकारी ने अमेरिका और जापान के भाग लेने वाले समूहों की संख्या में समानता के बावजूद, अमेरिका के उत्पादकों/निर्यातकों के लिए नमूनाकरण नहीं किया है। जापान के उत्पादकों का नमूनाकरण, न कि अमेरिका का, नियम 17(3) के अंतर्गत दायित्व के विपरीत विवेकाधिकार को दर्शाता है।

xvi. नमूनाकरण नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि संबद्ध सामान कई ग्रेडों के हैं, जिनका उत्पादन सभी उत्पादकों द्वारा नहीं किया जाता है।

xvii. कई संबद्ध देशों के साथ पिछली जाँचों में नमूनाकरण नहीं किया गया था।

xviii. ताइवान, चीन जन.गण., इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, मलेशिया, थाईलैंड और अमेरिका से पीवीसी की निर्णायक समीक्षा जांच में, केवल चीन के उत्पादकों के लिए नमूनाकरण किया गया था।

xix. यदि प्राधिकारी तियानजिन एलजी बोहाई को नमूना उत्पादकों के भाग के रूप में मानने के अनुरोध को स्वीकार नहीं करते हैं, तो वे तियानजिन

बोहुआ केमिकल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड पर लागू शुल्क लगा सकते हैं। यह आवश्यक है क्योंकि निर्यातक भारत के लिए उच्च कीमतें बनाए रखता है। वैकल्पिक रूप से, प्राधिकारी पाटनरोधी शुल्क की गणना के लिए एथिलीन आधारित उत्पादकों और कोयला आधारित उत्पादकों के बीच विभाजन कर सकते हैं क्योंकि ऐसे उत्पादकों के लिए पाटन मार्जिन अलग-अलग होने की संभावना है।

xx. चूंकि प्राधिकारी ने ताइयो विनाइल को असहयोगी माना है, इसलिए टोकुयामा कॉर्पोरेशन के लिए अलग पाटन मार्जिन का निर्धारण प्राधिकारी पर अनावश्यक रूप से बोझिल नहीं होगा।

xxi. शिनफा ने 49 निर्यातकों के माध्यम से भारत को संबद्ध सामानों का निर्यात किया है, जिनमें से 13 ने वर्तमान जाँच में सहयोग किया है। शेष निर्यातकों को भाग लेने के लिए बाध्य करना व्यवहार्य नहीं है क्योंकि उन्होंने केवल छोटी मात्रा में निर्यात किया है, और सभी की भागीदारी की आवश्यकता अनुचित है। असहयोगी निर्यातकों के माध्यम से निर्यात के लिए पहुँच कीमत और निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों पर आधारित नहीं होना चाहिए, बल्कि उपलब्ध सूचना के आलोक में संशोधित की जानी चाहिए।

xxii. विभिन्न उत्पादकों के लिए अलग-अलग दृष्टिकोण अपनाए गए हैं, इस संदर्भ में कि क्या निर्यात कीमत उत्पादक द्वारा संबंधित निर्यातक को, या संबंधित निर्यातक द्वारा असंबद्ध ग्राहक पर लगाए जाने वाली कीमत पर आधारित होगी।

xxiii. यद्यपि फॉर्मोसा ताइवान ने वर्तमान जाँच में भाग लिया है, लेकिन इसके संबद्ध पक्षकार फॉर्मोसा यूएसए ने जाँच अवधि के दौरान प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत को निर्यात नहीं किया है और इसलिए, कोई प्रतिक्रिया दायर करने में विफल रहा है।

xxiv. फॉर्मोसा प्लास्टिक्स कॉर्पोरेशन ने रिलायंस इंटरनेशनल लिमिटेड के माध्यम से थोड़ी मात्रा में निर्यात किया है। निर्यातक ने सहयोग की पुष्टि करने के बावजूद, एफपीसी ताइवान की तीसरे देश की कीमत को नुकसान पहुँचाने

के प्रयास में जानबूझकर भाग नहीं लिया है। कृपया ऐसे निर्यातों के लिए उपलब्ध तथ्यों पर विचार न करें।

xxv. इटोचू द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों को उन उत्पादकों के लिए पहुँच कीमत की गणना के लिए विचार किया जाना चाहिए जिनसे उसने विचाराधीन उत्पाद प्राप्त किया है।

xxvi. प्राधिकारी को ताइयो विनाइल को अपने प्रश्नावली के उत्तरों को सुधारने और उत्पादक के लिए अलग मार्जिन निर्धारित करने की अनुमति देनी चाहिए जैसा कि जिप्सम बोर्ड, टाइल्स, टेलीस्कोपिक चैनल ड्रॉअर स्लाइडर और ग्राइंडिंग मीडिया बॉल्स के मामलों में किया गया है।

xxvii. प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे टोकुयामा कॉर्पोरेशन, ताइयो विनाइल, शिन-एत्सु, कनेका, पीटी. असाहिमास, एसीजी विनीथाई, पीटी टीपीसी इंडो प्लास्टिक्स, टीपीसी टीपीई, वेस्टलेक, शिनटेक और ऑक्सी विनाइल के लिए अलग मार्जिन निर्धारित करें।

xxviii. विचाराधीन उत्पाद की वर्तमान बाजार कीमत मौजूदा बाजार गतिशीलता के अनुरूप है और यह पाटन नहीं है।

xxix. ऐतिहासिक कीमतों के बजाय वर्तमान बाजार वास्तविकताओं के आधार पर कीमत निर्धारण करना महत्वपूर्ण है।

xxx. जांच की अवधि और क्षति अवधि के दौरान निर्यात किए गए संबद्ध सामानों के पाटन में हनव्हा शामिल नहीं है।

xxxi. हनव्हा अपने आंकड़ों के ऑन-साइट सत्यापन के लिए तैयार है।

xxxii. प्रारंभिक जांच परिणामों की तुलना में प्रकटन विवरण में नमूना उत्पादकों के निर्यात कीमत और पहुँच कीमत में परिवर्तन हुआ है। प्राधिकारी ने इस परिवर्तन का कोई कारण नहीं बताया है।

xxxiii. कोरियाई मूल के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क नहीं लगना चाहिए। पिछली पाटनरोधी जांच और निर्णायक समीक्षा में भी, कोरियाई उत्पादकों को भारत में पाटन नहीं करते पाया गया था। कोरिया में घरेलू बिक्री कीमत

अधिक है क्योंकि बाजार अल्पाधिकार वाला है और घरेलू मांग पूरी तरह से घरेलू उत्पादकों द्वारा पूरी की जाती है। एलजी केम भारतीय बाजार में उच्च कीमत  बनाए रखता है और एलजी केम के लिए सकारात्मक मार्जिन केवल ग्रेड-वार तुलना के अभाव के कारण है। चूँकि एलजी और हन्वा घरेलू बाजार और भारत को निर्यात में समान कीमतें रखते हैं, इसलिए हन्वा के मार्जिन एलजी केम पर भी लागू होने चाहिए।

xxxiv. एलजी केम के दावों के विपरीत, एलजी केम की उत्पादन लागत हन्वा से अधिक है क्योंकि यह हन्वा की तुलना में कम क्षमता उपयोग पर प्रचालित होती है। यह इस तथ्य से भी स्पष्ट है कि एलजी केम की घरेलू बिक्री घाटे में चल रही है। इसलिए, हन्वा के लिए निर्धारित मार्जिन एलजी केम पर लागू नहीं हो सकते।

## छ.2 <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

95. घरेलू उद्योग द्वारा सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. चीन के अभिगम नयाचार के अनुच्छेद 15(क)(i) के अनुसार चीन जन.गण. को एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था माना जाना चाहिए, और सामान्य मूल्य नियमावली  के अनुबंध I के पैरा 7 के अनुसार निर्धारित किया जाना चाहिए।

ii. चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य [***] की उत्पादन लागत के आधार पर निर्धारित किया गया है, जिसे बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्ययों और उचित लाभ के लिए विधिवत समायोजित किया गया है।

iii. अन्य संबद्ध देशों के लिए सामान्य मूल्य [***] की उत्पादन लागत के आधार पर निर्धारित किया गया है, जिसे बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्ययों और उचित लाभ के लिए विधिवत समायोजित किया गया है।

iv. आवेदकों ने कारखानागत निर्यात कीमत निर्धारित करने के लिए समुद्री भाड़ा, समुद्री बीमा, कमीशन, बंदरगाह व्यय, बैंक शुल्क और अंतर्देशीय माल ढुलाई के संबध में समायोजन किया है।

v. पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी है।

vi. चीन के 28 उत्पादकों/निर्यातकों और जापान के 5 उत्पादकों/निर्यातकों ने हितबद्ध पक्षकार सूची के अनुसार प्रश्नावली के उत्तर दाखिल किए हैं, जो अलग निर्धारण की अनुमति देने के लिए एक बड़ी संख्या है।

vii. कुछ पक्षकारों द्वारा निर्यात कीमत की कम मात्रा को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि उनके उत्पाद प्रोफ़ाइल और निर्यात पैटर्न, उत्पाद प्रोफ़ाइल और समयावधि दोनों के संदर्भ में, भारत में निर्यात का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

viii. अतीत में, चीनी उत्पादक, जिनकी जाँच अवधि में निर्यात मात्रा नगण्य रही है, व्यक्तिगत रूप से कम शुल्क मिलने के बाद, भारतीय बाजार में बाढ़ ला देते हैं, जैसा कि पीईटी रेजिन के मामले में होता है।

ix. नमूनाकरण में वैश्विक मानदंड अधिकतम तीन कंपनियों पर विचार करना है:

क. भारत से सिरेमिक टाइल्स में, यूरोप ने मूल रूप से तीन कंपनियों पर विचार किया और चौथे स्थान पर स्थित कंपनी के आक्रामक प्रतिनिधित्व के बाद भी नमूनाकरण का आकार चार कंपनियों तक बढ़ाने से इनकार कर दिया।

ख. कनाडा से वुड पल्प में, एमओएफसीओएम ने तीसरे स्थान पर स्थित कंपनी के लिए अलग रूप से पाटन मार्जिन निर्धारित करने से इनकार कर दिया, भले ही पहले तीन स्थानों पर स्थित कंपनियां लगभग समान मात्रा में निर्यात कर रही थीं।

ग. सिरेमिक टाइल्स और सैनिटरीवेयर में, जीसीसी ने दो कंपनियों को आरक्षित रखते हुए तीन कंपनियों का नमूना लिया, जैसा कि जीसीसी में परिपाटी का मानक है।

घ. संयुक्त राज्य अमेरिका दो से अधिक कंपनियों को 'अनुचित रूप से बोझिल' मानता है। भारत से क्वार्ट्ज़ सरफेस के मामले में, विचाराधीन

50 कंपनियों में से केवल दो कंपनियों के लिए ही पाटन मार्जिन की जाँच और निर्धारण किया गया था, जिसके परिणाम अन्य कंपनियों पर भी लागू किए गए थे।

x. स्वैच्छिक आधार पर प्रश्नावली का उत्तर दायर करना अलग पाटन मार्जिन निर्धारित करने का आधार नहीं हो सकता।

xi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के विपरीत, नमूनाकरण करने के लिए कानून में कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं है।

xii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, विशिष्ट ग्रेड का निर्यात नमूनाकरण में शामिल करने का आधार नहीं है। इसके अतिरिक्त, ऐसे उत्पाद की लागत में कोई अंतर नहीं होता है, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि विषय-वस्तु में कोई पीसीएन नहीं है।

xiii. स्वैच्छिक उत्तरों को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि वर्तमान जाँच में उत्तरों की संख्या बहुत अधिक है।

xiv. नमूनाकरण करने के लिए कंपनियों के प्रकार और उनकी प्रचालनात्मक स्थितियों पर विचार करना प्राधिकारी का दायित्व नहीं है।

xv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने नमूना उत्पादकों की तुलना पंजीकृत हितबद्ध पक्षकारों की कुल संख्या से की है और नमूना उत्पादकों से निर्यात के लिए शामिल निर्यातकों की संख्या को नजरअंदाज कर दिया है।

xvi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के विपरीत, चूंकि ताइयो विनाइल के संबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया है, इसलिए उक्त उत्पादक को कोई अलग शुल्क नहीं दिया जाना चाहिए।

xvii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, इस स्तर पर नमूनाकरण में परिवर्तन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा, नमूनाकरण इस आधार पर नहीं किया जाता है कि कुछ उत्पादकों के लिए पाटन मार्जिन अधिक है या कम। यह कथन कि निर्यातक उच्च कीमतें बनाए

रखता है, केवल एक स्व-घोषणा है क्योंकि प्राधिकारी ने प्रतिक्रिया को सत्यापित नहीं किया है।

xviii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, संयुक्त राज्य अमेरिका से केवल तीन उत्पादकों ने भाग लिया है जबकि जापान से पाँच उत्पादकों ने भाग लिया है।

xix. चूंकि प्राधिकारी ने नमूनाकरण किया है, इसलिए अलग निर्धारण के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

xx. हितबद्ध पक्षकारों के दावे के विपरीत, किसी उत्पादक द्वारा दायर प्रतिक्रिया केवल तभी स्वीकार की जा सकती है जब वितरण चैनल का हिस्सा बनने वाले निर्यातक और व्यापारी प्राधिकारी के साथ सहयोग करें। यह बात प्रचालन परिपाटियों के मैनुअल से भी सिद्ध है। पाटनरोधी करार में भी पाटन को किसी उत्पाद को उसके सामान्य मूल्य से कम पर दूसरे देश के वाणिज्य में पेश किए जाने के रूप में परिभाषित किया गया है, जिससे वितरण चैनल में निर्यातकों और व्यापारियों द्वारा वसूली गई कीमत पर विचार करना आवश्यक हो जाता है। यह वह कीमत भी है जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रही है।

xxi. निर्यात कीमत का निर्धारण उत्पादक द्वारा असंबद्ध या संबद्ध उत्पादक से ली गई कीमत के आधार पर किया जाना चाहिए। संबद्ध उत्पादक की कीमत पर तभी विचार किया जा सकता है जब यह दर्शाता हो कि ऐसा निर्यातक, निर्यातक की व्यापारिक शाखा मात्र है।

xxii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने उन कानूनी प्रावधानों का उल्लेख नहीं किया है जिनके अंतर्गत एफपीसी निंग्बो को नमूनाकरण में शामिल किया जाना चाहिए, खासकर तब जब उसने भारत को कुल निर्यात का 0.25% से कम निर्यात किया हो।

xxiii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, पिछली जाँचों में प्राधिकारी द्वारा निर्धारित मार्जिन का वर्तमान जाँच में मार्जिन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इसके अतिरिक्त, कोरिया के घरेलू बाजार में किसी भी

प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार के कारण कीमतों में वृद्धि को भारत में आयातों पर पाटनरोधी शुल्क न लगाने के लिए नहीं माना जा सकता है। चूँकि प्राधिकारी द्वारा कोई पीसीएन नहीं बनाया गया है, इसलिए इस स्तर पर ग्रेड के अंतर पर विचार नहीं किया जा सकता है।

xxiv. चीन के असहयोगी उत्पादकों पर कम शुल्क निर्धारित करके उन्हें असहयोग के लिए पुरस्कृत किया गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और ऑस्ट्रेलिया सहित अन्य सभी क्षेत्राधिकार गैर-भागीदारी के लिए उच्च अवशिष्ट शुल्क पर विचार करते हैं।

## छ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

96. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को प्रश्नावली भेजी थी, जिसमें उन्हें प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप और तरीके से सूचना उपलब्ध कराने का परामर्श दिया गया था। प्रश्नावली के उत्तर में निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा अनुरोध किए गए हैं।

क. एजीसी विनीथाई पब्लिक लिमिटेड कंपनी
ख. कैन्को मार्केटिंग
ग. सीजीपीसी पॉलिमर कॉर्पोरेशन
घ. केमडो ग्रुप कंपनी लिमिटेड
ङ. चेओंगफुली (हांगकांग) कंपनी लिमिटेड
च. चाइना जनरल प्लास्टिक कॉर्पोरेशन
छ. चाइना साल्ट केमिकल इंटरनेशनल ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड
ज. चिपिंग शिनफा हुआक्सिंग केमिकल कंपनी लिमिटेड
झ. चिपिंग शिनफा पॉलीविनाइल क्लोराइड कंपनी लिमिटेड
ञ. सीएनएसआईजी जिलानताई क्लोर-अल्कली केमिकल कंपनी लिमिटेड
ट. कॉसमॉस वू लिमिटेड
ठ. फॉर्मोसा इंडस्ट्रीज (निंगबो) कंपनी लिमिटेड
ड. फॉर्मोसा प्लास्टिक कॉर्पोरेशन
ढ. जीसीएम पॉलिमर ट्रेडिंग डीएमसीसी कंपनी लिमिटेड
ण. ग्रैंड डिग्निटी
त. ग्रैंड डिग्निटी इंडस्ट्रियल कंपनी लिमिटेड
थ. गुआंग्शी हुआयी क्लोर-अल्कली केमिकल कंपनी लिमिटेड

द. हनवा कॉर्पोरेशन
ध. हेनान पुलिते आयात और निर्यात व्यापार कंपनी लिमिटेड
न. इनर मंगोलिया केमिकल इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड
प. इनर मंगोलिया एर्दोस इलेक्ट्रिक पावर एंड मेटलर्जी ग्रुप कंपनी लिमिटेड
फ. इनर मंगोलिया जुन्झेंग केमिकल इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड
ब. इटोचु (थाईलैंड) लिमिटेड
भ. इटोचु कॉर्पोरेशन
म. इतोचू प्लास्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड
य. आईवीआईसीटी (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड
कक. जियाली बायो ग्रुप (क़िंगदाओ) लिमिटेड
खख. जेओसी इंटरनेशनल टेक्निकल इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड
गग. कनेका कॉर्पोरेशन
घघ. कनेमात्सु कॉर्पोरेशन
डड. एलजी केम लिमिटेड
चच. मारुबेनी कॉर्पोरेशन
छछ. मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन
जज. मित्सुई एंड कंपनी लिमिटेड
झझ. ऑर्डोस जुन्झेंग एनर्जी एंड केमिकल इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड
ञञ. पीटी. असाहिमास केमिकल
टट. पीटीटी ग्लोबल केमिकल पब्लिक कंपनी लिमिटेड
ठठ. क़िंगदाओ हैवान केमिकल कंपनी लिमिटेड
डड. एसएआर ओवरसीज लिमिटेड
ढढ. शानक्सी बेयुआन केमिकल इंडस्ट्री ग्रुप कंपनी
णण. शेडोंग शिनफा इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कंपनी लिमिटेड
तत. शंघाई क्लोर-अल्कली केमिकल कंपनी लिमिटेड
थथ. शिन-एत्सु केमिकल कंपनी लिमिटेड
दद. सिमोसा इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड
धध. सोजित्ज़ एशिया प्राइवेट लिमिटेड
नन. स्टेवियन केमिकल जेएससी
पप. सनशाइन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड
फफ. ताइयो विनाइल कॉर्पोरेशन
बब. टेक्सपो इंटरनेशनल लिमिटेड
भभ. थाई प्लास्टिक्स एंड केमिकल्स पीएलसी.
मम. थाई पॉलीइथाइलीन कंपनी लिमिटेड

यय. तियानजिन बोहुआ केमिकल डेवलपमेंट्स
ककक. तियानजिन एलजी बोहाई केमिकल कंपनी लिमिटेड
खखख. तोकुयामा कॉर्पोरेशन
गगग. तोकुयामा सेकिसुई कंपनी लिमिटेड
घघघ. तोसोह निक्केमी कॉर्पोरेशन
डडड. टीएस कॉर्पोरेशन
चचच. तुन वा इंडस्ट्रियल कंपनी लिमिटेड
छछछ. यूनाइटेड रॉ मटेरियल प्राइवेट लिमिटेड
जजज. वानहुआ केमिकल (फ़ुज़ियान) कंपनी लिमिटेड
झझझ. वानहुआ केमिकल (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड
ञञञ. वानहुआ पेट्रोकेमिकल (यंताई) कंपनी लिमिटेड
टटट. झिंजियांग शेंगक्सियोंग क्लोर-क्षार कंपनी लिमिटेड
ठठठ. झिंजियांग झोंगताई आयात और निर्यात कंपनी लिमिटेड
डडड. यिबिन हाइफ़ेंग हेरुई कंपनी लिमिटेड
ढढढ. यिबिन तियानयुआन समूह कंपनी लिमिटेड
णणण. यिबिन तियानयुआन सामग्री उद्योग समूह लिमिटेड
ततत. यू शीउ टेक्सटाइल्स कंपनी लिमिटेड
थथथ. झोंग ताई अंतर्राष्ट्रीय विकास (एचके) लिमिटेड

97. नियम 17 के प्रावधानों के अनुसार, यद्यपि प्राधिकारी उन सभी उत्पादकों/निर्यातकों के संबंध में अलग पाटन मार्जिन निर्धारित करेंगे जिन्होंने प्रश्नावली के उत्तर दायर किए हैं, किन्तु ऐसी स्थिति में जहाँ बड़ी संख्या में उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली के उत्तर दायर किए हैं, प्राधिकारी उत्तर को सीमित संख्या में उत्पादकों तक सीमित करके नमूनाकरण का सहारा ले सकते हैं। इस संबंध में नियमावली में निम्नलिखित प्रावधान हैं।

*17(3) निर्दिष्ट प्राधिकारी, जांचाधीन वस्तु के प्रत्येक ज्ञात संबंधित निर्यातक या उत्पादक के लिए एक अलग पाटन मार्जिन निर्धारित करेंगे:*

*बशर्ते कि ऐसे मामलों में जहाँ निर्यातकों, उत्पादकों, आयातकों या सम्मिलित सामानों के प्रकारों की संख्या इतनी अधिक हो कि ऐसा निर्धारण अव्यावहारिक हो, वह अपने निष्कर्षों को या तो चयन के समय उपलब्ध सूचना के आधार पर सांख्यिकीय रूप से मान्य नमूनों का उपयोग करके हितबद्ध पक्षकारों या*

*सामानों की उचित संख्या तक सीमित कर सकते हैं, ये संबंधित देश से निर्यात की मात्रा के उस अधिकतम प्रतिशत तक सीमित कर सकते हैं जिसकी उचित रूप से जाँच की जा सकती है, और इस परंतुक के अंतर्गत निर्यातकों, उत्पादकों या सामानों के प्रकारों का कोई भी चयन, अधिमानतः संबंधित निर्यातकों, उत्पादकों या आयातकों के परामर्श और उनकी सहमति से किया जाएगा:*

***इसके अतिरिक्त*** *बशर्ते कि निर्दिष्ट प्राधिकारी, किसी भी निर्यातक या उत्पादक के लिए, यद्यपि प्रारंभ में चयनित न हो, जो आवश्यक सूचना समय पर प्रस्तुत करता है, एक अलग पाटन मार्जिन निर्धारित करेंगे, सिवाय इसके कि जहाँ निर्यातकों या उत्पादकों की संख्या इतनी अधिक हो कि अलग जाँच अत्यधिक बोझिल हो और जाँच के समय पर पूरा होने में बाधा उत्पन्न करे।*

98. बड़ी संख्या में प्रतिक्रियाओं को देखते हुए, प्राधिकारी ने उत्पादकों के नमूने लेने पर विचार किया। यह 28 अगस्त 2024 की अधिसूचना द्वारा प्रस्तावित किया गया था। विभिन्न पक्षकारों से टिप्पणियाँ प्राप्त करने के बाद, नमूना उत्पादकों को 23 सितंबर 2024 की अधिसूचना द्वारा अधिसूचित किया गया। विचारित नमूना भारत को निर्यात की मात्रा पर आधारित था, और सबसे अधिक निर्यात मात्रा वाले उत्पादकों को नमूने का हिस्सा माना गया। प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि नमूने में केवल तीन उत्पादकों का चयन किया गया है, फिर भी उन उत्पादकों/निर्यातकों की संख्या, जिनके लिए शुल्क निर्धारित किया जाएगा, बहुत अधिक है। नमूना उत्पादक चीन के सहयोगी उत्पादकों की मात्रा का [***]% और जापान के सहयोगी उत्पादकों की मात्रा का [***]% हैं।

99. इस अनुरोध के संबंध में कि जापान के मामले में नमूना लेने और संयुक्त राज्य अमेरिका के मामले में नमूना न लेने के संबंध में दृष्टिकोण में अंतर है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका के मामले में, केवल तीन उत्पादक समूहों (अर्थात, उत्पादक और उनके सहयोगी) द्वारा प्रतिक्रिया दायर की गई है। तथापि,

जापान के मामले में, 5 उत्पादकों द्वारा प्रत्युत्तर दायर किया गया है। अतः, यद्यपि प्राधिकारी ने जापान के लिए नमूनाकरण किया था, फिर भी संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए नमूनाकरण का कोई कारण नहीं था।

100. इस आधार पर शामिल करने के अनुरोध के संबंध में कि कंपनी ने विशिष्ट उत्पादों की आपूर्ति की है या नमूने का हिस्सा बनने वाले उत्पाद का प्रोफ़ाइल व्यापक होना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि नियम 17(3) के अंतर्गत ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि विशिष्ट ग्रेड की आपूर्ति का तथ्य ऐसी कंपनी को व्यक्तिगत निर्धारण के लिए शामिल करने का औचित्य नहीं देता है। यह नोट किया जाता है कि सभी टिप्पणियों की जाँच के बाद, प्राधिकारी ने वर्तमान जाँच में पीसीएन को स्वीकार नहीं किया है। ऐसी स्थिति में जहाँ पीसीएन पद्धति को अपनाना आवश्यक नहीं समझा गया, आपूर्ति किए गए उत्पाद प्रकार के आधार पर किसी उत्पादक को नमूने के भाग के रूप में विचार करने का कोई कारण नहीं हो सकता है। किसी भी स्थिति में, नियमावली प्राधिकारी को निर्धारण को कुछ उत्पाद प्रकारों तक सीमित करने की भी अनुमति देती है।

101. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि प्राधिकारी ने अतीत में अन्य जाँचों में बहुत बड़ी संख्या में उत्पादकों या निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन का अलग निर्धारण किया है। हालाँकि, यह तथ्य कि अतीत में बड़ी संख्या में उत्पादकों की जाँच की गई थी, इसका यह अर्थ नहीं है कि प्राधिकारी को वर्तमान मामले में नमूनाकरण का सहारा लेने से रोका गया है।

102. प्राधिकारी को हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क में भी कोई दम नहीं लगता कि दायर स्वैच्छिक प्रतिक्रियाओं पर विचार करना और ऐसे सभी निर्यातकों को अलग पाटन मार्जिन प्रदान करना अनिवार्य दायित्व है। नियम 17(3) और उसके प्रावधान यह स्पष्ट करते हैं कि प्राधिकारी जाँच को समय पर पूरा करने के हित में, जहाँ आवश्यक हो, जाँच को कुछ निर्यातकों तक सीमित कर सकते हैं।

103. तियानजिन एलजी बोहाई ने दावा किया है कि वह एक 100% एफडीआई कंपनी है, और इसलिए, उसे गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था की परिस्थितियों में काम करने वाले

183. एजीसी विनयथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड (एजीसी) ने जाँच अवधि के दौरान घरेलू बाजार में *** एमटी संबद्ध सामान बेचा, जबकि उसने भारत को *** एमटी संबद्ध सामानों का निर्यात किया है। सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए, प्राधिकारी ने संबद्ध सामानों की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री लेनदेन का निर्धारण करने हेतु व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण किया है। चूँकि 80% से कम बिक्री लाभ पर की गई थी, इसलिए सामान्य मूल्य का निर्धारण लाभप्रद बिक्री की कीमत के आधार पर किया गया है। एजीसी ने छूट, क्रेडिट नोट, डेबिट नोट, अंतर्देशीय भाड़ा, सार-संभाल प्रभार, भंडारण लागत, पैकिंग लागत, बैंक शुल्क और क्रेडिट लागत के आधार पर कीमत समायोजन का दावा किया है। दावा किए गए समायोजनों की डेस्क सत्यापन के बाद अनुमति दी गई है। एजीसी के लिए कारखानागत स्तर पर सामान्य मूल्य नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

**थाई प्लास्टिक्स एंड कंपनी लिमिटेड के लिए सामान्य मूल्य**

184. थाई प्लास्टिक्स एंड कंपनी लिमिटेड (टीपीसी) ने जाँच अवधि के दौरान घरेलू बाजार में *** एमटी संबद्ध सामानों की बिक्री की है, जबकि उसने भारत को *** एमटी संबद्ध सामानों का निर्यात किया है। टीपीसी ने घरेलू बाजार में सहयोगी कंपनियों को संबद्ध सामान बेचा है। प्राधिकारी ने जाँच की कि क्या ऐसे लेन-देन निकटतम आधार पर किए गए थे, और पाया कि संबद्ध कंपनियों को बिक्री निकटतम कीमतों पर की गई थी। प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत को निर्यात की तुलना में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में घरेलू बिक्री पर्याप्त मात्रा में है।

185. सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए, प्राधिकारी ने संबद्ध सामानों की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री लेनदेन का निर्धारण करने हेतु साधारण व्यापार प्रक्रिया परीक्षण किया है। चूँकि 80% से अधिक बिक्री लाभ पर की गई थी, इसलिए सामान्य मूल्य का निर्धारण औसत बिक्री कीमत के आधार पर किया गया है। टीपीसी ने समुद्री भाड़ा, ऋण लागत और अन्य खर्चों के निमित्त कीमत समायोजनों का दावा किया है। दावा किए गए समायोजनों की अनुमति दी गई है। दावा किए गए समायोजनों की डेस्क सत्यापन के बाद अनुमति दी गई है। टीपीसी के

लिए कारखानागत स्तर पर सामान्य मूल्य नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

**थाईलैंड के अन्य सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य**

186. वर्तमान जाँच में भाग नहीं लेने वाले अन्य सभी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य उपलब्ध तथ्यों के अनुसार निर्धारित किया गया है। इसका उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

**थाईलैंड के लिए निर्यात कीमत**

**एजीसी विनीथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड के लिए निर्यात कीमत**

187. जाँच अवधि के दौरान एजीसी ने भारत को *** एमटी संबद्ध सामानों का निर्यात किया है। इसमें से *** एमटी सीधे निर्यात किया गया है, जबकि शेष निम्नलिखित चार निर्यातकों के माध्यम से निर्यात किया गया है।

एजीसी → मारुबेनी कॉर्पोरेशन (असंबद्ध) → भारत में असंबद्ध ग्राहक
एजीसी → मित्सुई एंड कंपनी लिमिटेड (असंबद्ध) → भारत में असंबद्ध ग्राहक
एजीसी → जीसीएम पॉलिमर ट्रेडिंग डीएमसीसी (संबद्ध) → भारत में असंबद्ध ग्राहक
एजीसी → पीटीटी ग्लोबल केमिकल पीसीएल (संबद्ध) → भारत में असंबद्ध ग्राहक

प्राधिकारी ने यह भी जाँच की और पुष्टि की कि असंबद्ध निर्यातकों ने विचाराधीन उत्पाद को लाभ पर पुन: बेचा है।

188. एजीसी द्वारा प्रत्यक्ष बिक्री और असंबद्ध निर्यातकों के माध्यम से बिक्री के लिए, निर्यात कीमत का निर्धारण असंबद्ध ग्राहक से बिक्री के लिए एजीसी द्वारा ली गई कीमत के आधार पर किया गया है। तथापि, संबद्ध निर्यातक द्वारा की गई बिक्री के मामले में, निर्यात कीमत का निर्धारण असंबद्ध ग्राहक को बिक्री के लिए असंबद्ध निर्यातक द्वारा ली गई कीमत के आधार पर किया गया है। समुद्री भाड़ा, अंतर्देशीय भाड़ा, बीमा, हैंडलिंग शुल्क, भंडारण लागत, पैकिंग लागत, कमीशन, बैंक शुल्क और क्रेडिट लागत के लिए समायोजन करके कारखानागत कीमत निकाली गई है। निर्यात कीमत का निर्धारण अंतिम निर्यातक द्वारा भारत में ग्राहक से ली जाने वाली

कीमत के आधार पर किया गया है। निर्धारित निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है।

**थाई प्लास्टिक्स एंड कंपनी लिमिटेड के लिए निर्यात कीमत**

189. टीपीसी ने जाँच अवधि के दौरान, अपने संबद्ध व्यापारी थाई पॉलीएथिलीन कंपनी लिमिटेड (टीपीई) के माध्यम से भारत को *** एमटी संबद्ध सामानों का निर्यात किया है। इसमें से, टीपीई ने *** एमटी सीधे निर्यात किया है, और शेष निम्नलिखित तीन असंबद्ध निर्यातकों के माध्यम से निर्यात किया है।

टीपीसी → टीपीई → एसएआर ओवरसीज लिमिटेड → भारत में असंबद्ध ग्राहक
टीपीसी → टीपीई → ट्राइकॉन एनर्जी लिमिटेड → भारत में असंबद्ध ग्राहक
टीपीसी → टीपीई → टुन वा इंडस्ट्रियल कंपनी लिमिटेड → भारत में असंबद्ध ग्राहक

टुन वा इंडस्ट्रियल कंपनी लिमिटेड ने प्राधिकारी के साथ सहयोग नहीं किया है। तथापि, टुन वा के माध्यम से निर्यात टीपीसी द्वारा किए गए कुल निर्यात की तुलना में नगण्य है। प्राधिकारी ने यह भी जाँच की और पुष्टि की कि असंबद्ध निर्यातकों ने विचाराधीन उत्पाद को लाभ पर पुन: बेचा है।

190. टीपीई द्वारा सीधे भारत को और असंबद्ध निर्यातकों के माध्यम से की गई बिक्री के लिए, निर्यात कीमत का निर्धारण संबद्ध निर्यातक, टीपीई द्वारा असंबद्ध ग्राहक को की गई बिक्री के लिए ली गई कीमत के आधार पर किया गया है। कारखानागत गत कीमत निकालने के लिए समुद्री भाड़ा, अंतर्देशीय भाड़ा, बीमा, सार-संभाल प्रभार, पैकिंग लागत, कमीशन, बैंक शुल्क, ऋण लागत और अन्य खर्चों के लिए समायोजन किए गए है। अंतिम निर्यातक द्वारा भारत में ग्राहक से ली गई कीमत के आधार पर पहुँच कीमत का निर्धारण किया गया है। तथापि, असहयोगी निर्यातकों के माध्यम से निर्यात की गई मात्रा के लिए, प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्यात कीमत और पहुँच मूल्य का निर्धारण किया है। निर्धारित निर्यात कीत नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है।

**थाईलैंड में अन्य सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत**

191. वर्तमान जाँच में भाग नहीं लेने वाले अन्य सभी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के अनुसार निर्धारित की गई है। इसका उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

**ख.3.7. <u>संयुक्त राज्य अमेरिका में सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का निर्धारण</u>**

**<u>संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सामान्य मूल्य</u>**

**ऑक्सी विनाइल्स, एल.पी. के लिए सामान्य मूल्य**

192. ऑक्सी विनाइल्स, एल.पी. (ऑक्सी विनाइल्स) ने जाँच अवधि के दौरान घरेलू बाजार में *** एमटी संबद्ध सामानों की बिक्री की है, जबकि उसने भारत को *** एमटी संबद्ध सामानों का निर्यात किया है। सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए, प्राधिकारी ने संबद्ध सामानों की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री लेनदेन का निर्धारित करने के लिए व्यापार की साधारण प्रक्रिया परीक्षण किया है। चूँकि 80% से कम बिक्री लाभ पर की गई थी, इसलिए सामान्य मूल्य का निर्धारण लाभप्रद बिक्री की कीमत के आधार पर किया गया है। ऑक्सी विनाइल्स ने अंतर्देशीय भाड़ा, भंडारण लागत, ऋण लागत और अन्य खर्चों के निमित्त कीमत समायोजनों का दावा किया है। दावा किए गए समायोजनों की अनुमति दी गई है। तदनुसार, ऑक्सी विनाइल्स के लिए कारखानागत स्तर पर सामान्य मूल्य पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाए अनुसार निर्धारित किया गया है।

**शिनटेक, इंक. और शिनटेक लुइसियाना एलएलसी के लिए सामान्य मूल्य।**

193. शिन्टेक ने जाँच अवधि के दौरान घरेलू बाजार में *** एमटी संबद्ध सामानों की बिक्री की है, जबकि उसने भारत को *** एमटी संबद्ध सामानों का निर्यात किया है। शिन्टेक ने घरेलू बाजार में संबद्ध कंपनियों को संबद्ध सामानों की बिक्री की है। प्राधिकारी ने जाँच की कि क्या ऐसे लेन-देन निकटतम आधार पर किए गए थे, और पाया कि संबद्ध कंपनियों को बिक्री निकटतम कीमतों पर की गई थी। प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत को निर्यात की तुलना में साधारण व्यापार प्रक्रिया में घरेलू बिक्री पर्याप्त मात्रा में है।

194. सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए, प्राधिकारी ने संबद्ध सामानों की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री लेनदेन का निर्धारण करने हेतु साधारण व्यापार प्रक्रिया परीक्षण किया है। चूँकि 80% से अधिक बिक्री लाभ पर की गई थी, इसलिए सामान्य मूल्य का निर्धारण औसत बिक्री कीमत के आधार पर किया गया है। शिन्टेक ने क्रेडिट नोट्स, अंतर्देशीय भाड़ा, पैकिंग लागत और क्रेडिट लागत के निमित्त कीमत समायोजनों का दावा किया है। दावा किए गए समायोजनों की अनुमति दी गई है। शिन्टेक के लिए कारखानागत स्तर पर सामान्य मूल्य नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

**वेस्टलेक केमिकल्स एंड विनाइल्स एलएलसी, वेस्टलेक विनाइल्स कंपनी, एलपी और वेस्टलेक विनाइल्स, इंक के लिए सामान्य मूल्य**

195. वेस्टलेक केमिकल्स एंड विनाइल्स एलएलसी (डब्ल्यूकेम), वेस्टलेक विनाइल्स कंपनी, एलपी (डब्ल्यूवीआईएनसी) और वेस्टलेक विनाइल्स, इंक (विनवी), जिन्हें आगे सामूहिक रूप से वेस्टलेक ग्रुप कहा जाएगा, ने जांच अवधि के दौरान घरेलू बाजार में क्रमशः *** एमटी, *** एमटी और *** एमटी संबद्ध सामानों की बिक्री की है। वेस्टलेक ग्रुप ने संबद्ध सामानों को घरेलू बाजार में संबद्ध कंपनियों को बेचा है। प्राधिकारी ने जांच की कि क्या ऐसे लेनदेन निकटतम आधार पर किए गए थे, और उन लेनदेन को व्यापार की सामान्य प्रक्रिया से बाहर होने के कारण निकटतम कीमतों पर नहीं पाए गए। ऐसे लेनदेन को बाहर रखने के बाद, प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत को किए गए निर्यात की तुलना में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में घरेलू बिक्री पर्याप्त मात्रा में है।

196. सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए, प्राधिकारी ने संबद्ध सामानों की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री लेनदेन निर्धारित करने हेतु व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण किया है। डब्ल्यूकेम और डब्ल्यूविंक के मामले में, चूँकि 20% से कम बिक्री लाभ पर हुई थी, इसलिए सामान्य मूल्य का निर्धारण उत्पादन लागत के आधार पर किया गया है, जिसमें बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक व्यय और लाभ को उचित रूप से जोड़ा गया है। तथापि, डब्ल्यूविनी के मामले में, चूँकि 80% से अधिक बिक्री लाभ पर हुई थी, इसलिए सामान्य मूल्य का निर्धारण औसत बिक्री कीमत के आधार पर किया गया है। डब्ल्यूविनी ने अंतर्देशीय भाड़ा,

सार-संभाल प्रभार, वर्षांत छूट, क्रेडिट लागत और अन्य व्ययों के निमित्त कीमत समायोजनों का दावा किया है। दावा किए गए समायोजनों की अनुमति दी गई है। वेस्टलेक समूह के लिए एक भारत औसत सामान्य मूल्य निर्धारित किया गया था। शिन्टेक के लिए कारखानागत स्तर पर सामान्य मूल्य नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

**संयुक्त राज्य अमेरिका में अन्य सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य**

197. अन्य सभी उत्पादकों और निर्यातकों, जिन्होंने वर्तमान जाँच में भाग नहीं लिया है, के लिए सामान्य मूल्य उपलब्ध तथ्यों के अनुसार निर्धारित किया गया है। इसका उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

**<u>संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए निर्यात कीमत</u>**

**ऑक्सी विनाइल्स, एल.पी. के लिए निर्यात कीमत**

198. ऑक्सी विनाइल्स ने जाँच की अवधि के दौरान अपने संबद्ध निर्यातक, ऑक्सी विनाइल्स एक्सपोर्ट सेल्स, इंक. (ओवीईएस) के माध्यम से भारत को *** एमटी संबद्ध सामानों का निर्यात किया है। बदले में, ओवीईएस ने निम्नलिखित 13 चैनलों से निर्यात किया है।

ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → कॉन्टिनेंटल इंड ग्रुप इंक → भारत में असंबद्ध ग्राहक
ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → केमेक्स इंक
ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → कोपैप यूएसए → कोपैप इंक → भारत में असंबद्ध ग्राहक
ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → कोपैप यूएसए → कोपैप यूरोप → भारत में असंबद्ध ग्राहक
ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → कोपैप यूएसए → कोपैप ट्रेडिंग इंक → भारत में असंबद्ध ग्राहक
ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → कोपैप यूएसए → सिग्मा ट्रेड फाइनेंस इंक → भारत में असंबद्ध ग्राहक
ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → आईसीसी केमिकल कॉर्पोरेशन
ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → मारुबेनी अमेरिका कॉर्पोरेशन → मारुबेनी कॉर्पोरेशन → भारत में असंबद्ध ग्राहक

ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → मित्सुबिशी इंटरनेशनल पॉलिमर ट्रेड कॉर्पोरेशन → भारत में असंबद्ध ग्राहक

ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → ऑक्सीड केमिकल्स, इंक → भारत में असंबद्ध ग्राहक

ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → ट्राइकॉन ड्राई केमिकल्स, एलएलसी →ट्राइकॉन एनर्जी लिमिटेड → भारत में असंबद्ध ग्राहक

ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → विनमार इंटरनेशनल एलएलसी

199. निर्यात कीमत और पहुँच कीमत निर्धारित करने के लिए, प्राधिकारी ने उस कीमत पर विचार किया जिस पर अंतिम निर्यातक ने भारत में ग्राहक को बेचा है। निर्यात कीमत को कारखानागत कीमत निकालने के लिएए उचित रूप से समायोजित किया गया था। प्रत्येक चैनल के लिए दावा किए गए अनुसार, कारखानागत कीमत निकालने के लिए डेबिट/क्रेडिट नोट्स, समुद्री भाड़ा, अंतर्देशीय भाड़ा, बीमा, भंडारण लागत, क्रय छूट, सार-संभाल प्रभार, कमीशन, देयता लागत, कूरियर शुल्क, पैकिंग लागत, बैंक शुल्क, एलसी छूट शुल्क, एलसी शुल्क, छूट शुल्क, विक्रेता जोखिम बीमा, ब्याज व्यय, क्रेडिट लागत और अन्य व्यय के लिए दावा किए गए अनुसार समायोजन किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, ओवीईएस को छोड़कर, बिक्री चैनल का हिस्सा बनने वाले निर्यातकों/व्यापारियों के बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय और लाभ को समायोजित किया गया है। प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्यात कीमत और पहुँच कीमत निर्धारित की है। निर्धारित निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है।

**शिनटेक इंक और शिनटेक लुइसियाना एलएलसी के लिए निर्यात कीमत।**

200. शिनटेक ने जाँच अवधि के दौरान, अपने संबद्ध व्यापारी शिन-एत्सु केमिकल कंपनी लिमिटेड (एसईसीएल) के माध्यम से भारत को *** एमटी संबद्ध सामानों का निर्यात किया है। एसईसीएल ने बदले में, निम्नलिखित 2 असंबद्ध निर्यातकों के माध्यम से भारत को संबद्ध सामानों का निर्यात किया है।

शिनटेक → एसईसीएल → इटोचू कॉर्पोरेशन → भारत में असंबद्ध ग्राहक

शिनटेक → एसईसीएल → आईवीआईसीटी (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड → भारत में असंबद्ध ग्राहक

प्राधिकारी ने यह भी जाँच की और पुष्टि की कि असंबद्ध निर्यातकों ने विचाराधीन उत्पाद को लाभ पर पुन: बेचा है।

201. निर्यात कीमत का निर्धारण संबद्ध निर्यातक, एसईसीएल द्वारा असंबद्ध ग्राहकों को बिक्री के लिए ली गई कीमत के आधार पर किया गया है। समुद्री भाड़ा, अंतर्देशीय भाड़ा, बीमा, पैकिंग लागत, बैंक शुल्क और ऋण लागत के लिए समायोजन किए गए हैं। अंतिम निर्यातक द्वारा भारत में ग्राहक से ली गई कीमत के आधार पर पहुंच कीमत निर्धारित की गई है। निर्धारित निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में उल्लेखित है।

**वेस्टलेक केमिकल्स एंड विनाइल्स एलएलसी, वेस्टलेक विनाइल्स कंपनी, एलपी और वेस्टलेक विनाइल्स, इंक. के लिए निर्यात कीमत**

202. वेस्टलेक ने निम्नलिखित 12 चैनलों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत को *** एमटी संबद्ध सामानों का निर्यात किया है।

वेस्टलेक समूह → भारत में असंबद्ध ग्राहक
वेस्टलेक समूह → कॉन्टिनेंटल इंडस्ट्रीज → भारत में असंबद्ध ग्राहक
वेस्टलेक समूह → कोपैप यूएसए → कोपैप इंक → भारत में असंबद्ध ग्राहक
वेस्टलेक समूह → कोपैप यूएसए → सिग्मा ट्रेड फाइनेंस इंक → भारत में असंबद्ध ग्राहक
वेस्टलेक समूह → इटोचू प्लास्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड → भारत में असंबद्ध ग्राहक
वेस्टलेक समूह → मारुबेनी अमेरिका कॉर्पोरेशन → मारुबेनी कॉर्पोरेशन → भारत में असंबद्ध ग्राहक
वेस्टलेक समूह → रिलायंस इंटरनेशनल
वेस्टलेक समूह → रेजिन टेक्नोलॉजी
वेस्टलेक समूह → एसएआर ओवरसीज लिमिटेड
वेस्टलेक समूह → स्टेवियन केमिकल जेएससी → भारत में असंबद्ध ग्राहक
वेस्टलेक समूह → ट्राइकॉन एनर्जी लिमिटेड → भारत में असंबद्ध ग्राहक
वेस्टलेक समूह → विनमार इंटरनेशनल एलएलसी - भारत में असंबद्ध ग्राहक

उपरोक्त में से, रिलायंस इंटरनेशनल और रेजिन टेक्नोलॉजी ने प्राधिकारी के समक्ष सहयोग नहीं किया है। इसके अलावा, एसएआर ओवरसीज लिमिटेड ने प्राधिकारी के साथ सहयोग किया है, लेकिन उसने वेस्टलेक समूह द्वारा उत्पादित सामानों के भारत में किसी भी निर्यात की सूचना नहीं दी है। यह भी नोट किया जाता है कि सीओपीएपी यूएसए, सीओपीएपी इंक और सिग्मा ट्रेड फाइनेंस इंक एक-दूसरे से संबद्ध हैं। इसके अतिरिक्त, मारुबेनी अमेरिका कॉर्पोरेशन और मारुबेनी कॉर्पोरेशन एक-दूसरे से संबद्ध हैं।

203. निर्यात कीमत और पहुँच कीमत निर्धारित करने के लिए, प्राधिकारी ने उस कीमत पर विचार किया जिस पर अंतिम निर्यातक ने भारत में ग्राहक को बेचा है। निर्यात कीमत को कारखानागत कीमत निकालने के लिए उचित रूप से समायोजित किया गया था। निर्यात कीमत निकालने के लिए प्रत्येक चैनल के लिए दावा किए गए अनुसार, डेबिट/क्रेडिट नोट, समुद्री भाड़ा, अंतर्देशीय भाड़ा, बीमा, सार-संभाल प्रभार, भंडारण लागत, कूरियर शुल्क, देयता राशि, सर्वेक्षक लागत, पैकिंग लागत, कमीशन, एलसी छूट शुल्क, एलसी शुल्क, छूट शुल्क, विक्रेता जोखिम बीमा, ब्याज व्यय, बैंक शुल्क, क्रेडिट लागत और अन्य व्यय के लिए समायोजन किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, बिक्री चैनल का हिस्सा बनने वाले निर्यातकों/व्यापारियों की बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय और लाभ को समायोजित किया गया है। तथापि, असहयोगी निर्यातकों के माध्यम से निर्यातित मात्रा के लिए, प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्यात कीमत और पहुँच कीमत निर्धारित की है। निर्धारित निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है।

**संयुक्त राज्य अमेरिका में अन्य सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत**

204. वर्तमान जाँच में भाग नहीं लेने वाले अन्य सभी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के अनुसार निर्धारित की गई है। इसका उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

**छ.3.8. पाटन मार्जिन**

205. निर्धारित सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत को ध्यान में रखते हुए, संबद्ध देशों के लिए निर्धारित पाटन मार्जिन इस प्रकार है:

**<u>पाटन मार्जिन तालिका</u>**

| क्र.स. | उत्पादक का नाम | सामान्य मूल्य | निर्यात कीमत | पाटन मार्जिन | पाटन मार्जिन | पाटन मार्जिन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | यूएसडा./एमटी | यूएसडा./एमटी | यूएसडा./एमटी | % | रेंज (%) |
| **क. चीन** | | | | | | |
| 1 | चिपिंग शिनफा पॉलीविनाइल क्लोराइड | *** | *** | *** | *** | 60-70% |
| 2 | चिपिंग शिनफा हुआक्सिंग केमिकल कंपनी लिमिटेड | | | | | |
| 3 | तियानजिन बोहुआ केमिकल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड | *** | *** | *** | *** | 25-35% |
| 4 | क़िंगदाओ हैवान केमिकल कंपनी लिमिटेड | *** | *** | *** | *** | 25-35% |
| 5 | गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादक | *** | *** | *** | *** | 30-40% |
| 6 | अन्य | *** | *** | *** | *** | 45-55% |
| **ख. इंडोनेशिया** | | | | | | |
| 7 | पीटी. असाहिमास केमिकल | *** | *** | *** | *** | 5-15% |
| 8 | पीटी. टीपीसी इंडो प्लास्टिक एंड केमिकल्स | *** | *** | *** | *** | 15-25% |
| 9 | अन्य | *** | *** | *** | *** | 35-45% |
| **ग. जापान** | | | | | | |
| 10 | कनेका कॉर्पोरेशन | *** | *** | *** | *** | 80-90% |
| 11 | शिन-एत्सु केमिकल कंपनी लिमिटेड | *** | *** | *** | *** | 35-45% |
| 12 | ताइयो विनाइल कॉर्पोरेशन | *** | *** | *** | *** | 40-50% |

| क्र.स. | उत्पादक का नाम | सामान्य मूल्य | निर्यात कीमत | पाटन मार्जिन | पाटन मार्जिन | पाटन मार्जिन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादक | *** | *** | *** | *** | 50-60% |
| 14 | अन्य | *** | *** | *** | *** | 95-105% |
| **घ. कोरिया** | | | | | | |
| 15 | एलजी केम, लिमिटेड | *** | *** | *** | *** | 50-60% |
| 16 | हन्वा सॉल्यूशंस कॉर्पोरेशन | *** | *** | (***) | (***) | (0-10)% |
| 17 | अन्य | *** | *** | *** | *** | 60-70% |
| **ड. ताईवान** | | | | | | |
| 18 | चाइना जनरल प्लास्टिक्स कॉर्पोरेशन | *** | *** | *** | *** | 25-35% |
| 19 | सीजीपीसी पॉलिमर कॉर्पोरेशन | | | | | |
| 20 | ओशन प्लास्टिक कंपनी लिमिटेड | *** | *** | *** | *** | 30-40% |
| 21 | फॉर्मोसा प्लास्टिक कॉर्पोरेशन | *** | *** | *** | *** | 15-25% |
| 22 | अन्य | *** | *** | *** | *** | 65-70% |
| **च. थाइलैंड** | | | | | | |
| 23 | थाई प्लास्टिक्स एंड केमिकल्स पीएलसी | *** | *** | *** | *** | 5-15% |
| 24 | एजीसी विनीथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड | *** | *** | *** | *** | 10-20% |
| 25 | अन्य | *** | *** | *** | *** | 25-35% |
| **छ. यूएसए** | | | | | | |
| 26 | वेस्टलेक केमिकल्स एंड विनाइल्स एलएलसी | *** | *** | *** | *** | 145-155% |
| 27 | वेस्टलेक विनाइल्स इंक. | | | | | |
| 28 | वेस्टलेक विनाइल्स कंपनी एलपी | | | | | |
| 29 | शिनटेक इनकॉर्पोरेटेड | *** | *** | *** | *** | 60-70% |

| क्र.स. | उत्पादक का नाम | सामान्य मूल्य | निर्यात कीमत | पाटन मार्जिन | पाटन मार्जिन | पाटन मार्जिन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | शिनटेक लुइसियाना एलएलसी | | | | | |
| 31 | ऑक्सी विनाइल्स, एलपी | *** | *** | *** | *** | 105-115% |
| 32 | अन्य | *** | *** | *** | *** | 125-135% |

## ज. <u>क्षति का मूल्यांकन और कारणात्मक संपर्क</u>

### ज.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

206. क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है, जिसके लिए शुल्क लगाना आवश्यक हो। शुल्क लगाने के लिए, प्रमाणित साक्ष्यों के साथ 'वास्तविक क्षति' की मौजूदगी होनी चाहिए, न कि केवल 'संभावना'।

ii. घरेलू बाजारों में वास्तविक क्षति के दावे निराधार हैं, और कीमत निर्धारण एवं माँग पर वैश्विक बाजार स्थितियों के प्रभावों को नहीं दर्शाते हैं। घरेलू उद्योग ने संबद्ध देशों में अतिरिक्त क्षमताओं पर भरोसा किया है, लेकिन ऐसा कोई प्रमाण नहीं दिया है कि ऐसी अतिरिक्त क्षमताएँ क्षति को जारी रखेंगी।

iii. संबद्ध आयातों का संचयी विश्लेषण नहीं किया जा सकता क्योंकि आयातों और आयातों तथा समान वस्तुओं के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियाँ समान नहीं हैं। जापान से आयात की कीमत अन्य सभी आयातों से अधिक है।

iv. जापान को छोड़कर, चीन से आयात की कीमतें सभी आयातक देशों में सबसे अधिक थीं। अन्य संबद्ध देशों द्वारा उत्पन्न क्षतिकारक प्रभावों को अलग किया जाना चाहिए।

v. घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति का प्राथमिक कारण चीन से होने वाला आयात है, न कि जापान, थाईलैंड, इंडोनेशिया और अमेरिका से होने वाला आयात, जैसा कि केमप्लास्ट सनमार ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 में स्वीकार किया है और क्रिसिल ने केमप्लास्ट कुड्डालोर विनाइल्स लिमिटेड पर अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है।

vi. मांग में वृद्धि घरेलू उद्योग की क्षमता और उत्पादन में वृद्धि से अधिक हो गई है। देश में मांग में वृद्धि को पूरा करने के लिए आयात किया जा रहा है, जिसकी पूर्ति घरेलू उत्पादकों द्वारा नहीं की जा सकती।

vii. जैसा कि चीन में अपीलीय निकाय - जीओईएस द्वारा नोट किया गया है, केवल आयात में वृद्धि, काफी होने पर भी, मात्रा प्रभाव का साक्ष्य सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं है। घरेलू बिक्री, बाजार हिस्सेदारी या क्षमता उपयोग पर आयात के प्रभाव को देखा जाना चाहिए।

viii. यद्यपि प्राधिकारी ने नोट किया है कि आयात में मांग में वृद्धि की तुलना में अधिक दर से वृद्धि हुई है, फिर भी इस बात की अनदेखी की गई है कि घरेलू उद्योग पहले से ही 90% उपयोग पर प्रचालन कर रहा है।

ix. मांग में वृद्धि के कारण घरेलू उद्योग को कीमत ह्रास अथवा न्यूनीकरण का सामना करना पड़ा होगा।

x. कीमत कटौती नगण्य है, जो दर्शाता है कि घरेलू उद्योग अपनी कीमतें बाजार में प्रचलित मूल्य के अनुसार निर्धारित करता है।

xi. प्राधिकारी को संपूर्ण क्षति अवधि के लिए कीमत कटौती और घरेलू उद्योग की लाभप्रदता पर इसके प्रभाव की जांच करनी चाहिए।

xii. चीन से आयात की पहुँच कीमत में गिरावट संबद्ध सामानों के उत्पादन में प्रयुक्त मुख्य कच्ची सामग्री की कीमत में गिरावट और उत्पादन प्रौद्योगिकी को अनुकूलन बनाए जाने, जिससे ऊर्जा की बचत होती है, के कारण है।

xiii. जांच अवधि में घरेलू उद्योग की बिक्री लागत पिछले वर्ष की तुलना में उसकी बिक्री कीमत से अधिक कम हो गई है। यदि आयातों से कोई कीमत दबाव होता, तो घरेलू उद्योग लागत में संपूर्ण गिरावट का भार उपभोक्ताओं पर डालने के लिए बाध्य होता।

xiv. वीसीएम की कीमतों की तुलना पीवीसी की कीमतों से की जानी चाहिए ताकि यह जांचा जा सके कि क्या उनमें समान कीमत वृद्धि हुई है।

xv. प्राधिकारी ने नोट किया है कि कच्ची सामग्री की लागत (वीसीएम) में वृद्धि हुई है जबकि विचाराधीन उत्पाद की आयात कीमत में गिरावट आई है। तथापि, साक्ष्य उपलब्ध कराए गए हैं कि संबद्ध सामानों की पहुँच कीमत में वीसीएम की कीमतों में गिरावट के अनुरूप गिरावट आई है।

xvi. एक प्रतिष्ठित विदेशी एजेंसी, केमोरबिस.कॉम से सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचना से पता चलता है कि भारत में पीवीसी की कीमतें अन्य एशियाई देशों की तुलना में सबसे अधिक हैं। केमोरबिस.कॉम से प्राप्त सूचना यह भी दर्शाती है कि घरेलू उद्योग की कीमतें अन्य एशियाई देशों की कीमतों की तुलना में बहुत अधिक हैं।

xvii. प्राधिकारी ने नोट किया है कि यह नहीं माना जा सकता कि भारत में कीमतें सबसे अधिक हैं। तथापि, कीमतों का निर्धारण माँग-आपूर्ति अंतराल का एक प्रकार्य है। चूँकि वैश्विक स्तर पर अतिरिक्त आपूर्ति है, इसलिए विदेशी उत्पादक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर भारत को निर्यात कर रहे हैं। कीमतों में गिरावट कच्चे माल की लागत में कमी के साथ हुई है, न कि घरेलू उद्योग की कीमतों को कम करने के इरादे से।

xviii. अन्य उत्पादकों (गैर-याचिकाकर्ता) के आयात और आपूर्ति भारत में घरेलू उद्योग के संबद्ध सामानों की कीमत संरचना को आकार दे रहे हैं।

xix. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री में वृद्धि हुई है। तथापि, प्राथमित जांच परिणामों में इन घटनाक्रमों को कोई सकारात्मक महत्व नहीं दिया गया, जबकि 2022-23

और जाँच की अवधि के दौरान होने वाले नुकसानों को अनुचित महत्व दिया गया है।

xx. भारत में माँग को पूरा करने के लिए घरेलू उद्योग के पास क्षमता के अभाव के कारण घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी कम हो गई है।

xxi. कर्मचारियों की संख्या, वेतन और उत्पादकता के संदर्भ में घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

xxii. मालसूची में वृद्धि खराब उत्पाद गुणवत्ता, ग्राहक मांग की कमी, अधिक उत्पादन या आंतरिक संभारिकी अदक्षताओं के कारण हो सकती है।

xxiii. चूँकि भारत में माँग-आपूर्ति अंतराल है, इसलिए भारत में कीमतें निर्यातकों द्वारा निर्धारित की जाती हैं और ऐसे निर्यातक ऊँची कीमतें वसूलते हैं। इस प्रकार, घरेलू उद्योग की कीमतें आयात की कीमतों से प्रभावित नहीं हुई हैं और लाभप्रदता में कोई भी गिरावट लागत में वृद्धि के कारण है।

xxiv. घरेलू उद्योग को होने वाली काफा हानियां विचाराधीन उत्पाद के आयात के कारण नहीं हो सकती हैं, क्योंकि घरेलू उद्योग 2020-21 में अधिक लाभप्र था, जब यह कोविड-19 से प्रभावित था। घाटे में कमी बिक्री कीमत में गिरावट से संबंधित नहीं है।

xxv. घरेलू उद्योग के ब्याज कवरेज अनुपात में गिरावट घरेलू उद्योग की वित्तीय संरचना और बढ़त को दर्शाती है। उच्च ब्याज लागत को आयात कीमत निर्धारण के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

xxvi. यद्यपि आवेदकों ने उन 35 देशों में से 7 पर शुल्क लगाने की मांग की है, जहाँ से विचाराधीन उत्पाद आयात किया जाता है; यह अवश्य जांचा जाना चाहिए कि क्या घरेलू उद्योग भारत में अन्य उत्पादकों के साथ-साथ आयातों से उचित प्रतिस्पर्धा का सामना करने में सक्षम है।

xxvii. विचाराधीन उत्पाद कई देशों से तुलनीय कीमतों पर निर्यात किया गया है। यह संभव नहीं है कि सभी देश पाटन कर रहे हों। यदि 14 वर्षों तक

संरक्षण प्राप्त करने के बावजूद घरेलू उद्योग को अभी भी क्षति का सामना करना पड़ रहा है, तो क्षति का कारण उद्योग में अंतर्निहित है।

xxviii. चूँकि याचिकाकर्ताओं की लाभप्रदता के अलावा सभी आर्थिक मानदंड सुधार दर्शा रहे हैं, इसलिए यह अवश्य जांचा जाना चाहिए कि क्या अन्य कारक घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचा रहे हैं।

xxix. यदि घरेलू उद्योग को क्षति का सामना करना पड़ रहा है, तो यह स्पष्ट नहीं है कि वह महत्वपूर्ण निवेश कैसे कर रहा है।

xxx. चीन से आयात की कीमतें मेक्सिको, नॉर्वे, ब्राजील, जर्मनी, कोलंबिया, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र आदि जैसे गैर-संबद्ध देशों से आयात कीमतों की तुलना में लगातार अधिक हैं और इस प्रकार, ये पाटित/क्षतिकारक नहीं हैं। ऐसी स्थिति में शुल्क लगाने से संबद्ध देशों से आयात अन्य देशों में स्थानांतरित हो जाएगा।

xxxi. ऐसा कोई स्पष्ट साक्ष्य नहीं है जो यह दर्शाता हो कि आयात ही घरेलू उद्योग को क्षति का एकमात्र कारण है। प्राधिकारी को लाभप्रदता को प्रभावित करने वाले और घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचाने वाले अन्य कारकों की भी जाँच करनी चाहिए।

xxxii. घरेलू उत्पादकों का कार्य-निष्पादन आंतरिक अक्षमताओं, क्षमता विस्तार से जुड़ी प्रचालनात्मक लागतों, अन्य बाजार गतिशीलता, निराशाजनक बाजार स्थितियों, कच्ची सामग्री की कीमतों में उतार-चढ़ाव और रूस-यूक्रेन संघर्ष से प्रभावित होता है।

xxxiii. घरेलू उद्योग के लाभ में कमी क्षति अवधि के दौरान बिक्री लागत में वृद्धि के कारण है। इस प्रकार, आयात और घरेलू उद्योग को क्षति के बीच कोई कारणात्मक संपर्क नहीं है।

xxxiv. प्राधिकारी ने रिकॉर्ड किया है कि डीसीडब्ल्यू के निर्धारित कीमत संविदाओं का कोई साक्ष्य नहीं है। तथापि, डीसीडब्ल्यू ने दावा किया है कि उसके वीसीएम आपूर्तिकर्ताओं के साथ दीर्घकालिक संविदाएं थी। घरेलू उद्योग को

होने वाली हानियां प्रचालनात्मक लचीलेपन की कमी और अकुशल संविदागत शर्तों के कारण है।

xxxv. चीन के उत्पादकों/निर्यातकों के लिए अन्य बाजारों पर कब्जा करने के लिए कम कीमत पर संबद्ध सामानों का निर्यात करने का कोई प्रोत्साहन नहीं है, क्योंकि उनके उत्पादन का 90% उनके घरेलू बाजार में खपत हो जाता है।

xxxvi. यह संभव नहीं है कि संबद्ध देशों के उत्पादक अपनी उत्पादन लागत से कम कीमत पर भारत को निर्यात कर रहे हों, जिसका अर्थ है कि भारत में उत्पादन लागत अन्य देशों में उत्पादन लागत से अधिक है।

xxxvii. घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत और लागत कोविड परिस्थितियों के कारण बढ़ी है और उसके बाद, जांच की अवधि तक दो वर्षों में स्थिर हो गई। इसे आयात का कीमत प्रभाव नहीं माना जा सकता।

xxxviii. डीसीएम की तुलना में फिनोलेक्स संबद्ध सामानों के लिए अधिक कीमत वसूलता है, जो दर्शाता है कि डीसीएम को हुई क्षति स्व-प्रभावित है न कि संबद्ध आयातों के कारण।

xxxix. प्राधिकारी को यह जांच करनी चाहिए कि क्या घरेलू उद्योग को हुई क्षति संबद्ध सामानों की कैप्टिव खपत के कारण है। इस संबंध में, प्रोफार्मा IV-क में बताई गई लागतों के मूल्य को अवश्य देखा जाना चाहिए क्योंकि कैप्टिव उत्पादन के लिए लागतों का कम आबंटन प्रति इकाई बिक्री लागत में वृद्धि का कारण बन सकता है।

xl. यह संभव है कि घरेलू उद्योग बंदी के कारण हुई हानियों से उबर रहा हो।

xli. घरेलू उद्योग द्वारा दावा किया गया 950-1000 अमेरिकी डॉलर प्रति एमटी की क्षतिरहित कीमत अत्यधिक बढ़ाई गई है, क्योंकि यह क्षतिरहित कीमत गैर-संबद्ध देशों से आयात से भी अधिक है।

xlii. नियोजित पूंजी पर 22% आय 1987 में तैयार की गई थी जब ब्याज दरें और कॉर्पोरेट कर दरें अलग-अलग थीं। वर्तमान अवधि में ऐसी आय उचित

नहीं है। ब्रिज स्टोन टायर मैन्युफैक्चरिंग और अन्य बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी  में सेस्टैट ने माना कि निवेश पर 22% आय को अपनाने से क्षति का निर्धारण प्रभावित हुआ है। ह्योसंग कॉर्पोरेशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी में, सीईएसटीएटी सेस्टैट ने माना कि नियोजित पूंजी पर उचित आय वह होनी चाहिए थी जो घरेलू उद्योग द्वारा उन वर्षों में अर्जित की गई थी जब पाटन का कोई आरोप नहीं था। यहां तक कि यूरोपीय आयोग भी क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा अर्जित वास्तविक आय के आधार पर उचित आय निर्धारित करता है।

xlii. नियोजित पूंजी पर 22% की आय नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि ऐसी आय नियोजित पूंजी के ऋण हिस्से पर भी दी जा रही है और वैश्विक मंदी के दौर में यह बहुत अधिक है। नियोजित पूंजी पर 22% की आय ऋण इक्विटी अनुपात के आधार पर 27.15% से 41.41% के निवल मूल्य पर प्रभावी लाभ को दर्शाता है।

xliv. निर्धारित क्षतिरहित कीमत बढ़ा-चढ़ाकर बताई गई है क्योंकि 22% आय पर विचार किया गया है जो गलत है क्योंकि वैश्विक मंदी इतनी उच्च आय की अनुमति नहीं देती है और नियोजित पूंजी पर आय, जिसमें इक्विटी और ऋण दोनों शामिल हैं, को ध्यान में रखते हुए, निवल मूल्य पर प्रभावी आय 22% से कहीं अधिक है। नियोजित पूंजी पर उचित आय को उद्योग द्वारा वास्तव में अर्जित उस आय के रूप में माना जाना चाहिए जब देश में कोई पाटन नहीं था।

xlv. यूरोपीय संघ में परिपाटी है, जैसा कि यूरोपीय उर्वरक निर्माता संघ बनाम परिषद के मामले में यूरोपीय न्यायालयों द्वारा भी पुष्टि की गई है, कि माना जाने वाला लाभ मार्जिन उस अवधि में घरेलू उद्योग द्वारा अर्जित लाभ मार्जिन पर आधारित होना चाहिए जिसमें पाटित किए गए या सब्सिडी वाले आयातों का घरेलू उद्योग पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा।

xlvi. वार्षिक रिपोर्टों के अनुसार, डीसीएम श्रीराम लिमिटेड 18.69% की आय अर्जित कर रहा है, जबकि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड 18.09% की आय अर्जित

कर रहा है, जिसे क्षतिरहित कीमत के निर्धारण के लिए ध्यान में रखा जाना चाहिए।

xlvii. रिलायंस और फिनोलेक्स की भागीदारी उनके अधिक लागत-कुशल ढांचे के कारण बेहतर क्षति मानदंड और कम एनआईपी दर्शाएगी।

xlviii. पूर्वव्यापी शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए क्योंकि घरेलू उद्योग द्वारा पूर्वव्यापी शुल्क का अनुरोध करने वाले अनुरोधों में साक्ष्य का अभाव है और घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

xlix. आवेदकों ने दावा किया है कि चूंकि आयात 2022 तक पाटनरोधी शुल्क के अध्यधीन थे, इसलिए भारत में पाटन का इतिहास है। हालाँकि, संयुक्त राज्य अमेरिका से आयात पर शुल्क वास्तविक पाटन और घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति के आधार पर नहीं, बल्कि संभावना के आधार पर जारी रखा गया था। प्राधिकारी ने क्षति के अभाव और क्षति की संभावना के कारण थाईलैंड से आयात पर पाटनरोधी शुल्क जारी नहीं रखा। प्राधिकारी ने पाटन के अभाव के कारण जापान, कोरिया, ताइवान और थाईलैंड से आयात पर दूसरी निर्णायक समीक्षा शुरू नहीं की। इस प्रकार, यह नहीं कहा जा सकता कि भारत में पाटन का इतिहास है।

l. घरेलू उद्योग यह प्रमाण देने में विफल रहा है कि आयातकों को इस बात की जानकारी थी कि निर्यातक भारत में उत्पाद का पाटन कर रहे हैं।

li. आवेदक अल्प अवधि में भारी मात्रा में पाटन को प्रदर्शित करने के लिए साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रहे हैं जिसके लिए पूर्वव्यापी शुल्क लगाना आवश्यक हो। आवेदकों ने यह भी नहीं दर्शाया है कि यदि पूर्वव्यापी आधार पर पाटनरोधी शुल्क नहीं लगाया जाता है तो पाटनरोधी शुल्क के उपचारात्मक प्रभाव कम हो जाएँगे।

lii. आवेदक अनंतिम शुल्कों का अनुरोध करने में विफल रहे हैं, जो पूर्वव्यापी शुल्क लगाने की एक पूर्व शर्त है।

liii. अधिनियम या नियमों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो प्राधिकारी को शुल्कों के अनंतिम मूल्यांकन की सिफारिश करने का अधिकार देता हो।

liv. आवेदकों ने प्राधिकारी से अनुरोध किया है कि वे जाँच अवधि के बाद निर्यातकों के माहवार निर्यात आँकड़े एकत्र करें। हालाँकि, चूँकि वर्तमान जाँच एक मूल जाँच है, इसलिए अधिनियम या नियमावली जाँच अवधि के बाद के आँकड़ों की समीक्षा करने का कोई अधिकार नहीं देते हैं।

## ज.2 <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

207. घरेलू उद्योग द्वारा क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. घरेलू उद्योग को पिछले तीन वर्षों से क्षति हो रही है। प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे शीघ्र अंतिमत जांच परिणाम जारी करें।

ii. पाटन मार्जिन, आयात की मात्रा और प्रतिस्पर्धा की स्थितियों को देखते हुए क्षति का संचयी मूल्यांकन उचित है।

iii. इस तर्क के प्रत्युत्तर में कि संबद्ध देशों से आयात कीमत पाटित और क्षतिकारक नहीं हैं क्योंकि तीसरे देशों से आयात कीमत भी समान है, यह अनुरोध किया गया कि संबद्ध आयात कीमत की तुलना गैर-संबद्ध आयात कीमत से करना यह आकलन करने के लिए उपयुक्त नहीं है कि क्या ऐसी कीमत पाटित और क्षतिकारक है। चीन से आयात के लिए पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी है।

iv. आधार वर्ष और पिछले वर्ष की तुलना में भारत में उत्पादन और खपत के संबंध में तथा निरपेक्ष रूप से संबद्ध आयात की मात्रा में वृद्धि हुई है।

v. जांच अवधि के दौरान, संबद्ध आयात भारत में आयात का 93% था।

vi. संबद्ध आयात की मात्रा भारत में मांग में वृद्धि की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है।

vii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, प्राधिकारी को संचयन के लिए पूर्व शर्त के रूप में मात्रा और कीमत का देश-दर-देश विश्लेषण करने की आवश्यकता नहीं है।

viii. यह तथ्य कि एक देश से आयात कीमत अन्य संबद्ध देशों की तुलना में अधिक है, वि-संचय का कारण नहीं है।

ix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, सभी संबद्ध देशों से आयात की कीमत समान रेंज में है और घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचा रही है।

x. घरेलू उद्योग की कीमतों से कम कीमतों पर आयातों में वृद्धि के परिणामस्वरूप और घरेलू उद्योग की कीमतों के ह्रास और न्यूनीकरण के कारण क्षति हुई है।

xi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, भारत में आयात मांग-आपूर्ति अंतराल से कहीं अधिक है। भारत में मांग-आपूर्ति अंतराल से अधिक आयात में वृद्धि हुई है।

xii. घरेलू उद्योग को ग्राहकों को बनाए रखने के लिए अपनी कीमतों को कम करके, कम कीमत वाले संबद्ध आयातों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। परिणामस्वरूप, जहाँ आयात घरेलू उद्योग की कीमतों को कम कर रहे हैं, वहीं कीमत कटौती कम है।

xiii. कीमत कटौती तब भी सकारात्मक है जब घरेलू उद्योग ने टे में बेचा है।

xiv. यह दावा कि कोई कीमत प्रभाव नहीं है, अतार्किक है क्योंकि पहुँच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है जिसके कारण घरेलू उद्योग घाटे में बेचने को मजबूर है। जहाँ बिक्री लागत बढ़ी है, वहीं घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में गिरावट आई है।

xv. वीसीएम कीमतों के लिए अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा विश्वास किए गए आंकड़े अविश्वसनीय है क्योंकि ऐसे आंकड़ों के स्रोत का खुलासा नहीं किया गया है। चूँकि वीसीएम के लिए कोई समर्पित कोड नहीं है, इसलिए आयात आंकड़ों के आधार पर कीमतों की पहचान नहीं की जा सकती। डीसीडब्ल्यू लिमिटेड और केमप्लास्ट कुड्डालोर विनाइल लिमिटेड, जो वीसीएम का आयात करते हैं, के वास्तविक आंकड़ों के अनुसार, पहुँच कीमत और

वीसीएम कीमतों के बीच अंतर कम हुआ है। घरेलू उद्योग के लिए वीसीएम की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय कीमतों पर आधारित हैं।

xvi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, कीमत ह्रास और न्यूनीकरण का उत्पाद की मांग से कोई संबंध नहीं है।

xvii. आयातों ने घरेलू उद्योग की मालसूची, लाभ, नकद लाभ और निवेश पर आय के साथ-साथ पूंजी निवेश बढ़ाने की उसकी क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।

xviii. प्राधिकारी ने संबद्ध आयातों के मात्रात्मक प्रभाव की पहले ही जांच कर ली है। उद्योग की प्रकृति ऐसी है कि उसे निरंतर उत्पादन करना पड़ता है, भले ही उसे घाटे में बेचना पड़े। परिवहन के लिए आवश्यक विशिष्ट कंटेनरों के कारण, घरेलू उत्पादकों के पास आपूर्तिकर्ताओं और शिपिंग कंपनियों के साथ वीसीएम की आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक संविदांए हैं। यदि कोई घरेलू उत्पादक उत्पादन स्थगित करता है, तो वे अपने संविदात्मक दायित्वों को पूरा नहीं करते हैं अथवा कच्ची सामग्री की मालसूची में वृद्धि का सामना करते हैं। अत:, उत्पादन कम करना घरेलू उद्योग के लिए विकल्प नहीं है।

xix. घरेलू उद्योग अपनी क्षमताओं का उपयोग केवल इसलिए कर पा रहा है क्योंकि वह घाटे में बेच रहा है।

xx. संबद्ध आयातों का बाजार हिस्सा बढ़ा है, जबकि घरेलू उद्योग और समग्र रूप से भारतीय उद्योग का हिस्सा घटा है।

xxi. घरेलू उद्योग को जाँच अवधि के दौरान वित्तीय घाटा हुआ है।

xxii. नकद लाभ में गिरावट आई है और वह नकद घाटे में बदल गया है। जाँच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की निवेश पर आय सबसे कम थी।

xxiii. घरेलू उद्योग का ब्याज कवरेज अनुपात क्षति अवधि के दौरान कम हुआ है और जाँच अवधि के दौरान सबसे कम था। घरेलू उद्योग ने अपने वर्तमान

ब्याज दायित्वों को पूरा करने के लिए भी ब्याज से पहले पर्याप्त लाभ अर्जित नहीं किया है।

xxiv. ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो क्षति की जाँच के लिए संबद्ध देशों और भारत में उत्पादन लागत की तुलना की अनुमति देता हो। जबकि घरेलू उद्योग को अन्य घरेलू उत्पादकों से आंकड़े एकत्र करने पर कोई आपत्ति नहीं है, तथापि प्राधिकारी को केवल यूएस - जापान से कुछ हॉट-रोल्ड स्टील उत्पादों पर पाटनरोधी उपायों में अपीलीय निकाय की रिपोर्ट और यूरोपीय समुदायों - भारत से कॉटन-टाइप बेड लिनन के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क में पैनल रिपोर्ट के अनुसार घरेलू उद्योग बनने वाले घरेलू उत्पादकों के संबंध में क्षति विश्लेषण करने की ही आवश्यकता है।

xxv. जाँच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग को हुए घाटे में वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग तब लाभप्रद था जब पहुँच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से अधिक थी।

xxvi. अन्य हितबद्ध पक्षकार चीन में क्षमता उपयोग के संबंध में साक्ष्य प्रदान करने में विफल रहे हैं। चीन में क्षमता 25 मिलियन एमटी के आसपास है और 10% क्षमता उपयोग भारत में 73% मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

xxvii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग उचित बाजार स्थिति में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम है, जो स्पष्ट है कि जब भारतीय बाजार में कोई पाटन नहीं था, तब घरेलू उद्योग का निष्पादन काफी बेहतर था।

xxviii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के, उत्पाद में किए गए निवेश अल्पकालिक निर्णय नहीं हैं। घरेलू उद्योग को 2020-21 और 2021-22 में कोई क्षति नहीं हुई थी और घरेलू उद्योग को हुई क्षति हाल ही की है।

xxix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर प्राधिकारी द्वारा पाटन की मात्रा निर्धारित की गई है।

इस प्रकार, यह तर्क कि कोई पाटन नहीं हुआ है, गलत है। ऐसे कोई अन्य कारक नहीं हैं जिनसे घरेलू उद्योग को क्षति हुई हो।

xxx. अन्य देशों से आयात की मात्रा चीन से आयात की तुलना में बहुत कम है। चूँकि एस-पीवीसी एक कमोडिटी उत्पाद है, इसलिए भारत में पाटन पर रोक लगने के बाद अन्य देशों से कीमतें भी बढ़ने की संभावना है।

xxxi. अन्य हितबद्ध पक्षकार अन्य संभावित कारकों को दर्शाने में विफल रहे हैं जिनसे घरेलू उद्योग को क्षति हुई हो सकती है।

xxxii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के विपरीत कि घरेलू उद्योग को होने वाली संभावित क्षति को नहीं, बल्कि वास्तविक क्षति को देखा जाना चाहिए, वर्तमान मामला एक निर्णायक समीक्षा नहीं है, और घरेलू उद्योग ने घरेलू उद्योग को हुई वास्तविक क्षति के संबंध में सूचना प्रदान की है।

xxxiii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, क्षति क्षमता विस्तार के कारण नहीं हो सकती क्योंकि आवेदकों में से केवल एक ने ही क्षमता का विस्तार किया है, लेकिन अन्य आवेदकों को नुकसान हुआ है।

xxxiv. ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो घरेलू उत्पादकों के निष्पादन की परस्पर तुलना की अनुमति देता हो। क्षति का आकलन करने के लिए कंपनी के प्रचालन पर विचार करने की आवश्यकता है। डीसीएम जहां व्यापारिक बाजार के लिए उत्पादन करती है, वहीं फिनोलेक्स मुख्य रूप से कैप्टिव खपत के लिए उत्पादन करती है।

xxxv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, डीसीडब्ल्यू के क्रेताओं के साथ निश्चित कीमत संविदाएं नहीं हैं। संविदाएं मात्रा के संदर्भ में तय होती हैं, न कि कीमत के संदर्भ में।

xxxvi. क्षति कच्ची सामग्री की लागत में उतार-चढ़ाव के कारण नहीं है, क्योंकि ऐसे उतार-चढ़ाव उद्योग की प्रकृति में अंतर्निहित हैं। पाटन के अभाव में, कच्चे माल की लागत में वृद्धि से उत्पाद बिक्री कीमत और पहुँच कीमत में भी तदनुरूप वृद्धि होगी।

xxxvii. क्षति कैप्टिव खपत के कारण नहीं है, जैसा कि अन्य पक्षकारों द्वारा आरोप लगाया गया है, क्योंकि केवल एक आवेदक ने ही संबद्ध सामानों की कैप्टिव रूप से खपत की और वह कैप्टिव खपत संबद्ध सामानों के कुल उत्पादन की तुलना में काफी कम थी।

xxxviii. इस तर्क के संबंध में कि क्षति का दावा निराधार है और कीमत निर्धारण या मांग पर वैश्विक बाजार स्थितियों के प्रभावों को नहीं दर्शाता है, यह अनुरोध किया गया कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा वैश्विक कीमतों या मांग के संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। प्राधिकारी पहले ही घरेलू उद्योग को हुई क्षति के विस्तृत विश्लेषण के साथ एक प्राथमिक जांच परिणाम दे चुके हैं।

xxxix. यह आरोप लगाते हुए कि 22% की आय निवल मूल्य पर अत्यधिक उच्च आय की अनुमति देता है, हितबद्ध पक्षकारों ने एक अवास्तविक ऋण इक्विटी अनुपात मान लिया है। यदि वास्तविक अनुपात पर विचार किया जाए, तो 22% की आय निवल मूल्य पर बहुत कम आय की अनुमति देता है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने इस तथ्य की भी अनदेखी की है कि आवेदकों को अर्जित लाभ पर कर का भुगतान करना आवश्यक है और कुछ ऐसे व्यय हैं जिन पर आय की अनुमति दी जानी चाहिए, जिन्हें प्राधिकारी द्वारा गैर-लागत व्यय माना जाता है। अर्जित लाभ ऐसे व्ययों को पूरा करने के लिए पर्याप्त होना चाहिए।

xl. यदि प्राधिकारी क्षति अवधि के दौरान उच्चतम लाभ पर विचार करता है, तो वह क्षतिरहित कीमत के निर्धारण के लिए प्राधिकारी द्वारा लगातार विचार किए गए लाभ से बहुत अधिक था।

xli. यूरोपीय संघ की परिपाटी पर भरोसा करना अनुचित है क्योंकि यूरोपीय संघ कच्चे माल, यूटिलिटियों और उत्पादन क्षमताओं के अनुकूलन के लिए समायोजन किए बिना, घरेलू उद्योग की कुल उत्पादन लागत के आधार पर क्षतरहित कीमत निर्धारित करता है। यदि आय निर्धारित करने में यूरोपीय संघ की परिपाटी को अपनाया जाना है, तो इसे पूरी लागत पर विचार करते समय भी अपनाया जाना चाहिए।

xlii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विपरीत, डीसीएम और डीसीडब्ल्यू दोनों के निवेश पर आय पिछले वर्षों में 22% से अधिक है।

**ज.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>**

208. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में सभी हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों और प्रतिवादों की जाँच की है। प्राधिकारी द्वारा नीचे किया गया विश्लेषण हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों को हल करता है।

209. आशीर्वाद पाइप्स द्वारा किए गए अनुरोधों के संबंध में कि वास्तविक क्षति होनी चाहिए, संभावित क्षति नहीं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उन्होंने संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के आयात के कारण वास्तविक पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क की जाँच की है।

210. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि क्षति निराधार है और वैश्विक बाजार स्थितियों के प्रभावों को नहीं दर्शाती है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकार इस संबंध में कोई विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रहे हैं।

211. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग द्वारा निवेश किए जाने के कारण कोई क्षति नहीं हुई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि निवेश अल्पकालिक निर्णय नहीं हैं। आवेदक ने अनुरोध किया है कि पाटन से पहले घरेलू उद्योग का प्रदर्शन बेहतर था, जब ऐसे निर्णय लिए गए थे। वर्तमान जाँच में घरेलू उद्योग को पाटन और क्षति का मामला हाल ही का है।

212. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि चीनी उत्पादकों के लिए कम कीमतों पर बिक्री करने का कोई प्रोत्साहन नहीं है क्योंकि उनके उत्पादन का 90% घरेलू बाजार में खपत हो जाता है। हालाँकि, रिकॉर्ड में मौजूद तथ्य दर्शाते हैं कि चीनी उत्पादकों ने घरेलू बाजार में काफी मात्रा में बिक्री की है। इसके अलावा, ऐसे आयातों की कीमतें कम हैं और पाटन को दर्शाती हैं। अन्य संबद्ध देशों से आयात भी पाटित कीमतों पर पाए गए। इसलिए, घरेलू बाजार में बेची गई मात्रा के बावजूद, यह एक तथ्य है कि संबद्ध देशों के उत्पादकों ने भारतीय बाजार में पाटन किया है।

213. इस अनुरोध  के संबंध में कि गैर-याचिकाकर्ता उत्पादकों की कीमतें भारत में संबद्ध सामानों की कीमत संरचना को आकार दे रही हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध आयातों का भारत में बड़ा बाजार हिस्सा है। इसके अलावा, संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत न केवल बिक्री कीमत से कम है, बल्कि घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से भी कम है। इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि संबद्ध आयात भारत में कीमतों को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसा कोई साक्ष्य या सूचना रिकॉर्ड में नहीं रखी गई है जिससे प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालें कि घरेलू उद्योग की कीमतें गैर-याचिकाकर्ता उत्पादकों द्वारा प्रभावित हो रही हैं।

214. इस अनुरोध के संबंध में कि संबद्ध सामानों की कीमत भारत में सबसे अधिक है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि विदेशी उत्पादकों और निर्यातकों द्वारा दायर आंकड़ों के अनुसार, पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी है। इसके अतिरिक्त, संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत और बिक्री लागत से कम है। चूँकि संबद्ध देशों के उत्पादक भारत को विचाराधीन उत्पाद अपने सामान्य मूल्य से कम कीमतों पर बेच रहे हैं, इसलिए यह नहीं माना जा सकता कि भारत में कीमतें सबसे अधिक हैं।

215. इस अनुरोध के संबंध में कि वैश्विक स्तर पर अतिरिक्त आपूर्ति है और विदेशी उत्पादक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर भारत को निर्यात कर रहे हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत में मांग-आपूर्ति अंतराल है। मांग-आपूर्ति अंतराल के बाद भी, घरेलू उद्योग भारत में पाटन के कारण विचाराधीन उत्पाद को अपनी बिक्री लागत से कम कीमतों पर बेच रहा है। इस प्रकार, कीमतों को प्रतिस्पर्धी नहीं माना जा सकता। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने विदेशी उत्पादकों द्वारा दायर उत्तरों के आधार पर पाटन मार्जिन का निर्धारण किया है। चूँकि पाटन मार्जिन सकारात्मक और महत्वपूर्ण है, इसलिए यह नहीं माना जा सकता कि आयात उचित कीमतों पर हैं।

216. इस अनुरोध के संबंध में कि भारत में उत्पादन लागत अन्य संबद्ध देशों की तुलना में अधिक है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की स्थिति को वर्तमान

स्थिति के अनुसार ही देखा जाना चाहिए। पाटनरोधी नियमावली में संबद्ध देशों और भारत में लागत के बीच तुलना की आवश्यकता नहीं है।

217. पूर्वव्यापी आधार पर पाटनरोधी शुल्क लगाने के अनुरोध के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जाँच में पूर्वव्यापी आधार पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

**ज.3.1 <u>क्षति का संचयी मूल्यांकन</u>**

218. विश्व व्यापार संगठन करार के अनुच्छेद 3.3 और नियमावली के अनुबंध II के पैरा (iii) में यह प्रावधान है कि यदि एक से अधिक देशों से किसी उत्पाद के आयात पर एक साथ पाटनरोधी जांच की जा रही है, तो प्राधिकारी ऐसे आयातों के प्रभाव का संचयी मूल्यांकन करेगा, यदि वह यह निर्धारित करते है कि:

क. प्रत्येक देश से आयात के संबंध में सिद्ध पाटन मार्जिन निर्यात कीमत के प्रतिशत के रूप में व्यक्त दो प्रतिशत से अधिक है और प्रत्येक देश से आयात की मात्रा समान वस्तु के आयात का तीन प्रतिशत (या अधिक) है या जहां अलग-अलग देशों का निर्यात तीन प्रतिशत से कम है, तो आयात सामूहिक रूप से समान वस्तु के आयात का सात प्रतिशत से अधिक है, और

ख. आयातित वस्तु और समान घरेलू वस्तुओं के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों के आलोक में आयात के प्रभाव का संचयी मूल्यांकन उपयुक्त है।

219. वर्तमान मामले में, प्रत्येक संबद्ध देश से आयात की मात्रा और पाटन मार्जिन न्यूनतम से अधिक है। इसके अतिरिक्त, संबद्ध देशों से आयात और घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद में परस्पर तुलनीय गुण हैं और इनका उपयोग समान अनुप्रयोगों के लिए और समान ग्राहक वर्ग द्वारा किया जा रहा है। इस प्रकार, संबद्ध आयात भारतीय बाजार में परस्पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और साथ ही घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित संबद्ध सामानों के साथ भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

220. इस अनुरोध के संबंध में कि संबद्ध देशों में से एक से आयात कीमत अन्य संबद्ध देशों की तुलना में अधिक थी, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आयातों के संचयी मूल्यांकन के लिए इसका आकलन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि उन सभी जाँचों में जहाँ एक से अधिक देशों से आयात का एक साथ आकलन किया जा रहा है, एक देश से आयात कीमत हमेशा दूसरे देश से अधिक होगी। यदि संचयी मूल्यांकन के लिए ऐसी तुलना आवश्यक होती, तो किसी भी जाँच में आयातों का संचयी मूल्यांकन करने की कोई संभावना नहीं होती।

221. इस तथ्य के संबंध में कि चीन से आयात कीमत गैर-संबद्ध देशों से आयात कीमत से अधिक है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो संबद्ध देशों से आयात कीमत की तुलना गैर-संबद्ध देशों से करने को अनिवार्य बनाता हो। गैर-संबद्ध देशों से आयात न्यूनतम हैं और इसलिए, ऐसे आयातों को वर्तमान जाँच में संबद्ध आयात नहीं माना जा सकता है।

222. इस प्रकार, प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालने का प्रस्ताव करते हैं कि निम्नलिखित कारणों से वर्तमान जाँच में आयातों को संचित करना उचित होगा:-

क. संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों का भारत में पाटन किया जा रहा है।

ख. प्रत्येक संबद्ध देश से पाटन मार्जिन नियमों के तहत निर्धारित *न्यूनतम सीमा* से अधिक है।

ग. प्रत्येक संबद्ध देश से आयात की मात्रा अलग अलग रूप से कुल आयात मात्रा के 3% से अधिक है।

घ. आयात के प्रभावों का संचयी मूल्यांकन उपयुक्त है क्योंकि संबद्ध देशों से आयात न केवल प्रत्येक संबद्ध देश से आयात के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा करते हैं, बल्कि भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत समान वस्तुओं के साथ भी प्रतिस्पर्धा करते हैं।

**ज.3.2. <u>पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव</u>**

**क) <u>मांग का मूल्यांकन/स्पष्ट खपत</u>**

223. वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ, भारत में उत्पाद की मांग या प्रत्यक्ष खपत को भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतों से आयात के योग के रूप में परिभाषित किया गया है। इस प्रकार मूल्यांकित मांग नीचे दी गई तालिका में दी गई है।

| विवरण | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| घरेलू उद्योग की बिक्री | एमटी | 4,10,587 | 4,54,477 | 4,70,734 | 4,81,280 |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 111 | 115 | 117 |
| अन्य घरेलू उत्पादकों की बिक्री | एमटी | 7,75,586 | 7,71,140 | 7,94,595 | 7,40,996 |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 99 | 102 | 96 |
| संबद्ध आयात | एमटी | 10,29,546 | 12,51,861 | 19,97,000 | 23,23,183 |
| अपाटित आयात (हन्वा) | एमटी | | | | 93,466 |
| अन्य आयात | एमटी | 2,76,383 | 1,16,123 | 1,48,155 | 1,69,420 |
| कुल माँग | एमटी | 24,92,103 | 25,93,601 | 34,10,483 | 37,14,880 |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 104 | 137 | 149 |

224. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान भारत में संबद्ध सामानों की मांग में वृद्धि हुई है और जाँच अवधि के दौरान यह सर्वाधिक थी।

**ख) <u>संबद्ध देशों से आयात की मात्रा</u>**

225. आयात मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करना आवश्यक है कि क्या संबद्ध देशों से पाटित आयातों में, चाहे निरपेक्ष रूप से या भारत में उत्पादन या

खपत के सापेक्ष, उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसका विश्लेषण नीचे दी गई तालिका में किया गया है।

| विवरण | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| संबद्ध आयात | एमटी | 10,29,546 | 12,51,861 | 19,97,000 | 22,29,717 |
| चीन जन.गण. | एमटी | 88,995 | 2,82,101 | 7,71,817 | 8,08,326 |
| इंडोनेशिया | एमटी | 15,839 | 58,524 | 67,425 | 1,14,045 |
| जापान | एमटी | 3,57,780 | 3,38,146 | 3,61,072 | 4,04,597 |
| कोरिया गणराज्य | एमटी | 2,09,254 | 1,93,786 | 1,81,813 | 1,58,167 |
| ताइवान | एमटी | 2,49,544 | 2,60,851 | 3,24,390 | 3,69,959 |
| थाईलैंड | एमटी | 67,312 | 1,09,792 | 1,21,946 | 1,25,325 |
| यूएसए | एमटी | 40,823 | 8,662 | 1,68,536 | 2,49,299 |
| अपाटित आयात (हन्वा) | | | | | 93,466 |
| अन्य आयात | एमटी | 2,76,383 | 1,16,123 | 1,48,155 | 1,69,420 |
| कुल आयात | एमटी | 13,05,930 | 13,67,984 | 21,45,155 | 24,92,603 |
| निम्नलिखत के संबंध में संबद्ध आयात | | | | | |
| उत्पादन | % | 76% | 88% | 134% | 157% |
| खपत | % | 41% | 48% | 59% | 60% |
| कुल आयात | % | 79% | 92% | 93% | 93% |

226. यह नोट किया जाता है कि -

i. संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयात में वृद्धि हुई है।

ii. यद्यपि संबद्ध देशों से आयात में वृद्धि हुई है, परंतु क्षति अवधि के दौरान अन्य देशों से आयात में कमी आई है।

iii. उत्पादन और खपत के संबंध में आयात में भी क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। जांच अवधि के दौरान संबद्ध आयात भारत में अधिकांश खपत को पूरा करते हैं।

iv. इसके अतिरिक्त, जबकि आयात की मात्रा कुल घरेलू उत्पादन से कम थी, जो कुल घरेलू उत्पादन का केवल तीन-चौथाई थी, अब यह घरेलू उत्पादन का लगभग 1.57 गुना है।

v. यद्यपि आधार वर्ष के दौरान भारत में किए गए आयात में संबद्ध आयातों का योगदान 79% था, जांच अवधि के दौरान आयात का लगभग संपूर्ण हिस्सा संबद्ध देशों से आयातों का था।

vi. आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान भारत में मांग में 49% की वृद्धि हुई है, जबकि इसी अवधि के दौरान संबद्ध आयातों में 117% की वृद्धि हुई है। इस प्रकार, संबद्ध आयातों में मांग में वृद्धि की तुलना में अधिक गति से वृद्धि हुई है।

227. प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह अनुरोध किया है कि यद्यपि संबद्ध आयातों में भारत में मांग में वृद्धि की तुलना में अधिक वृद्धि हुई है, किन्तु ऐसा केवल घरेलू उद्योग की मांग-आपूर्ति अंतराल को पूरा करने की क्षमता के अभाव के कारण हुआ है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध आयात भारत में मांग-आपूर्ति के अंतर से अधिक हैं। इसके अतिरिक्त, क्षति अवधि के दौरान अतिरिक्त आयातों में वृद्धि हुई है। अतः, आयातों में इस वृद्धि को केवल भारत में मांग-आपूर्ति के अंतर के कारण नहीं माना जा सकता।

| विवरण | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत में क्षमता | एमटी | 14,63,500 | 14,77,000 | 15,18,667 | 15,27,000 |
| मांग | एमटी | 24,92,103 | 25,93,601 | 34,10,483 | 37,14,880 |
| मांग-आपूर्ति अंतराल | एमटी | 10,28,603 | 11,16,601 | 18,91,816 | 21,87,880 |
| संबद्ध देशों से आयात | एमटी | 10,29,5 | 12,51,86 | 19,97,00 | 22,29,717 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 46 | 1 | 0 | |
| अपाटित आयात (हन्वा) | एमटी | | | | 93,466 |
| अन्य देशों से आयात | एमटी | 2,76,383 | 1,16,123 | 1,48,155 | 1,69,420 |
| अतिरिक्त आयात | एमटी | 2,77,326 | 2,51,383 | 2,53,339 | 3,04,723 |

228. इस अनुरोध के संबंध में कि केवल आयात में वृद्धि पर्याप्त नहीं है और इसके प्रभाव की जाँच करने की आवश्यकता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग और उत्पादन में वृद्धि हुई है। ऐसा घरेलू उद्योग की उत्पादन प्रक्रिया की प्रकृति के कारण है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उत्पादकों के सीवीएम के आपूर्तिकर्ताओं और शिपिंग कंपनियों के साथ दीर्घकालिक अनुबंध हैं। आवेदक नियमित आधार पर वीसीएम की मात्रा उठाने और उसे विशेष भंडारण स्थानों में संग्रहीत करने के लिए बाध्य हैं। चूँकि भंडारण सीमित है, इसलिए घरेलू उद्योग उत्पादन को स्थगित या कम नहीं कर सकता, भले ही उसे घाटे में बेचना पड़े। इसके कारण, क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के उत्पादन और क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है।

229. घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में वृद्धि के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग अपनी बिक्री केवल इसलिए बढ़ा पाया है क्योंकि वह घाटे में बिक्री कर रहा था। चूँकि एस-पीवीसी एक कमोडिटी उत्पाद है, इसलिए घरेलू उद्योग इस उत्पाद की बिक्री जारी नहीं रख पाएगा यदि वह अपने उत्पाद की कीमत उसकी बिक्री लागत से अधिक रखता है क्योंकि पहुँच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से काफी कम है।

**ज.3.3. <u>पाटित आयातों का कीमत प्रभाव</u>**

230. घरेलू उद्योग की कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, यह विश्लेषण करना आवश्यक है कि क्या कथित पाटित आयातों के कारण भारत में समान उत्पादों की कीमतों की तुलना में कीमतों में उल्लेखनीय कमी आई है, या क्या ऐसे आयातों

का प्रभाव कीमतों को कम करने या कीमतों में वृद्धि को रोकने के लिए है, जो अन्यथा सामान्य रूप से होती। संबद्ध देशों से पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर पड़ने वाले प्रभाव की जांच कीमत कटौती, कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण, यदि कोई हो, के संदर्भ में की गई है।

**क) कीमत कटौती**

231. कीमत कटौती विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत की तुलना संबद्ध देशों से आयातों के पहुंच मूल्य से की गई है।

| विवरण | यूनिट | राशि |
|---|---|---|
| बिक्री कीमत | रु./एमटी | *** |
| पहुंच कीमत | रु./एमटी | 75,846 |
| कीमत कटौती | रु./एमटी | *** |
| कीमत कटौती | % | ***% |
| कीमत कटौती | रेंज | 0-10% |

232. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं, और यह कीमत कटौती सकारात्मक एवं काफभ् है। घरेलू उद्योग आयातों की पहुँच कीमत के कारण कीमतों में कमी करने के लिए बाध्य हुआ है और जाँच अवधि के दौरान घाटे में बिक्री कर रहा है। फिर भी, पहुँच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है।

233. इस अनुरोध के संबंध में कि कीमत कटौती का आकलन चार वर्षों के लिए किया जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसी जाँच कानूनन या विगत परिपाटी के अनुसार आवश्यक नहीं है। प्राधिकारी ने क्षति अवधि के लिए कीमत ह्रास और न्यूनीकरण की जाँच की है।

234. इस अनुरोध के संबंध में कि नगण्य कीमत कटौती यह दर्शाती है कि घरेलू उद्योग उत्पाद की कीमत बाजार के अनुसार निर्धारित करता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध सामान एक वस्तु उत्पाद हैं, और एस-पीवीसी के सभी उत्पादक अपने उत्पादों

की कीमत बाजार के अनुसार निर्धारित करते हैं। चूँकि भारत में संबद्ध आयातों का बाज़ार में अधिकांश हिस्सा है और संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है, इसलिए घरेलू उद्योग को अपनी बिक्री लागत से कम कीमतों पर बिक्री करने के लिए बाध्य होना पड़ा है। इस कारण, जाँच की अवधि में घरेलू उद्योग को घाटा हुआ है।

**ख) कीमत ह्रास/न्यूनीकरण**

235. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित आयात घरेलू कीमतों का ह्रास कर रहे हैं और क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों को काफी मात्रा तक न्यूनीकरण करना है या अथवा कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा सामान्य रूप से होती, क्षति अवधि के दौरान लागत और कीमतों में हुए परिवर्तनों की तुलना नीचे दी गई है:

| विवरण | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| बिक्री कीमत | रु./एमटी | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 141 | 101 | 86 |
| बिक्री की लागत | रु./एमटी | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 146 | 123 | 105 |
| पहुंच कीमत | रु./एमटी | 82,169 | 1,24,033 | 95,518 | 75,846 |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 151 | 116 | 92 |

236. प्राधिकारी नोट करते हैं कि 2021-22 में घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत, दोनों में वृद्धि हुई। तथापि, बिक्री कीमत में वृद्धि, बिक्री लागत में वृद्धि से कम थी। 2022-23 में, घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत और बिक्री लागत में कमी आई, लेकिन बिक्री कीमत में गिरावट अधिक थी। जाँच अवधि के दौरान, बिक्री लागत और बिक्री कीमत में और कमी आई। जाँच अवधि के दौरान, संबद्ध देशों से आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत से कम थी, जिससे घरेलू उद्योग को लागत से कम होने के बावजूद अपनी कीमतें कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। आधार वर्ष की तुलना में, जहाँ बिक्री लागत में वृद्धि हुई है, वहीं घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में गिरावट आई है। आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों को कम किया है और कीमत वृद्धि को रोका है, जो अन्यथा होती।

237. अन्य हितधारक पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि कीमत ह्रास/न्यूनीकरण मांग में वृद्धि के कारण हो सकती है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि कीमत ह्रास/न्यूनीकरण घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत का विश्लेषण है, और यह मांग का कारक नहीं है। हालाँकि, अन्यथा भी, यह एक निर्विवाद तथ्य है कि संबद्ध सामानों की मांग में वृद्धि हुई है और यह देश की क्षमता से अधिक है। ऐसी स्थिति में, मांग-आपूर्ति आर्थिकी के परिणामस्वरूप बाजार में कीमतों में वृद्धि होनी चाहिए थी। इसके विपरीत, लागत में वृद्धि के बावजूद कीमतों में गिरावट आई है। इस प्रवृत्ति को मांग में उतार-चढ़ाव के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, जो अच्छी गति से बढ़ी है।

238. इस अनुरोध के संबंध में कि चीन जन.गण. से पहुँच कीमत में गिरावट कच्चे माल की कीमत में गिरावट और उत्पादन प्रौद्योगिकी के अनुकूलन के कारण है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने संबद्ध सामानों के लिए कच्ची सामग्री की कीमतों में गिरावट या प्रौद्योगिकी में किए गए परिवर्तनों के संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड में उपलब्ध साक्ष्य के अनुसार, जबकि घरेलू उद्योग के कच्चे माल की कीमतों में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है, पहुँच कीमत में गिरावट आई है।

| विवरण | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| पहुंच कीमत | रु./एमटी | 82,169 | 1,24,033 | 95,518 | 75,846 |
| पहुंच कीमत | सूचीबद्ध | 100 | 151 | 116 | 92 |
| कच्ची सामग्री लागत | रु./एमटी | *** | *** | *** | *** |
| कच्ची सामग्री लागत | सूचीबद्ध | 100 | 155 | 125 | 106 |

239. इस अनुरोध के संबंध में कि विचाराधीन उत्पाद की पहुंच कीमत वीसीएम की अंतर्राष्ट्रीय कीमत के अनुरूप बढ़ी है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड में उपलब्ध साक्ष्य के अनुसार घरेलू उद्योग की वीसीएम कीमतें, अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के आधार पर हैं। इसके अतिरिक्त वीसीएम का आयात केमप्लास्ट कुड्डालोर विनाइल्स लिमिटेड और डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा किया जाता है। प्राधिकारी ने संबद्ध सामानों की

पहुंच कीमत की तुलना केमप्लास्ट और डीसीडब्ल्यू की वीसीएम की कीमत से की है। यह नोट किया जाता है कि पहुंच कीमत और वीसीएम की कीमत के बीच अंतर में गिरावट आई है। इस प्रकार, प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालने का प्रस्ताव करते हैं कि वीसीएम की कीमत में तद्नुरूपी गिरावट के बिना पहुंच कीमत में गिरावट आई है।

| विवरण | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| वीसीएम की कीमत | रु./एमटी | *** | *** | *** | *** |
| वीसीएम की कीमत | सूचीबद्ध | 100 | 157 | 120 | 101 |
| पहुंच कीमत | रु./एमटी | 82,169 | 1,24,033 | 95,518 | 75,846 |
| पहुंच कीमत | सूचीबद्ध | 100 | 151 | 116 | 92 |
| डेल्टा | रु./एमटी | *** | *** | *** | *** |
| डेल्टा | सूचीबद्ध | 100 | 131 | 103 | 64 |

240. इसके अतिरिक्त, हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध के विपरीत, यदि कच्ची सामग्री की कीमतों में गिरावट की प्रतिक्रिया में ही गिरावट आई होती तो पहुंच कीमत में पाटन नहीं दर्शाया होता। तथापि, प्राधिकारी ने यह पाया है कि विदेशी उत्पादकों द्वारा स्वयं दी गई सूचना पाटन दर्शाती है। ऐसी स्थिति में यह नहीं माना जा सकता कि आयात कीमतें कम कच्ची सामग्री कीमतों के कारण कम हैं।

241. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि बिक्री कीमत और लागत कोविड के कारण प्रभावित हुई थी और जांच की अवधि में ही स्थिर हुई हैं और इस प्रकार, कोई कीमत प्रभाव नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड में कोई ऐसा साक्ष्य नहीं है जो घरेलू उद्योग की लागत और कीमत पर कोविड का संभावित प्रतिकूल प्रभाव दर्शाए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग आधार वर्ष और 2021-22 में उस समय लाभप्रद था जब संबद्ध सामानों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत से अधिक थी।

### ज.3.4 घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंड

242. नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि उन उत्पादों के घरेलू उत्पादों पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव की वस्तुपरक जांच क्षति के निर्धारण में शामिल होगी। इन उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों के परिणमाी प्रभाव के संबंध में नियमावली में यह भी प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में सभी संगत आर्थिक कारकों का उद्देश्यपरक और निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा और उन तत्वों का मूल्यांकन शामिल होगा जिनका बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता के उपयोग सहित घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले, घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा को प्रभावित करने वाले कारकों; नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता में वास्तविक और संभावित गिरावट सहित सभी तत्व शामिल होंगे।

243. क्षति मापदंडों की जांच विभिन्न तथ्यों और किए गए अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए उद्देश्यपूर्ण ढंग से की गई है।

**क) उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा**

244. क्षति की अवधि में घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री निम्नलिखित तालिका में दी गई है:

| विवरण | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| क्षमता | एमटी | 4,63,500 | 4,77,000 | 5,18,667 | 5,27,000 |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 103 | 112 | 114 |
| उत्पादन | एमटी | 4,02,473 | 4,61,616 | 4,78,088 | 4,80,406 |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 115 | 119 | 119 |
| क्षमता उपयोग | % | 87% | 97% | 92% | 91% |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 111 | 106 | 105 |
| घरेलू बिक्री | एमटी | 4,10,487 | 4,54,477 | 4,70,734 | 4,81,820 |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 111 | 115 | 117 |

245. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, घरेलू बिक्री और क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है। इस कारण घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

246. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि उत्पादन प्रक्रिया की प्रकृति ऐसी है कि घरेलू उद्योग को उत्पादन जारी रखना आवश्यक है, भले ही उसे घाटे में बेचना पड़े। घरेलू उद्योग कच्चे माल के आपूर्तिकर्ताओं और शिपिंग कंपनियों के साथ वीसीएम की खरीद के लिए संविदात्मक दायित्व से बंधा हुआ है। चूँकि वीसीएम को क्रायोजेनिक तापमान पर विशेष भंडारण टैंकों में भंडारित किया जाता है, इसलिए आवेदकों के पास वीसीएम के लिए सीमित भंडारण उपलब्ध है। तदनुसार, घरेलू उद्योग ने घाटे में बिक्री की है, लेकिन अपने उत्पादन और क्षमता उपयोग में वृद्धि जारी रखी है।

**ख) बाजार हिस्सा**

247. घरेलू उद्योग, अन्य घरेलू उत्पादकों, संबद्ध आयातों और अन्य देशों से आयातों की बाजार हिस्सेदारी नीचे दी गई तालिका में दी गई है।

| विवरण | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| घरेलू उद्योग की बिक्री | % | 16% | 18% | 14% | 13% |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 106 | 84 | 79 |
| अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री | % | 31% | 30% | 23% | 20% |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 96 | 75 | 64 |
| संबद्ध आयात | % | 41% | 48% | 59% | 60% |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 117 | 142 | 146 |
| अपाटित आयात (हन्वा) | % | | | | 93,466 |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | | | | 100 |
| अन्य आयात | % | 11% | 4% | 4% | 5% |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 40 | 39 | 41 |

248. प्राधिकारी नोट करते हैं कि:

i. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के साथ-साथ समग्र रूप से भारतीय उद्योग की हिस्सेदारी में गिरावट आई है।

ii. अन्य देशों से आयात की हिस्सेदारी में भी गिरावट आई है।

iii. मांग में संबद्ध आयातों की हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है, और संबद्ध आयातों का बाजार में 60% हिस्सा है। संबद्ध आयातों ने भारतीय उद्योग के साथ-साथ अन्य देशों से आयातों की बाजार हिस्सेदारी पर भी कब्ज़ा कर लिया है।

**ग) मालसूची**

249. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के पास मालसूची की स्थिति नीचे दी गई तालिका में दी गई है:

| विवरण | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| औसत मालसूची | एमटी | 8,919 | 4,308 | 6,795 | 8,798 |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 48 | 76 | 99 |

250. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की मालसूची में आधार वर्ष की तुलना में 2021-22 में गिरावट आई और उसके बाद 2022-23 और जाँच अवधि में वृद्धि हुई।

251. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि मालसूची में वृद्धि खराब गुणवत्ता, माँग की कमी, अति उत्पादन या आंतरिक संभारकीय अदक्षताओं के कारण हुई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने भारत में संबद्ध सामानों की काफी मात्रा बेची है। गुणवत्ता संबंधी समस्याओं की स्थिति में, घरेलू उद्योग संबद्ध सामानों को बेचने में सक्षम नहीं होता। इसके अतिरिक्त, चूँकि भारत में माँग-आपूर्ति अंतराल है, इसलिए कोई अति-उत्पादन या माँग की कमी नहीं है। संभारकीय अदक्षताओं के संबंध में, रिकॉर्ड में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है।

**घ) लाभप्रदता, नकद लाभ और नियोजित पूँजी पर आय**

252. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता, निवेश पर आय और नकद लाभ नीचे दी गई तालिका में दिए गए हैं: -

| विवरण | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| बिक्री लागत | रु./एमटी | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 146 | 123 | 105 |
| बिक्री कीमत | रु./एमटी | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 141 | 101 | 86 |
| लाभ/(हानि) प्रति यूनिट | रु./एमटी | *** | *** | (***) | (***) |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 116 | -4 | -9 |
| कुल लाभ/(हानि) | लाख रु. | *** | *** | (***) | (***) |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 129 | -5 | -10 |
| नकद लाभ | लाख रु. | *** | *** | *** | (***) |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 127 | 4 | -1 |
| नियोजित पूंजी पर आय | % | *** | *** | *** | *** |
| प्रवृत्ति | % सूचीबद्ध | 100 | 91 | 14 | 14 |

253. प्राधिकारी नोट करते हैं कि:

क. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में उल्लेखनीय गिरावट आई है। जबकि घरेलू उद्योग 2020-21 और 2021-22 में लाभ कमा रहा था, उसे 2022-23 और जाँच की अवधि में वित्तीय घाटा हुआ है। इसके अतिरिक्त, जाँच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के घाटे में वृद्धि हुई है।

ख. जबकि घरेलू उद्योग की बिक्री में वृद्धि हुई है, घरेलू उद्योग के कुल घाटे में भी वृद्धि हुई है। इस प्रकार, बिक्री की अतिरिक्त मात्रा के साथ, घरेलू उद्योग के घाटे में वृद्धि हो रही है।

ग. नकद लाभ में उल्लेखनीय गिरावट आई है और इस हद तक कि जाँच अवधि के दौरान यह ऋणात्मक थी।

घ. घरेलू उद्योग के नियोजित पूंजी पर आय में भी यही प्रवृत्ति रही है। क्षति अवधि के दौरान नियोजित पूंजी पर आय में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

254. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि ब्याज लागत में वृद्धि के कारण ब्याज कवरेज अनुपात में गिरावट आई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की ब्याज लागत में वास्तव में गिरावट आई है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग के पीबीआईटी में भी इस अवधि में भारी गिरावट आई है। इसलिए, लाभप्रदता में गिरावट को ब्याज लागत के कारण नहीं माना जा सकता।

| विवरण | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| पीबीआईटी | लाख रु. | *** | *** | *** | *** |
| पीबीआईटी | सूचीबद्ध | 100 | 121 | 17 | 12 |
| ब्याज | लाख रु. | *** | *** | *** | *** |
| ब्याज | सूचीबद्ध | 100 | 98 | 76 | 76 |

**ड. रोजगार, उत्पादकता और मजदूरी**

255. 256. पूरी क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग का रोजगार, उत्पादकता और मजदूरी नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है।

| विवरण | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| कर्मचारियों की संख्या | संख्या | 555 | 571 | 567 | 577 |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 103 | 102 | 104 |
| मजदूरी | लाख रु. | 7,491 | 8,607 | 9,060 | 8,786 |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 115 | 121 | 117 |
| प्रति दिन उत्पादकता | एमटी/दिन | 1,220 | 1,399 | 1,449 | 1,456 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 115 | 119 | 119 |
| प्रति कर्मचारी उत्पादकता | एमटी/सं. | 725 | 808 | 843 | 833 |
| प्रवृत्ति | सूचीबद्ध | 100 | 111 | 116 | 115 |

256. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के कर्मचारियों की संख्या, वेतन और उत्पादकता में वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग ने इस मानदंड पर किसी क्षति का दावा नहीं किया है।

**च) वृद्धि**

| विवरण | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पादन | % | - | 15% | 4% | 0% |
| घरेलू बिक्री | % | - | 11% | 4% | 2% |
| लाभ/हानि | % | - | 16% | -104% | -109% |
| नकद लाभ | % | - | 27% | -96% | -125% |
| नियोजित पूंजी पर आय | % | | -9% | -85% | -0.46% |

257. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के मात्रा मापदंडों ने क्षति अवधि के दौरान सकारात्मक वृद्धि दर्शाई है। घरेलू उद्योग के लाभ, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय में आधार वर्ष की तुलना में 2021-22 में वृद्धि हुई है। हालाँकि, घरेलू उद्योग के लाभप्रदता मापदंडों ने 2022-23 के दौरान नकारात्मक वृद्धि दर्शाई है, जो जाँच अवधि के दौरान और भी बिगड़ गई है।

**छ) कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक**

258. संबद्ध आयातों की कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत और बिक्री लागत से कम है। ऐसी कम कीमतों ने घरेलू उद्योग की कीमतों पर दबाव डाला है। इसने घरेलू उद्योग को अपनी लागत से कम कीमतों पर बेचने के लिए मजबूर किया है, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय और नकद हानियां हुई हैं। आयातों ने कीमत वृद्धि रोकी है,

जो अन्यथा हुई होती। इसलिए, आयात घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित कर रहे हैं।

259. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग की कीमतें आयात कीमत से प्रभावित नहीं होतीं, क्योंकि निर्यातक अधिक कीमतें वसूलते हैं और भारत में कीमत निर्धारित करते हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच अवधि में आयात कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और क्षति-रहित कीमत से कम थी। इसके अतिरिक्त, जब घरेलू उद्योग ने घाटे में भी बिक्री की है, तब भी कीमत कटौती सकारात्मक है। इस प्रकार, भारत में संबद्ध आयातों के पाटन के कारण घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

**ज) पाटन की मात्रा**

260. यह नोट किया गया है कि संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों का भारत में पाटन किया जा रहा है और पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी है।

**झ) पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता**

261. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच अवधि में घरेलू उद्योग को वित्तीय और नकद घाटा हुआ है। घरेलू उद्योग की कुल हानियाँ घरेलू उद्योग की बिक्री में वृद्धि के साथ बढ़ी हैं। घरेलू उद्योग अपनी वर्तमान ब्याज लागतों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त लाभ नहीं कमा रहा है। ऐसे मामले में, घरेलू उद्योग की पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

**झ. <u>क्षति मार्जिन की मात्रा</u>**

262. प्राधिकारी ने यथासंशोधित अनुबंध-III के साथ पठित नियमावली में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए क्षतिरहित कीमत निर्धारित की है। संबद्ध सामानों की क्षतिरहित कीमत जांच की अवधि के लिए उत्पादन लागत से संबंधित सत्यापित सूचना/आंकड़ों को अपनाकर निर्धारित की गई है। क्षति रहित कीमत क्षति मार्जिन का परिकलन करने के लिए संबद्ध देशों से पहुंच कीमत की तुलना करने हेतु मानी गई है। क्षतिरहित कीमत निर्धारित करने के लिए क्षति की

अवधि में कच्ची सामग्री, यूटिलिटियों  और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि उत्पादन लागत पर कोई असाधारण अथवा अनावर्ती खर्चे न लगाए जाएं। विचाराधीन उत्पाद के लिए नियोजित औसत पूंजी (अर्थात औसत निवल नियोजित परिसंपत्तियां और औसत कार्यशील पूंजी) पर उपयुक्त आय (कर-पूर्व 22% की दर से) नियमावली के अनुबंध-III में निर्धारित किए गए अनुसार क्षतिरहित कीमत निकालने के लिए कर-पूर्व लाभ के रूप में अनुमति दी गई थी और दी जा रही है।

263. सहयोगी निर्यातकों के लिए पहुँच कीमत का निर्धारण निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर किया गया है। संबद्ध देशों के सभी असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए, प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पहुँच कीमत का निर्धारण किया है।

264. इस तर्क के संबंध में कि नियोजित पूंजी पर 22% आय अनावश्यक है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की क्षतिरहित कीमत का निर्धारण नियोजित पूंजी पर उचित आय, जो 22% है, के आधार पर करना प्राधिकारी की एक सतत परिपाटी है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि समान वस्तु पर उचित विचार किए बिना कंपनी स्तर के प्रतिफल के आधार पर प्रतिफल की गणना करने या अन्य को छोड़कर आवेदकों में से किसी एक को प्रतिफल की बेंचमार्किंग करने या कुछ अवधियों के लिए प्रतिफल की गणना करने संबंधी अनुरोध, जिनके चयन को उचित ठहराना कठिन है, प्राधिकारी के लिए अपनी स्थापित परिपाटी से विचलित होने का ठोस आधार नहीं हैं।

265. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि प्रचलित ब्याज दरों और कर दरों सहित वर्तमान आर्थिक स्थिति के आलोक में 22% का प्रतिफल उचित नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति-रहित कीमत के निर्धारण हेतु नियोजित पूँजी पर 22% की आय देना प्राधिकारी की सतत् परिपाटी  है। ब्रिजस्टोन मामले में माननीय सेस्टैट की टिप्पणियाँ कम कीमत पर बिक्री के निर्धारण में 22% आरओसीई के उपयोग के संबंध में थीं, न कि क्षति-रहित कीमत (एनआईपी) की गणना में इसकी उपयुक्तता के संबंध में। इसके अतिरिक्त, ब्रिजस्टोन का निर्णय पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-III के लागू होने से पहले का है, जिससे अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा इस पर निर्भरता अनुचित हो जाती है। बाद के मेरिनो पैनल प्रोडक्ट्स मामले में, सेस्टैट

ने 22% आरओसीई लागू करने की प्राधिकारी की परिपाटी को बरकरार रखा। इसके अलावा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि नियोजित पूंजी पर 22% आय पर विचार करने के बाद भी, एक घरेलू उत्पादक की आय उसके द्वारा वहन की गई ब्याज लागत से कम है, जिससे ब्याज और इक्विटी पर आय की पर्याप्त वसूली नहीं होती। इसे देखते हुए, प्राधिकारी को 22% आय नहीं मिलती।

266. ऊपर निर्धारित पहुँच कीमत और क्षति-रहित कीमत के आधार पर, प्राधिकारी द्वारा उत्पादकों/निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन निर्धारित किया गया है और यह नीचे दी गई तालिका में दिया गया है: -

| **क्र.स.** | **उत्पादक का नाम** | **क्षति रहित कीमत** | **पहुंच कीमत** | **क्षति मार्जिन** | **क्षति मार्जिन** | **क्षति मार्जिन** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | यूएसडा./एमटी | यूएसडा./एमटी | यूएसडा./एमटी | % | रेंज (%) |
| **क. चीन** | | | | | | |
| 1 | चिपिंग शिनफा पॉलीविनाइल क्लोराइड | *** | *** | *** | *** | 15-25% |
| 2 | चिपिंग शिनफा हुआक्सिंग केमिकल कंपनी लिमिटेड | | | | | |
| 3 | तियानजिन बोहुआ केमिकल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड | *** | *** | *** | *** | 5-15% |
| 4 | क़िंगदाओ हैवान केमिकल कंपनी लिमिटेड | *** | *** | *** | *** | 10-20% |
| 5 | गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादक | *** | *** | *** | *** | 10-20% |
| 6 | अन्य | *** | *** | *** | *** | 25-35% |
| **ख. इंडोनेशिया** | | | | | | |
| 7 | पीटी. असाहिमास केमिकल | *** | *** | *** | *** | 0-10% |
| 8 | पीटी. टीपीसी इंडो प्लास्टिक एंड केमिकल्स | *** | *** | *** | *** | 0-10% |
| 9 | अन्य | *** | *** | *** | *** | 20-30% |
| **ग. जापान** | | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | कनेका कॉर्पोरेशन | *** | *** | *** | *** | 0-10% |
| 11 | शिन-एत्सु केमिकल कंपनी लिमिटेड | *** | *** | *** | *** | 0-10% |
| 12 | ताइयो विनाइल कॉर्पोरेशन | *** | *** | *** | *** | 5-15% |
| 13 | गैर-नमूनाकृत सहकारी उत्पादक | *** | *** | *** | *** | 0-10% |
| 14 | अन्य | *** | *** | *** | *** | 10-20% |
| **घ. कोरिया** | | | | | | |
| 15 | एलजी केम, लिमिटेड | *** | *** | *** | *** | 0-10% |
| 16 | हन्वा सॉल्यूशंस कॉर्पोरेशन | *** | *** | (***) | (***) | (0-10%) |
| 17 | अन्य | *** | *** | *** | *** | 15-25% |
| **ड. ताईवान** | | | | | | |
| 18 | चाइना जनरल प्लास्टिक्स कॉर्पोरेशन | *** | *** | *** | *** | 0-10% |
| 19 | सीजीपीसी पॉलिमर कॉर्पोरेशन | | | | | |
| 20 | ओशन प्लास्टिक कंपनी लिमिटेड | *** | *** | *** | *** | 0-10% |
| 21 | फॉर्मोसा प्लास्टिक कॉर्पोरेशन | *** | *** | *** | *** | 0-10% |
| 22 | अन्य | *** | *** | *** | *** | 15-25% |
| च. थाइलैंड | | | | | | |
| 23 | थाई प्लास्टिक्स एंड केमिकल्स पीएलसी | *** | *** | *** | *** | 0-10% |
| 24 | एजीसी विनीथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड | *** | *** | *** | *** | 0-10% |
| 25 | अन्य | *** | *** | *** | *** | 20-30% |
| **छ. यूएसए** | | | | | | |
| 26 | वेस्टलेक केमिकल्स एंड विनाइल्स एलएलसी | *** | *** | *** | *** | 10-20% |
| 27 | वेस्टलेक विनाइल्स इंक. | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | वेस्टलेक विनाइल्स कंपनी एलपी | | | | | |
| 29 | शिनटेक इनकॉर्पोरेटेड | *** | *** | *** | *** | 0-10% |
| 30 | शिनटेक लुइसियाना एलएलसी | | | | | |
| 31 | ऑक्सी विनाइल्स, एलपी | *** | *** | *** | *** | 15-25% |
| 32 | अन्य | *** | *** | *** | *** | 40-50% |

**ञ. <u>गैर-आरोपण विश्लेषण और कारणात्मक संपर्क</u>**

267. नियमावली के अनुसार, प्राधिकारी को, अन्य बातों के साथ-साथ, यह भी जांचना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों के अतिरिक्त कोई अन्य ज्ञात कारक भी हैं जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचा रहे हैं, ताकि इन अन्य कारकों से होने वाली क्षति को पाटित आयातों के कारण न माना जाए। इस संबंध में संगत कारकों में, अन्य बातों के साथ-साथ, पाटित कीमतों पर न बेचे गए आयातों की मात्रा और कीमतें, मांग में संकुचन या खपत के पैटर्न में परिवर्तन, विदेशी और घरेलू उत्पादकों के बीच व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटियां और प्रतिस्पर्धा, प्रौद्योगिकी में विकास और घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन एवं उत्पादकता शामिल हैं। नीचे इस बात की जांच की गई है कि क्या पाटित आयातों के अतिरिक्त अन्य कारकों ने घरेलू उद्योग को हुई क्षति में योगदान दिया है।

**क. तीसरे देशों से आयातों की मात्रा और कीमत**

268. संबद्ध देशों को छोड़कर अन्य देशों से आयात, मात्रा में इतने काफी नहीं हैं कि घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचाएँ या पहुँचाने का खतरा हो।

**ख. मांग में संकुचन**

269. यह नोट किया गया है कि संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान संबद्ध सामानों की मांग में लगातार वृद्धि हुई है। इस प्रकार, यह निष्कर्ष निकाला गया है कि घरेलू उद्योग को हुई क्षति मांग में संकुचन के कारण नहीं हुई।

**ग. प्रौद्योगिकी का विकास**

270. संबद्ध सामानों के उत्पादन हेतु प्रौद्योगिकी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती थी।

**घ. व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटियां और विदेशी तथा घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा**

271. प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसी कोई व्यापार प्रतिबंधात्म परिपाटितयां नहीं हैं जिनसे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती थी।

272. इस अनुरोध के संबंध में कि इस बात की जाँच की जानी चाहिए कि क्या घरेलू उद्योग निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का सामना करने में सक्षम है और फिनोलेक्स उच्च कीमतों पर बिक्री कर रहा है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जब भारत में कोई पाटन नहीं था, तब घरेलू उद्योग का निष्पादन बेहतर था। तथापि, देश में पाटन के परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग के निष्पादन में गिरावट आई। फिनोलेक्स की कीमत निर्धारण रणनीति के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि फिनोलेक्स और आवेदकों की लागत संरचनाएँ भिन्न हो सकती हैं क्योंकि आवेदक व्यापारिक बाजार में बेचने के लिए संबद्ध सामानों का उत्पादन करते हैं जबकि फिनोलेक्स मुख्य रूप से कैप्टिव खपत के लिए उत्पादन करता है।

**ङ. खपत के पैटनै में परिवर्तन**

273. विचाराधीन उत्पाद की खपत के पैटर्न में कोई वास्तविक परिवर्तन नहीं हुआ है। अतः, खपत के पैटर्न में परिवर्तन से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है।

**च. उत्पादकता**

274. प्राधिकारी नोट करते हैं कि उत्पादन में सुधार के साथ, क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की उत्पादकता में वृद्धि हुई है। अतः, उत्पादकता में गिरावट घरेलू उद्योग को क्षति का कारण नहीं हो सकती।

**छ. घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन**

275. ऊपर जाँची गई क्षति संबंधी सूचना केवल घरेलू बाजार के संदर्भ में घरेलू उद्योग के निष्पादन से संबंधित है। अतः, हुई क्षति को घरेलू उद्योग के निर्यात निष्पादन के कारण नहीं माना जा सकता।

**ज. अन्य उत्पादों का निष्पादन**

276. प्राधिकारी ने केवल संबद्ध सामानों के निष्पादन से संबंधित आँकड़ों की जाँच की है। इसलिए, आवेदकों द्वारा उत्पादित और बेचे गए अन्य उत्पादों का निष्पादन घरेलू उद्योग को क्षति का संभावित कारण नहीं है।

**झ. कोविड-19**

277. इस अनुरोध के संबंध में कि हानियां आयात के कारण नहीं हैं क्योंकि घरेलू उद्योग कोविड-19 के दौरान लाभप्रद था और हानियों में गिरावट का बिक्री कीमत में गिरावट से सह-संबंध नहीं है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच की अवधि में घरेलू उद्योग के घाटे में वृद्धि हुई है और इसमें कमी नहीं आई है। इसके अतिरिक्त, किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने घरेलू उद्योग के निष्पादन पर कोविड-19 के प्रभाव का कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है।

**ञ. घरेलू उद्योग में अंतर्निहित कारक**

278. इस अनुरोध के संबंध में कि विचाराधीन उत्पाद सभी देशों से तुलनीय कीमतों पर आयात किया जा रहा है और क्षति घरेलू उद्योग की अंतर्निहित विशेषताओं, आंतरिक

अकुशलताओं, क्षमता विस्तार से जुड़ी लागतों और अन्य बाजार गतिशीलता सहित अन्य कारकों के कारण है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि सभी संबद्ध देशों से आयात पाटित किए जा रहे हैं। यह प्रतिवादी उत्पादकों और निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों से स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त, विचाराधीन उत्पाद एक कमोडिटी उत्पाद होने के कारण, कीमतें समान श्रेणी में रहने की प्रवृत्ति रखती हैं। इसके अतिरिक्त, केवल एक आवेदक ने क्षति अवधि में क्षमता विस्तार किया है। जबकि ऐसे आवेदक की लाभप्रदता में गिरावट आई है, अन्य दो आवेदकों को जाँच अवधि में घाटा हुआ है। जब भारत में पाटन नहीं हो रहा था तब घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो रही थी और उसका निष्पादन काफी बेहतर था। इस प्रकार, क्षति पाटन के कारण है न कि घरेलू उद्योग में अंतर्निहित किसी कारक के कारण है। किसी भी स्थिति में, घरेलू उद्योग में अंतर्निहित कारकों, जो इस अवधि में अपरिवर्तित रहे हैं, के लिए कोई गैर-आरोपण विश्लेषण किए जाने की आवश्यकता नहीं है। घरेलू उद्योग को क्षति को उसी स्थिति में देखे जाने की आवश्यकता है, जिस स्थिति में वह है।

**ट. कैप्टिव खपत**

279. इस अनुरोध के संबंध में कि क्षति कैप्टिव खपत के कारण हो सकती है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि केवल एक आवेदक ने संबद्ध सामानों की कैप्टिव रूप से खपत की है। इसके अतिरिक्त, ऐसी कैप्टिव खपत उक्त आवेदक द्वारा कुल उत्पादन का केवल ***% है और इस प्रकार, क्षति को कैप्टिव खपत के कारण नहीं माना जा सकता। इसके अतिरिक्त, क्षति अवधि के दौरान, घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन के 1% से भी कम की कैप्टिव खपत की गई है। अत:, यह नहीं माना जा सकता कि घरेलू उद्योग को कैप्टिव खपत के कारण क्षति हुई है।

**ठ. कच्चे सामग्री की कीमतों की प्रकृति**

280. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भी अनुरोध किया है कि क्षति कच्ची सामग्री की अस्थिर प्रकृति और डीसीडब्ल्यू के निश्चित कीमत संविदाओं के कारण है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध सामानों के लिए कच्ची सामग्री वीसीएम है जो कच्चे तेल का व्युत्पन्न है। चूँकि कच्चे तेल की प्रकृति ऐसी है कि कीमत में उतार-चढ़ाव होता रहता है, इसलिए संबद्ध सामानों की कच्ची सामग्री की कीमत में भी उतार-चढ़ाव होता

रहता है। तथापि, सामान्य व्यापारिक परिदृश्य में, संबद्ध सामानों की बिक्री कीमत में कच्ची सामग्री की कीमत के अनुसार उतार-चढ़ाव होना चाहिए। वर्तमान मामले में ऐसा नहीं देखा गया है। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, उत्पाद की कच्ची सामग्री की लागत में वृद्धि हुई है, वहीं आयातों की कीमत में गिरावट आई है। इसके अतिरिक्त, जैसा कि अन्य पक्षकारों द्वारा आरोप लगाया गया है, डीसीडब्ल्यू के निश्चित कीमत की संविदाओं का कोई साक्ष्य रिकॉर्ड में नहीं है। घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत रिकॉर्ड और संविदाओं पर उपलब्ध साक्ष्यों के अनुसार, संविदा एक निश्चित अवधि में वीसीएम की विशिष्ट मात्रा की खरीद के संदर्भ में तय किए जाते हैं। हालाँकि, कच्चे माल की कीमत संविदा के अनुसार तय नहीं की जाती है। कीमतें एक सूत्र द्वारा निर्धारित की जाती हैं जो अंतर्राष्ट्रीय कीमतों पर आधारित है। इसलिए, घरेलू उद्योग को हुई क्षति के लिए कच्ची सामग्री की कीमतों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

**ड. बंदी**

281. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग को बंदी के कारण क्षति हो रही है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग को क्षति अवधि में किसी भी असामान्य बंदी का सामना नहीं करना पड़ा।

**ट. <u>भारतीय उद्योग के हित एवं अन्य मुद्दे</u>**

**ट.1. <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>**

282. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भारतीय उद्योग के हित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. विचाराधीन उत्पाद की कीमत आयात कीमत से लगातार अधिक है, जिसके कारण निचले स्तर के उद्योगों को प्लास्टिक उत्पादों के आयात के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो रही है।

ii. ऑफ-ग्रेड पीवीसी सस्पेंशन के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाने से आयातित पीवीसी फ़्लोरिंग की तुलना में तैयार उत्पाद अव्यवहारिक और अप्रतिस्पर्धी हो जाएगा।

iii. विचाराधीन उत्पाद पर पाटनरोधी शुल्क लगाने से निचले स्तर के उत्पाद का भारी आयात होगा, जिससे सैकड़ों निचले स्तर के उत्पादक बर्बाद हो जाएँगे।

iv. जब तक भारत इस उत्पाद के लिए आत्मनिर्भर नहीं हो जाता, तब तक विचाराधीन उत्पाद के आयात पर पाटनरोधी शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए।

v. माँग-आपूर्ति में उल्लेखनीय अंतर है, और आवेदकों ने 14 वर्षों के संरक्षण के बावजूद घरेलू माँग को पूरा करने के लिए अपनी क्षमता को पर्याप्त रूप से बढ़ाने का प्रयास नहीं किया है। आवेदकों ने पिछले 10 वर्षों में केवल 1,00,000 एमटी क्षमता में वृद्धि की है।

vi. ऐसा कोई कानूनी आधार नहीं है जो प्राधिकारी के लिए मांग-आपूर्ति में अंतर होने पर भी पाटनरोधी शुल्क लगाना अनिवार्य बनाता हो।

vii. पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में सामानों की उपलब्धता प्रभावित होगी और यह आम जनता के हित में नहीं होगा।

viii. उत्पाद की अपर्याप्त घरेलू आपूर्ति और उत्पादन में गुणवत्ता संबंधी समस्या के कारण, भारत में उत्पाद की भारी कमी है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि डीसीडब्ल्यू ने जाँच अवधि के दौरान अप्रत्यक्ष रूप से आयात किया और जाँच अवधि के बाद प्रत्यक्ष रूप से आयात किया।

ix. प्राधिकारी द्वारा उल्लिखित विस्तार योजनाएँ काल्पनिक हैं और उनमें प्रतिबद्धताओं का अभाव है। आईओसीएल की क्षमता विस्तार की योजनाएँ अनिश्चित हैं। यदि आरआईएल और अडानी भी अपने विस्तार को अनुमानित रूप से पूरा कर लेते हैं, तब भी यह भारत के आपूर्ति घाटे की भरपाई नहीं कर पाएगा।

x. आवेदक एकाधिकारवादी और प्रतिस्पर्धा-विरोधी परिपाटियों को अपनाने के लिए पाटनरोधी जाँच का दुरुपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं और पूरी जाँच एपिग्रल के कच्ची सामग्री के आयात को लक्षित करने के लिए है, जो सी-पीवीसी के निर्माण के लिए डीसीडब्ल्यू लिमिटेड के साथ प्रतिस्पर्धा में है।

xi. पाटनरोधी शुल्क का प्रयोग घरेलू उत्पादकों को अनुचित लाभ देने और बाजार में एकाधिकार की स्थिति बनाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

xii. प्रारंभिक जांच परिणामों से, यह स्पष्ट है कि डीसीडब्ल्यू और आरआईएल सी-पीवीसी उत्पादन के लिए विशेष रूप से इन-हाउस पीवीसी सस्पेंशन रेज़िन का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं। ऐसी स्थिति में शुल्क लगाने से भारतीय पाइप और फिटिंग निर्माताओं/प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए पीवीसी रेज़िन की कमी हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप आपूर्ति में काफी बाधाएँ आएंगी।

xiii. प्रोफाइल (21%), पाइप (6%), कैलेंडरिंग (10%), शीट (16%), और तार और केबल (9%) जैसे क्षेत्रों में मांग में काफी वृद्धि देखी जा रही है। हर घर जल योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसी सरकारी परियोजनाओं के साथ मिलकर पीवीसी पाइपों की खपत में वृद्धि होने की उम्मीद है। शुल्क लगाने से महत्वपूर्ण परियोजनाएँ आर्थिक रूप से अव्यवहारिक हो सकती हैं।

xiv. शुल्क लगाने से एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता पर भी असर पड़ेगा। अतिरिक्त लागत उनके उत्पादों को दीर्घावधि में टिकाऊ नहीं बनाएगी।

xv. शुल्कों के कारण इनपुट लागत में वृद्धि से नौकरियाँ जाएँगी और एमएसएमई का आर्थिक विकास प्रभावित होगा।

xvi. प्रमुख सामग्रियों पर शुल्क के कारण उत्पादन लागत में वृद्धि से निर्यात प्रतिस्पर्धा कम होगी।

xvii. प्राधिकारी ने पहले ही एआईपीएमए और ओपीपीआई के सदस्यों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कई प्रमुख उत्पादों पर पाटनरोधी शुल्क या प्रतिकारी शुल्क लगा दिया है या लगाने की प्रक्रिया में है, जैसे; पीवीसी सस्पेंशन रेज़िन, पीवीसी पेस्ट रेज़िन, टाइटेनियम डाइऑक्साइड, प्लास्टिक प्रसंस्करण मशीनें, इफेक्ट पर्लसेंट पिगमेंट या मीका पर्लसेंट पिगमेंट, एज़ो पिगमेंट और कम घनत्व वाली पॉलीइथाइलीन (एलडीपीई)। वर्तमान जाँच में शुल्क लगाने से घरेलू उत्पादन और रोज़गार सृजन दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और इस क्षेत्र की क्षमताएँ प्रभावित होंगी, खासकर इसलिए क्योंकि बड़ी संख्या में सदस्य एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित हैं।

xviii. बाजार में मांग-आपूर्ति की गतिशीलता के कारण, पीवीसी सस्पेंशन रेज़िन के घरेलू उत्पादकों ने जाँच शुरू होने के बाद से अपनी कीमतों में 14 रु. प्रति किलोग्राम की वृद्धि की है।

xix. पीवीसी रेज़िन पर पाटनरोधी शुल्क लगाने से दवा उद्योग के साथ-साथ आम आदमी और समग्र स्वास्थ्य उद्योग पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।

xx. इन पाटनरोधी उपायों के लागू होने से दवा पैकेजिंग की लागत में लगभग 30-40% की वृद्धि होने का अनुमान है, जो जेनेरिक दवाओं की लागत में 10% की वृद्धि के बराबर है।

xxi. अपनी बड़ी उत्पादन क्षमता के बावजूद, आरआईएल और फिनोलेक्स आयात पर निर्भर हैं, जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि घरेलू उद्योग गुणवत्ता के मामले में बाजार की मांग को पूरा करने में असमर्थ है।

xxii. आयातित निचले स्तर के उत्पाद घरेलू उत्पाद की तुलना में 15-20% सस्ता है। पाटनरोधी शुल्क लगाने से यह अंतर और बढ़ेगा और स्थानीय निचले स्तर के उद्योग को नुकसान होगा जो असंगठित क्षेत्र का हिस्सा हैं।

xxiii. प्राधिकारी को शुल्कों के प्रभाव का परिमाणन सूचना के आधार पर करना चाहिए न कि इस तथ्य के आधार कि विगत में शुल्क का निचले स्तर के उद्योग पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है।

xxiv. 2.5 मिलियन एमटी आयात पर 10-20% क्षति मार्जिन का अर्थ विभिन्न निचले स्तर के उद्योगों के लिए 19-38 रु. बिलियन की वार्षिक लागत का अतिरिक्त बोझ होगा।

xxv. घरेलू उद्योग द्वारा पहचाना गया परिदृश्य वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शा सकता है क्योंकि क्षति की अवधि कोविड अवधि के साथ मेल खाती है जिसमें उद्योग जीवित रहने और वाणिज्यक रूप से अर्थक्षम बने रहने की कोशिश कर रहा था।

xxvi. पीवीसी सस्पेंशन रेजिन निचले स्तर के उत्पाद में एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और 10-20% का पाटनरोधी शुल्क का तैयार उत्पाद पर कम से कम 4-8% प्रभाव पड़ेगा। आयातित निचले स्तर के उत्पाद के साथ प्रतिस्पर्धा के कारण निचले स्तर के उद्योग ऐसी बढ़ी हुई लागतों को आगे नहीं बढ़ा पाएगा।

xxvii. बड़ी संख्या में प्रयोक्ता हैं जो एमएसएमई क्षेत्र का हिस्सा हैं लेकिन सामूहिक रूप से देश के सकल घरेलू उत्पाद में बहुत बड़ा योगदान करते हैं।

xxviii. भारत सरकार विचाराधीन उत्पाद के लिए अनिवार्य बीआईएस मानकों को लागू करने की प्रक्रिया में है, जिससे उत्पाद की कीमतों में वृद्धि होगी और निचले स्तर के उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। भारत सरकार चीनी निर्माताओं के लिए बीआईएस लाइसेंस के आवेदन पर कार्रवाई नहीं कर रही है। पाटनरोधी शुल्क के किसी भी कार्यान्वयन से प्रयोक्ताओं पर और अधिक प्रभाव पड़ेगा।

## ट.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

283. घरेलू उद्योग ने भारतीय उद्योग के हितों के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. पाटनरोधी शुल्क लगाने का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि अतीत में पाटनरोधी शुल्क का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है।

ii. पाटनरोधी शुल्क लगाने का प्रभाव 0.1% से कम है।

iii. चूँकि पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव न्यूनतम है, इसलिए यह निचले स्तर के उद्योग द्वारा वहन किए जाने की संभावना है और प्रयोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा।

iv. बाजार में उचित कीमत बनाई रखी जाएगी क्योंकि भारत में पर्याप्त पारस्परिक प्रतिस्पर्धा है।

v. पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में आयात प्रतिबंधित नहीं होता है।

vi. चूँकि संबद्ध सामान दीर्घकालिक संविदाओं के तहत नहीं बेचे जाते हैं, इसलिए प्रयोक्ता आवश्यकता पड़ने पर आसानी से आपूर्तिकर्ता बदल सकते हैं।

vii. विचाराधीन उत्पाद के लिए वैश्विक स्तर पर अत्यधिक क्षमताएँ हैं, इसलिए बाजार में उत्पाद की प्रचुर आपूर्ति है।

viii. भारत में पाटन का इतिहास रहा है, इसलिए निर्यातक भारत में उचित कीमत पर उत्पाद नहीं बेच पा रहे हैं।

ix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, माँग-आपूर्ति का अंतर भारत में पाटन या पाटनरोधी शुल्क न लगाने का आधार नहीं है। पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में आयात प्रतिबंधित नहीं होगा, बल्कि केवल यह सुनिश्चित होगा कि ऐसे आयात उचित कीमत पर किए जाते हैं।

x. भारतीय उद्योग माँग-आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए अपनी क्षमताओं का विस्तार कर रहा है। यदि भारत में स्थिति नहीं बदलती है, तो ऐसे निवेश अव्यवहारिक हो जाएँगे।

xi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, यदि स्थिति में सुधार नहीं होता है और भारत में पाटन जारी रहता है, तो घरेलू उद्योग के प्रचालन गैर अर्थक्षम हो सकते हैं और घरेलू उद्योग को भारत में उत्पादन बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इससे भारत में केवल माँग और कोई घरेलू आपूर्ति नहीं होने की स्थिति पैदा हो जाएगी।

xii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, जांच अवधि के दौरान एपिग्रल की आवश्यकता भारतीय खपत का केवल 0.23% थी और कोई भी उद्योग आयात की इतनी नगण्य मात्रा को लक्षित करने के लिए आवेदन-पत्र दायर नहीं करेगा। इसके अलावा, आवेदन-प-त्र तीन आवेदकों द्वारा दायर किया गया है और आवेदकों में से केवल एक ही सी-पीवीसी का उत्पादक है और एपिग्रल के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है।

xiii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, डीसीडब्ल्यू लिमिटेड एस-पीवीसी और एम-पीवीसी का उपयोग करके सी-पीवीसी का उत्पादन करता है और इसे जारी रखने का इरादा रखता है। भले ही डीसीडब्ल्यू लिमिटेड सी-पीवीसी के निर्माण के लिए विशेष रूप से अपने स्वयं के एस-पीवीसी का प्रयोग करता है, इससे भारत में संबद्ध सामानों की कमी नहीं होगी।

xiv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने विदेशी उत्पादकों और अन्य घरेलू उत्पादकों द्वारा उत्पादित उत्पाद के साथ-साथ जांच अवधि के बाद भी अपने स्वयं के ग्रेड का प्रमुख रूप से उपयोग किया है। इस प्रकार, यह तर्क नहीं दिया जा सकता है कि भारत में कोई गुणवत्ता संबंधी समस्या है।

xv. निचले स्तर के उद्योग की आर्थिक व्यवहार्यता को विचाराधीन उत्पाद की पाटन कीमतों पर निर्भर नहीं कहा जा सकता।

xvi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, एलडीपीई के आयात पर कोई पाटनरोधी शुल्क नहीं है और उत्पाद पर कोई जांच भी नहीं चल रही है।

xvii. एआईपीएमए के 22,000 सदस्य हैं, ऐसे सभी सदस्य एस-पीवीसी के प्रयोक्ता नहीं भी हो सकते हैं। ऐसे कुछ प्रयोक्ता किसी एक उत्पाद पर शुल्क से प्रभावित हो सकते हैं, लेकिन एआईपीएमए द्वारा सूचीबद्ध सभी उत्पादों पर नहीं।

xviii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने इस बात का कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि निचले स्तर का उद्योग भारत से उत्पाद के निर्यात में लगा हुआ है। किसी भी स्थिति में, निर्यात करने के लिए, निचले स्तर के उद्योग पाटनरोधी शुल्क का भुगतान किए बिना अग्रिम प्राधिकार के तहत आयात कर सकता है।

xix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, कच्ची सामग्री की लागत और बिक्री की लागत में वृद्धि के आलोक में बिक्री कीमत में वृद्धि की जांच की जानी है।

xx. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने उनके द्वारा दावा किए गए शुल्कों के 30-40% प्रभाव के लिए गणना प्रदान नहीं की है। किसी भी स्थिति में, जब विचाराधीन उत्पाद की कीमतें भारत में अधिक थीं, तो प्रयोक्ताओं पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं था।

xxi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग ने उच्च क्षमता उपयोग पर काम किया है और अपने उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बेचने में सक्षम रहा है। अन्य उत्पादकों ने खुद को पाटन से बचाने के लिए आयात किया है।

xxii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, निचले स्तर के उद्योग के वास्तविक आकार के संदर्भ में 19-38 रु. बिलियन का प्रभाव नगण्य है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई प्रभाव गणना के अनुसार, प्रभाव 2.16 रु. प्रति किग्रा जितना कम है।

## ट.3. प्राधिकारी द्वारा जाँच

284. प्राधिकारी करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का प्राथमिक उद्देश्य पाटन की अनुचित व्यापारिक परिपाटियों से घरेलू उद्योग को हुई क्षति उपाय करना है, जिससे भारतीय बाजार में खुली और न्यायसंगत प्रतिस्पर्धा का माहौल बने। यह केवल एक नियामक उपाय नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय हित का मामला है। पाटनरोधी उपायों का उद्देश्य संबद्ध देशों से आयात को मनमाने ढंग से कम करना नहीं है। बल्कि, यह समान अवसर सुनिश्चित करने की एक व्यवस्था है। प्राधिकारी स्वीकार करते हैं कि पाटनरोधी शुल्कों के लागू रहने से भारत में उत्पाद के कीमत स्तर प्रभावित हो सकते हैं। हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इन उपायों के लागू होने से भारतीय

बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का सार अक्षुण्ण रहेगा। प्रतिस्पर्धा को कम करने के बजाय, पाटनरोधी उपायों का लागू होना पाटन परिपाटियों के माध्यम से अनुचित लाभ अर्जित होने से रोकने का काम करता है। यह उपभोक्ताओं की संबद्ध सामानों के व्यापक चयन तक पहुँच को सुरक्षित करता है। इस प्रकार, पाटनरोधी शुल्क निष्पक्ष व्यापार परिपाटियों में बाधा नहीं बल्कि सुविधा प्रदाता हैं।

285. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग की कीमतें आयात कीमत से अधिक हैं, जिससे निचले स्तर के उद्योग के मार्जिन पर दबाव पड़ता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच अवधि में घरेलू उद्योग की कीमतों के साथ-साथ आयातों की पहुँच कीमत में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है। विगत में कीमतें काफी अधिक थीं। चूँकि विगत में इतनी अधिक कीमतों के कारण निचले स्तर के उद्योग के निष्पादन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है, इसलिए पाटनरोधी शुल्क लगाने का कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

286. इस तर्क के संबंध में कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से एकाधिकार बढ़ेगा और प्रयोक्ताओं के लिए कीमतें बढ़ेंगी, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में केवल उचित कीमत सुनिश्चित होते हैं और यह आयातों को प्रतिबंधित नहीं करता या रोक नहीं लगाता। प्राधिकारी ने पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन का निर्धारण निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत उत्तरों के आधार पर किया है, न कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर। ऐसे मामले में, पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में उचित बाजार कीमतें सुनिश्चित होंगी।

287. इस तर्क के संबंध में कि आवेदक व्यापार सुधारात्मक उपायों का अनुचित लाभ उठा रहे हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उत्पाद के पाटन के परिणामस्वरूप, विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क अतीत में कई बार लगाया गया है। प्राधिकारी ने पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क की विस्तृत जाँच की है और उसके बाद पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है। विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर

लगाए गए उपायों की संख्या, संबद्ध देशों में उत्पादकों के कीमत निर्धारण और अनुचित व्यापार परिपाटी को दर्शाती है।

288. इस अनुरोध के संबंध में कि भारत में माँग-आपूर्ति में अंतर है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि माँग-आपूर्ति में अंतर भारत में पाटन का औचित्य नहीं है। प्राधिकारी ने विदेशी उत्पादकों और निर्यातकों द्वारा दायर उत्तर के आधार पर पाटन मार्जिन निर्धारित किया है। पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी है। इसके अलावा, भारत में मांग-आपूर्ति का अंतर प्राधिकारी को पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करने से नहीं रोकता है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि भारत में पाटन के कारण घरेलू उद्योग को हानियां हुई हैं। यदि घरेलू उद्योग को कोई उपाय प्रदान नहीं किया जाता है, तो घरेलू उद्योग को हानियां जारी रहने की संभावना है और इसके प्रचालन की व्यवहार्यता प्रभावित होगी। इससे मांग-आपूर्ति के अंतर में वृद्धि होगी।

289. इस तर्क के संबंध में कि पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बावजूद घरेलू उद्योग क्षमता बढ़ाने में विफल रहा है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने का उद्देश्य निर्यातकों के कीमत भेदभावपूर्ण व्यवहार को संतुलित करना है। यह कोई रक्षोपाय नहीं है, जिसका उद्देश्य घरेलू उद्योग द्वारा समायोजन को सुगम बनाना हो। यद्यपि रक्षोपायों को लागू करने में यह पूर्वधारणा होती है कि घरेलू उद्योग द्वारा कुछ कारकों पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, ताकि वह आयातकों के मुकाबले प्रतिस्पर्धी बन सके; पाटनरोधी शुल्क लगाने के मामले में ऐसी कोई पूर्वधारणा नहीं है। पहले लगाया गया शुल्क विदेशी उत्पादकों द्वारा पहले किए गए पाटन के हानिकारक प्रभावों को कम करने के लिए लगाया गया था, और इस प्रकार, इसका इच्छित उद्देश्य प्राप्त हुआ। किसी भी दशा में, भारत में क्षमताएँ बढ़ी हैं। घरेलू उद्योग ने क्षति अवधि के दौरान भी अपनी क्षमताएँ बढ़ाई हैं।

290. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि जब तक भारत संबद्ध सामानों के उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं हो जाता, तब तक पाटनरोधी शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने के लिए यह आवश्यक

नहीं है। प्राधिकारी ने पूर्व में कई उत्पादों पर पाटनरोधी शुल्क लगाया है जहाँ भारत में माँग-आपूर्ति का अंतर था। पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारतीय उद्योग को समान अवसर मिलने की संभावना है। वर्तमान परिदृश्य में, घरेलू उद्योग का कुल घाटा बढ़ा है। अतः, बिक्री में किसी भी वृद्धि और क्षमता विस्तार से घाटे में वृद्धि होने की संभावना है और कोई भी उद्योग ऐसे बाज़ार में निवेश करने को तैयार नहीं होगा।

291. आवेदकों ने, जैसा कि नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है, अनुरोध किया है कि भारतीय उद्योग भारत में माँग-आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए अपनी क्षमताओं का विस्तार कर रहा है। चूँकि पहुँच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है, इसलिए बाज़ार की स्थिति माँग-आपूर्ति के अंतर को पाटने हेतु किसी भी निवेश के लिए अनुकूल नहीं है। इस प्रकार, भारत में उचित बाजार स्थिति स्थापित करने के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाने की आवश्यकता है।

| क्र.सं. | उत्पादक का नाम | क्षमता (एमटी) | वर्ष में उम्मीद |
|---|---|---|---|
| 1. | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड | 12,00,000 | 2025-26 |
| 2. | अदानी पेट्रोकेमिकल्स | 10,00,000 | 2026-27 |
| 3. | आईओसीएल, पारादीप | 6,00,000 | 2027-28 |
| 4. | आईओसीएल, बड़ौदा | 2,00,000 | 2027-28 |
| 5. | कुल | 30,00,000 | |

292. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह उल्लेख किया है कि विस्तार योजनाएँ केवल काल्पनिक हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि यदि विस्तार योजनाएँ काल्पनिक भी हों, तो भी भारत में माँग-आपूर्ति अंतर होने पर भी पाटनरोधी शुल्क लगाने पर कोई रोक नहीं है। संबद्ध देशों के उत्पादक विचाराधीन उत्पाद को भारत में पाटित कर रहे हैं जिससे घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हो रही है। इसके अतिरिक्त, मांग-आपूर्ति अंतर होने के बावजूद, इस उत्पाद पर पूर्व में भी पाटनरोधी शुल्क लगाया गया है। चूँकि आयात बंद नहीं हुआ और पिछले पाटनरोधी शुल्क के दौरान विचाराधीन उत्पाद

की कोई कमी नहीं थी, इसलिए पाटनरोधी शुल्क लगाने के बाद भी विचाराधीन उत्पाद की कोई कमी नहीं होगी।

293. इस तर्क के संबंध में कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से निचले स्तर के उत्पाद के अत्यधिक आयात होंगे, प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत में लंबे समय तक संबद्ध सामानों के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लागू रहा है। इस दौरान, निचले स्तर के उद्योग को निचले स्तर के उत्पाद के आयात के कारण कोई प्रतिकूल नुकसान नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में, वर्तमान उपायों के लागू होने से निचले स्तर के उद्योग को संभवतः नुकसान नहीं होगा। इसके अतिरिक्त, यदि उपायों के लागू होने के बाद निचले स्तर के उत्पाद भारत में पाटित होने लगते हैं, तो निचले स्तर के उद्योग पाटनरोधी जाँच शुरू करने के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र है।

294. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग व्यापार सुधारात्मक जाँच का दुरुपयोग कर रहा है, और यह पूरी प्रक्रिया एपिग्रल लिमिटेड के कच्ची सामग्री के आयात को लक्षित करने के लिए है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने का आवेदन-पत्र संबद्ध सामानों के तीन घरेलू उत्पादकों द्वारा दायर किया गया है। संबद्ध सामानों के घरेलू उत्पादकों में से केवल एक ही सी-पीवीसी का उत्पादक है और एपिग्रल लिमिटेड के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा में है। अन्य दो उत्पादक सी-पीवीसी का उत्पादन नहीं करते हैं। इसके अतिरिक्त, जाँच अवधि के दौरान एपिग्रल लिमिटेड द्वारा किए गए कुल आयात भारत में किए गए कुल आयात की तुलना में नगण्य थे। इस प्रकार, वर्तमान जाँच को किसी अलग प्रयोक्ता द्वारा आयात को लक्षित करने के रूप में नहीं समझा जा सकता।

295. प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि यह तर्क कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में केवल उचित कीमतें सुनिश्चित होंगी और भारत में आयात प्रतिबंधित नहीं होंगे, सही है। एपिग्रल लिमिटेड, संबद्ध देशों से उचित कीमत पर संबद्ध सामानों का आयात कर सकेगा और इस प्रकार, उसकी लाभप्रदता प्रभावित नहीं होगी।

296. इस अनुरोध के संबंध में कि आरआईएल और डीसीडब्ल्यू, संबद्ध सामानों का कैप्टिव रूप से प्रयोग करने की योजना बना रहे हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो ऐसा सुझाव दे। यद्यपि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड, संबद्ध सामानों का कैप्टिव रूप से प्रयोग करता है, तथापि एस-पीवीसी की क्षमता सी-पीवीसी की तुलना में बहुत अधिक है। इस प्रकार, ऐसा कोई संकेत नहीं है कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बाद डीसीडब्ल्यू लिमिटेड घरेलू व्यापारिक बाजार में आपूर्ति नहीं करेगा।

297. इस अनुरोध के संबंध में कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा उत्पादित उत्पाद में गुणवत्ता संबंधी समस्याएं हैं क्योंकि उसने जांच अवधि के बाद विचाराधीन उत्पाद का आयात किया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने विचाराधीन उत्पाद का आयात किया है, घरेलू उत्पादकों से खरीदा है और जांच की अवधि के बाद सी-पीवीसी के निर्माण के लिए मुख्य रूप से अपने स्वयं के ग्रेड का उपयोग किया है। चूँकि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड की प्रमुख खपत उसका अपना ग्रेड है, इसलिए प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालने का प्रस्ताव करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित संबद्ध सामानों में कोई गुणवत्ता संबंधी समस्या नहीं है।

298. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से निचले स्तर के उद्योग अलाभप्रद हो जाएगा। प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्रयोक्ता उद्योग आयातों की पाटित कीमतों के आधार पर अपनी अर्थक्षमता का दावा नहीं कर सकता। इसके अतिरिक्त, 2020-21 और 2021-22 के दौरान आयात कीमत जांच की अवधि की तुलना में बहुत अधिक थी। रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो यह बताए कि उस समय प्रयोक्ता उद्योग पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

| विवरण | यूनिट | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | जांच की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| पहुंच कीमत | रु./एमटी | 82,169 | 1,24,033 | 95,518 | 76,156 |

299. निचले स्तर के उद्योग की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि निचले स्तर के उद्योग के पास अग्रिम प्राधिकार के अंतर्गत बिना पाटनरोधी शुल्क का भुगतान किए संबद्ध वस्तुओं सामानों का आयात करने का विकल्प है। इस प्रकार, पाटनरोधी शुल्क लगाने से निचले स्तर के निर्यातोन्मुखी उद्योग के हितों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

300. रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो दर्शाता हो कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में एकाधिकार का सृजन होगा। प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत में संबद्ध सामानों के पाँच उत्पादक हैं। इसके अतिरिक्त, संबद्ध सामानों का उत्पादन गैर-संबद्ध देशों में भी किया जाता है और ऐसे देशों से पाटनरोधी शुल्क का भुगतान किए बिना इनका आयात किया जा सकता है।

301. एक प्रयोक्ता एसोसिएशन ने अनुरोध किया कि उसके सदस्यों द्वारा कच्ची सामग्री के रूप में उपयोग किए जाने वाले अनेक उत्पादों पर पाटनरोधी शुल्क लगाया गया है। तथापि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि एसोसिएशन अनेक शुल्कों से प्रभावित उत्पाद या निचले स्तर के उद्योग की पहचान करने में विफल रहा है। एसोसिएशन के 20,000 से अधिक सदस्य विभिन्न कच्ची सामग्री का उपयोग करके विभिन्न उत्पादों का निर्माण करते हैं। यह संभव है कि कुछ प्रयोक्ताओं द्वारा प्रयोग कह जाने वाली कुछ कच्ची सामग्री पर शुल्क लगता हो। हालाँकि, विभिन्न चिन्हित उत्पादों पर लगाए गए सभी पाटनरोधी शुल्क अलग अलग प्रयोक्ताओं द्वारा उत्पादित किसी भी निचले स्तर के उत्पाद पर प्रभाव नहीं डालते हैं।

302. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि घरेलू उद्योग ने जाँच की अवधि के बाद अपनी कीमतों में वृद्धि की है। हालाँकि, इस दावे को प्रमाणित करने के लिए रिकॉर्ड में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है। किसी भी स्थिति में, बिक्री कीमत में वृद्धि की जाँच बिक्री लागत में परिवर्तन से अलग करके नहीं की जा सकती।

303. प्राधिकारी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद का अधिकांश उपयोग पीवीसी पाइपों के निर्माण में होता है। तदनुसार, आवेदक ने पीवीसी पाइपों की कीमतों पर पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव का परिमाणन किया है। यह नोट किया जाता है कि निचले स्तर के उद्योग की कीमतों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने का प्रभाव नगण्य होगा।

304. यह तर्क कि वर्तमान परिदृश्य सही स्थिति को नहीं दर्शाता है क्योंकि क्षति अवधि कोविड अवधि के साथ मेल खाती है, गलत है। जाँच अवधि में कोविड-19 का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। यह देखा गया है कि जाँच अवधि में घरेलू उद्योग के लाभप्रदता मानदंडों पर पिछले वर्ष की तुलना में भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इस प्रकार, वर्तमान परिदृश्य घरेलू उद्योग को हुई क्षति की सीमा को दर्शाता है।

305. इस तर्क के संबंध में कि बीआईएस मानक लागू किए जा रहे हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत सरकार द्वारा लंबे समय से बीआईएस मानकों पर काम किया जा रहा है। इन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त, बीआईएस का कार्यान्वयन इस तथ्य को गलत नहीं ठहराता है कि घरेलू उद्योग को भारत में पाटन के कारण वास्तविक क्षति हो रही है। बीआईएस लाइसेंस प्रदान करने में किसी भी कथित देरी से संबंधित चिंताओं की जाँच करने के लिए प्राधिकारी उपयुक्त मंच नहीं है।

## ठ. <u>प्रकटन पश्चात टिप्पणियां</u>

### ठ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

306. प्रकटन विवरण जारी होने के बाद अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित नए अनुरोध किए हैं:

i. पाटनरोधी जांच पूरी करने के लिए समय-सीमा बढ़ाने का अनुरोध केवल एक वर्ष की समाप्ति से पहले किया जा सकता है। अंतिम जांच परिणाम जारी करने की समय-सीमा 25 मार्च 2025 को समाप्त हो गई है, और कार्यालय

ज्ञापन देर से और गैर-कानूनी है। वर्तमान मामले में पाटनरोधी जांच करने का प्राधिकारी का अधिकार क्षेत्र समाप्त हो गया है।

ii. गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्णय पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। इसलिए, यह प्राधिकारी पर बाध्यकारी है।

iii. के-57 का आयात आवश्यक है क्योंकि काले कण, पिन होल और अन्य विनिर्देशन जैसे मुद्दे वैश्विक स्तर पर फार्मा उद्योग को उनकी दवाओं के लिए स्वीकार्य नहीं हैं। डीसीडब्ल्यू लिमिटेड के लिए प्रदान की गई विनिर्देशन-तालिकाओं से पता चलता है कि के-57 के विनिर्देशन प्रयोक्ताओं की आवश्यकता के अनुसार नहीं हैं। इसके अलावा, डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने प्रयोक्ता द्वारा भेजे गए ईमेल का उत्तर नहीं दिया है जिससे पता चलता है कि वे उक्त उत्पाद का उत्पादन नहीं कर रहे हैं।

iv. यद्यपि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड के पास बीआईएस लाइसेंस है, लेकिन दवा उत्पाद में उपयोग के लिए आवश्यक मानक उपलब्ध नहीं है। प्राधिकारी को यह जाँच करनी चाहिए कि क्या ऐसे उत्पाद की आपूर्ति किसी ऐसे कनवर्टर को की गई है जिसने दवा उद्योग को निचले स्तर का उत्पाद उपलब्ध कराया है।

v. प्रयोक्ता उद्योग ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के उत्पाद का परीक्षण किया है और गुणवत्ता की कमी के कारण, उसे आरआईएल से खरीद बंद करनी पड़ी।

vi. वर्तमान जाँच पीवीसी पाइपों के विनिर्माण में प्रयुक्त संबद्ध सामानों के लिए विशिष्ट है और दवा पैकेजिंग उत्पादों में प्रयुक्त संबद्ध सामानों से संबंधित नहीं है। अतः, प्रयोग-आधारित छूट प्रदान की जानी चाहिए।

vii. यद्यपि प्राधिकारी ने थोक घनत्व और प्लास्टिसाइज़र अवशोषण के संबंध में एनएबीएल प्रयोगशाला रिपोर्ट पर भरोसा किया है, कण आकार वितरण, छिद्रता, जेलेशन व्यवहार और क्लोरीनीकरण दक्षता जैसे मापदंड समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। डीसीडब्ल्यू लिमिटेड और फॉर्मोसा द्वारा उत्पादित ग्रेड की तुलना करते समय प्राधिकारी द्वारा इन मापदंडों पर विचार नहीं किया गया है।

viii. प्राधिकारी यह टिप्पणी कि एपिग्रल और फॉर्मोसा द्वारा कण आकार के संबंध में विरोधाभासी दावे किए गए हैं, गलत है। जबकि एपिग्रल ने डीसीडब्ल्यू के ग्रेड के औसत कण आकार की तुलना फॉर्मोसा के ग्रेड से की है, फॉर्मोसा ने

अपने ग्रेड की तुलना डीसीडब्ल्यू के ग्रेड से नहीं बल्कि के-65 के सामान्य ग्रेड से की है।

ix. हनव्हा ने सी-पीवीसी के निर्माण के लिए एस-पीवीसी के पी-700 और पी-1000 ग्रेड का उपयोग किया है। ऐसे ग्रेड भारत को निर्यात किए गए और प्रयोक्ताओं द्वारा केबल कवर और पीवीसी पाइप के निर्माण के लिए खरीदे गए। एस-पीवीसी का उपयोग कई अनुप्रयोगों के लिए किया जा सकता है और केवल सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए कोई विशेष रूप से निर्दिष्ट उपयोग नहीं है।

x. प्रकटन विवरण में हितबद्ध पक्षकारों के नाम गलत बताए गए हैं, इसे ठीक किया जाए।

xi. यद्यपि प्राधिकारी ने नोट किया है कि आरआईएल और फिनोलेक्स ने भारत में संबद्ध सामानों का व्यापार किया है और डीसीडब्ल्यू ने उनकी कैप्टिव रूप से खपत की है, ऐसी सूचना का आधार प्रदान नहीं किया गया है। चूंकि आरआईएल और फिनोलेक्स को वर्तमान जांच में भाग लेने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है, इसलिए प्राधिकारी के पास इस संबंध में विश्वसनीय सूचना नहीं है।

xii. चूँकि भारत में माँग-आपूर्ति का अंतर है, इसलिए प्राधिकारी को इस जाँच में या तो कीमत प्रतिबद्धताओं पर विचार करना चाहिए या शुल्कों के मानक स्वरूप की सिफ़ारिश करनी चाहिए।

xiii. प्राधिकारी को निश्चित कीमत के रूप में पाटनरोधी शुल्क की सिफ़ारिश करनी चाहिए क्योंकि उत्पाद के कई ग्रेड हैं जिनकी पैकेजिंग और कीमत निर्धारण अलग-अलग हैं और सभी ग्रेड के लिए एक ही मानक उपयुक्त नहीं है। उत्पाद की कच्ची सामग्री कच्चे तेल पर आधारित है और इसमें उतार-चढ़ाव होता रहता है और मानक शुल्कों के अनुपालन और प्रवर्तन में चुनौतियाँ हैं।

xiv. माँग-आपूर्ति का अंतर मानक शुल्क लगाने का औचित्य नहीं हो सकता क्योंकि निश्चित शुल्कों के मामले में भी आयात प्रतिबंधित नहीं होते।

xv. असहयोगी निर्यातकों, विन्नमार, केमेक्स और आईसीसी के माध्यम से ऑक्सी विनाइल्स द्वारा निर्यात की मात्रा को ऑक्सी विनाइल्स द्वारा दायर प्रतिक्रिया के अनुसार नहीं लिया जाना चाहिए, क्योंकि यह निर्यातकों को बेची गई कुल मात्रा है। वास्तव में भारत को पुनः निर्यात की गई मात्रा बहुत कम है।

xvi. ऑक्सी विनाइल्स के लिए उल्लिखित वितरण चैनल में कुछ निर्यातकों के नामों में सुधार की आवश्यकता है।

xvii. कोपैप ट्रेडिंग इंक. के माध्यम से ऑक्सी विनाइल्स द्वारा निर्यात की मात्रा को दो बार गिना गया है, ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → कोपैप ट्रेडिंग इंक. और ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → कोपैप यूएसए → कोपैप ट्रेडिंग इंक. → असंबद्ध भारतीय ग्राहकों के माध्यम से निर्यात।

xviii. पहले प्रकटन विवरण पर अपनी टिप्पणियों में ऑक्सी विनाइल्स द्वारा दायर अनुरोधा पर विचार करने में प्राधिकारी की विफलता ने निर्यातक को अपने हितों की रक्षा करने की क्षमता से वंचित कर दिया है, और जाँच की सत्यनिष्ठा को कमजोर किया है।

xix. जबकि विनमार और केमेक्स ने वास्तव में उनके द्वारा भारत को पुनः निर्यात की गई मात्रा दायर की है, आईसीसी ने एक पत्र दायर किया है जिसमें कहा गया है कि उन्होंने पीवीसी के संबंध में अपने प्रचालन बंद कर दिए हैं और इसीलिए, उनके पास जाँच की अवधि के लिए आंकड़ों तक पहुँच नहीं है।

xx. ऑक्सी विनाइल्स ने निर्यात कीमत, पहुँच कीमत और विचाराधीन व्यापारी/निर्यातक श्रृंखला के निर्धारण की पद्धति का खुलासा करने की मांग की थी, लेकिन उसे कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

xxi. यद्यपि एलजी केम के पहुँच कीमत और निर्यात कीमत के आंकड़े प्राथमिक जांच परिणामों, प्रथम प्रकटन विवरण और द्वितीय प्रकटन विवरण के बीच नहीं बदले हैं, अत: पाटन मार्जिन में वृद्धि देखी गई है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि सामान्य मूल्य और उत्पादन लागत भी दोनों प्रकटन विवरणों के बीच अपरिवर्तित रही है।

xxii. प्रथम और द्वितीय प्रकटन विवरण के बीच ताइयो विनाइल की पहुँच कीमत में गिरावट आई है। प्रथम प्रकटन में प्रकट की गई पहुंच कीमत की अंतिम जांच परिणामों के लिए पुष्टि की जानी चाहिए। पहुँच कीमत में गिरावट के कारणों का खुलासा ताइयो विनाइल को किया जाना चाहिए।

xxiii. यद्यपि शिनटेक इंक और शिनटेक लुइसियाना एल.एल.सी. ने बैंक प्रभारों के लिए समायोजन का दावा नहीं किया है, प्रकटन विवरण उसी के लिए समायोजन दर्शाता है। ऐसा कोई अनुचित समायोजन नहीं किया जाना चाहिए।

xxiv. शिनटेक लुइसियाना एल.एल.सी. का नाम अंतिम जांच परिणामों में भी दर्ज किया जाना चाहिए।

xxv. केवल इसलिए कि वेस्टलेक ने घरेलू बाजार में संबद्ध पक्षकारों को माल बेचा, यह मानने के लिए पर्याप्त नहीं है कि बिक्री निकटम आधार पर नहीं थी। संबद्ध और असंबद्ध कीमतों पर बेचे गए सामानों की कीमतों की तुलना से पता चलेगा कि संबंधित पक्षकारों को बिक्री की कीमतें बाजार कीमतों को दर्शाती हैं। प्राधिकारी वेस्टलेक को इस संबंध में साक्ष्य प्रदान करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करने के लिए बाध्य थे।

xxvi. भारत को निर्यात में 92% निर्यातकों के सहयोग के बावजूद, प्राधिकारी ने असहयोगी व्यापारियों, रिलायंस इंटरनेशनल और रेजिन टेक्नोलॉजी के माध्यम से निर्यात के संबंध में उपलब्ध तथ्यों को लागू किया है। यह मैनुअल के अनुरूप नहीं है क्योंकि असहयोगी व्यापारियों का भारत को निर्यात की कुल मात्रा में 30% से भी कम हिस्सा है।

xxvii. जांच की अवधि के दौरान, वान्हुआ पेट्रोकेमिकल (यंताई) कंपनी लिमिटेड की परिसंपत्तियों और कार्मिकों को वान्हुआ केमिकल ग्रुप कंपनी लिमिटेड की एक अन्य 100% स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, वान्हुआ केमिकल ग्रुप (यंताई) ओलेफिन्स कंपनी लिमिटेड में अंतरित किया गया था। उत्पादन पते, उपकरण, प्रौद्योगिकी, उत्पादन लागत, परिसंपत्ति उपकरण, कार्मिक या अंतिम नियंत्रक में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इसलिए, अंतिम जांच परिणामों में वान्हुआ पेट्रोकेमिकल (यंताई) कंपनी लिमिटेड के स्थान पर, वान्हुआ केमिकल ग्रुप (यंताई) ओलेफिन्स कंपनी लिमिटेड का उपयोग किया जाए।

xxviii. क्षति अवधि के दौरान इंडोनेशिया से आयात का हिस्सा कम रहा है। ऐसे आयातों से घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है और इसलिए, इंडोनेशिया से आयात के विरुद्ध वर्तमान जांच को समाप्त कर दिया जाना चाहिए।

xxix. डीसीएम श्रीराम ने अपनी वार्षिक रिपोर्टों में जांच अवधि के बाद मुनाफे में वृद्धि दिखाई है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग को आयात के कारण कोई क्षति नहीं हो रही है।

xxx. डीसीएम श्रीराम की वार्षिक रिपोर्टों के अनुसार, कंपनी कैल्शियम कार्बाइड मार्ग में होने वाली उच्च ऊर्जा लागत को कम करने के लिए प्रयासरत है। इसलिए, घरेलू उद्योग को क्षति घरेलू उद्योग के महंगे विनिर्माण मार्ग के कारण है।

## ठ.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

307. प्रकटन विवरण जारी होने के बाद घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित नए अनुरोध किए हैं:

i. एपिग्रल द्वारा प्रस्तुत एक विश्वविद्यालय की रिपोर्ट अविश्वसनीय है क्योंकि विश्वविद्यालय ने बाद में पुष्टि की है कि उसके पास एस-पीवीसी का परीक्षण करने के लिए कोई परीक्षण सुविधा नहीं है।

ii. यह तर्क कि सी-पीवीसी पाइपों का उपयोग पेयजल पाइप बनाने के लिए किया जाता है, गलत है। सी-पीवीसी पाइप का लाभ केवल उच्च तापमान को सहन करने की इसकी क्षमता है। इस प्रकार, सी-पीवीसी पाइपों का उपयोग केवल नहाने के लिए वॉटर हीटर से नल तक गर्म पानी पहुँचाने के लिए किया जाता है, पेयजल के लिए नहीं। इसके अलावा, ऐसे दावे पाइप निर्माताओं द्वारा नहीं, बल्कि केवल एक रेजिन निर्माता द्वारा किए गए हैं।

iii. एपिग्रल फॉर्मोसा से एम-पीवीसी का आयात करता है। फॉर्मोसा के बीआईएस लाइसेंस में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि एम-पीवीसी खाद्य पदार्थों, दवाओं और पेयजल के संपर्क में आने वाले उत्पाद के लिए उपयुक्त नहीं है।

iv. जबकि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने उल्लेख किया है कि के-57 के संबंध में प्राधिकारी को पत्र दिए गए हैं, इसे घरेलू उद्योग के साथ साझा नहीं किया गया है।

v. घरेलू उद्योग ने पहले ही साक्ष्य प्रदान कर दिया है कि वह एथिलीन मार्ग का उपयोग करके के-57 ग्रेड का निर्माण करता है। डीसीडब्ल्यू लिमिटेड की विनिर्देशन-तालिका से पता चलता है कि वह के-57 और के-60 दोनों का निर्माण कर सकता है। इसके अलावा, दोनों ग्रेड की विशेषताएं एक-दूसरे के समान हैं और इसलिए, ये समान वस्तुएं हैं।

vi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने के-57 को छोड़कर विनिर्देशन प्रदान नहीं किए हैं जो फार्मास्युटिकल उद्देश्यों के लिए आवश्यक हैं। चूंकि, घरेलू उद्योग ने के-57 का उत्पादन और बिक्री की है, इसलिए उसने घरेलू बाजार में समान वस्तु बेची है और इसे बाहर करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

vii. डीसीएम श्रीराम ने चिकित्सा उद्देश्यों के लिए के-75 बेचा है। इसलिए, के-57 चिकित्सा उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाने वाला एकमात्र ग्रेड नहीं है।

viii. यद्यपि यह देखा गया है कि विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर व्यापार सुधारात्मक जाँच का अभाव है, यूरोपीय संघ ने हाल ही में मिस्र और अमेरिका से एस-पीवीसी के आयातों पाटनरोधी जाँच पूरी की है और यूरोपीय संघ में आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाया है।

ix. संदर्भ कीमत शुल्क के रूप में पाटनरोधी शुल्क लगाने से कर चोरी का जोखिम उत्पन्न होता है क्योंकि निर्यातक संदर्भ कीमत शुल्कों के मामले में अधिक बिलिंग में लिप्त हो जाते हैं। चूँकि विचाराधीन उत्पाद की कीमतें कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के साथ घटती-बढ़ती रहती हैं, इसलिए संदर्भ कीमत शुल्क वर्तमान जाँच के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

x. घरेलू उद्योग को 3 वर्षों की अवधि से क्षति हो रही है। पाटनरोधी शुल्क यथा-शीघ्र लगाए जाने की आवश्यकता है।

xi. पाटनरोधी शुल्क लगाने की अत्यंत आवश्यकता है। वर्तमान जाँच में ऐसी कोई विशेष परिस्थितियाँ नहीं हैं जिनके कारण 5 वर्ष से कम अवधि के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाने की आवश्यकता हो।

**ठ.3. प्राधिकारी द्वारा जाँच**

308. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकटन पश्चात अनुरोध की जांच की है और नोट करते हैं कि कई अनुरोध पुनरावृति के हैं जिनकी पहले ही उपयुक्त रूप से जाँच की जा चुकी है और अंतिम जांच परिणामों के संगत

पैराओं में उनका पर्याप्त रूप से समाधान किया गया है। हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा प्रकटन पश्चात टिप्पणियों/अनुरोधों में पहली बार उठाए गए मुद्दों और साक्ष्यों सहित प्राधिकारी द्वारा संगत माने गए मुद्दों की नीचे जाँच की गई है।

309. इस अनुरोध के संबंध में कि कार्यालय ज्ञापन देर से जारी किया गया है और प्राधिकारी के पास वर्तमान जाँच करने का अधिकार क्षेत्र नहीं है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जाँच 26 मार्च 2024 को शुरू की गई थी और अंतिम जांच परिणाम जारी करने की समय-सीमा 25 मार्च 2025 थी। तथापि, उस समय चल रहे मुकदमे के कारण, प्राधिकारी ने जाँच पूरी करने की समय-सीमा बढ़ाने के लिए आवेदन किया था। वित्त मंत्रालय द्वारा 25 मार्च 2025 को समय-विस्तार प्रदान किया गया और जाँच पूरी करने की समय-सीमा 25 मई 2025 तक बढ़ा दी गई। इसके बाद, प्राधिकारी द्वारा 19 मई 2025 को एक और विस्तार माँगा गया और वित्त मंत्रालय द्वारा 24 मई 2025 को 25 सितंबर 2025 तक की अवधि के लिए समय-विस्तार प्रदान किया गया। इस प्रकार, प्राधिकारी को जाँच पूरी करने की समय-सीमा समाप्त होने से पहले ही सभी विस्तार प्राप्त हो गए। वर्तमान पाटनरोधी जाँच में जारी जांच परिणाम निर्दिष्ट प्राधिकारी के अधिकार क्षेत्र में हैं।

310. कैप्रिहैंस लिमिटेड द्वारा डीसीडब्ल्यू लिमिटेड को उपलब्ध कराए गए विनिर्देशन-तालिका के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उक्त विनिर्देश-तालिका संबद्ध सामानों, अर्थात् एस-पीवीसी, के लिए नहीं है, बल्कि यह निचले स्तर के उत्पाद, सी-पीवीसी, से संबंधित है। डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा उत्पादित सी-पीवीसी के विनिर्देशनों की तुलना कैप्रेहिंस लिमिटेड द्वारा अपेक्षित एस-पीवीसी से उपयुक्त नहीं है। प्राधिकारी ने वर्तमान जाँच में विस्तृत सत्यापन किया है। एस-पीवीसी ग्रेड के-57 का उत्पादन डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा किया जाता है और व्यापारिक बाजार में वाणिज्यिक मात्रा में आपूर्ति की जाती है। इस ग्रेड का उत्पादन एथिलीन मार्ग का उपयोग करके किया जाता है और यह भारत सरकार द्वारा जारी बीआईएस मानकों के अनुसार है। चूँकि घरेलू उद्योग ने भारत में समान वस्तु का उत्पादन किया है, इसलिए विचाराधीन उत्पाद के दायरे से के-57 को बाहर करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

311. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित के-57 ग्रेड के लिए अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए गुणवत्ता संबंधी मुद्दों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उसे बाहर करने का आधार नहीं बन सकता, विशेष रूप से उस स्थिति में जब घरेलू उद्योग बीआईएस द्वारा निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार संबद्ध सामानों का उत्पादन कर रहा हो। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी नोट करते हैं कि के-57 का उपयोग न केवल औषधीय अनुप्रयोगों के लिए, बल्कि कई अन्य अनुप्रयोगों के लिए भी किया जाता है। इसके विपरीत, एस-पीवीसी के अन्य ग्रेड भी चिकित्सा अनुप्रयोगों के लिए उपयोग किए जाते हैं। ऐसे मामले में, वर्तमान जाँच में अंतिम प्रयोग-आधारित छूट की कोई आवश्यकता नहीं है।

312. इस अनुरोध के संबंध में कि प्राधिकारी ने उसे बाहर करने की स्वीकृति न देने के लिए कुछ मापदंडों के लिए एनएबीएल परीक्षण रिपोर्ट पर विश्वास किया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने भारत में समान वस्तु का उत्पादन किया है। घरेलू उद्योग ने वास्तव में भारत में सी-पीवीसी के विनिर्माण के लिए एस-पीवीसी का उत्पादन और उपयोग किया है। सी-पीवीसी के निर्माण हेतु कैप्टिव रूप से उत्पादित एस-पीवीसी का वास्तविक उपयोग, घरेलू स्तर पर निर्मित उत्पाद की तकनीकी और वाणिज्यिक प्रतिस्थापनीयता को दर्शाता है, जो कि संबद्ध देशों से आयातित विचाराधीन उत्पाद के साथ है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि हान्वा केमिकल लिमिटेड, जो एस-पीवीसी और सी-पीवीसी दोनों का कोरियाई उत्पादक है, ने भी पुष्टि की है कि सी-पीवीसी के निर्माण के लिए एस-पीवीसी के किसी विशेष ग्रेड की आवश्यकता नहीं है। हान्वा ने सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए अपने स्वयं के एस-पीवीसी का उपयोग किया है और भारत को उन्हीं ग्रेड का निर्यात किया है जिनकी खपत केबल कवर और पीवीसी पाइप के उत्पादकों द्वारा की गई है। ऐसी स्थिति में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए एस-पीवीसी के किसी भी ग्रेड को बाहर करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

313. इन अनुरोधों के संबंध में कि फॉर्मोसा ने सामान्य के-65 ग्रेड की तुलना अपने उत्पाद से की है और एपिग्रल ने डीसीडब्ल्यू के ग्रेड की तुलना फॉर्मोसा के उत्पाद से की है,

प्राधिकारी नोट करते हैं कि फॉर्मोसा ने तर्क दिया है कि उसके द्वारा उत्पादित एस-65सी तकनीकी रूप से सामान्य के-65 ग्रेड से बेहतर है, और कहा है कि के-65 के सामान्य ग्रेड की तुलना में इसका औसत कण आकार अधिक है। इसके अतिरिक्त, एपिग्रल लिमिटेड ने कहा है कि डीसीडब्ल्यू के उत्पाद का औसत कण आकार एस-65सी से अधिक है और उच्च औसत कण आकार क्लोरीनीकरण प्रक्रिया के दौरान प्लास्टिसाइज़र की एकरूपता को बाधित कर सकता है। जबकि विदेशी उत्पादक ने कहा है कि उसका उत्पाद उच्च औसत कण आकार के कारण बेहतर है, भारतीय ग्राहक ने कहा है कि उच्च औसत कण आकार क्लोरीनीकरण प्रक्रिया को बाधित कर सकता है। इस प्रकार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस प्रकार के अनुरोध एक दूसरे के विपरीत हैं। किसी भी स्थिति में, चूँकि घरेलू उद्योग ने सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए अपने स्वयं के एस-पीवीसी का उपयोग प्रदर्शित किया है, इसलिए प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने भारत में समान वस्तु की आपूर्ति की है और विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से एस-पीवीसी के किसी भी ग्रेड को बाहर करने की कोई आवश्यकता नहीं है। प्राधिकारी का मानना है कि उत्पादों की केवल वास्तविक तकनीकी और वाणिज्यिक प्रतिस्थापनीयता ही यह तय करने के लिए संगत है कि घरेलू उद्योग ने समान वस्तु का उत्पादन किया है या नहीं। डीसीडब्ल्यू ने स्वयं प्रतिस्थापन के तथ्य से इसे दर्शाया है।

314. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने अपने नामों में सुधार का अनुरोध किया है। प्राधिकारी ने इस पर उचित रूप से विचार किया है और वर्तमान अंतिम जांच परिणामों में सही नाम पर विचार किया है।

315. कंपनी के वाणिज्यक ढांचे और नाम में परिवर्तन के संबंध में वानहुआ पेट्रोकेमिकल (यंताई) कंपनी लिमिटेड द्वारा किए गए अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उत्पादक ने प्रकटन विवरण पर टिप्पणियों के प्रत्युत्तर में पहली बार प्राधिकारी को उक्त परिवर्तन के बारे में सूचित किया है, जबकि उसने दावा किया है कि उक्त परिवर्तन *** में हुआ था। प्राधिकारी का मानना है कि यह दावा वर्तमान कार्यवाही के बहुत विलम्बित चरण में है। इसके अतिरिक्त, उत्पादक ने इस बात की पुष्टि करने वाले कोई साक्ष्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए हैं कि यह परिवर्तन किसी अन्य कंपनी

को परिसंपत्तियों के अंतरण तक सीमित है। प्राधिकारी का मानना है कि नाम में इस प्रकार के परिवर्तन के लिए पर्याप्त सूचना और साक्ष्य की आवश्यकता होती है, और उसके बाद प्राधिकारी को ऐसी सूचना का सत्यापन करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि वर्तमान कंपनी को दिया गया वही शुल्क दूसरी कंपनी पर भी लागू हो सकता है। अतः, प्राधिकारी ने वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ उत्पादक का नाम नहीं बदला है। तथापि, उत्पादक को उचित परिवर्तनों के लिए प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए पाटनरोधी नियमावली और व्यापार सूचनाओं के अनुसार एक अलग आवेदन-पत्र दायर करने की स्वतंत्रता है और प्राधिकारी द्वारा कानून के अनुसार उस पर विचार किया जाएगा।

316. रिलायंस, फिनोलेक्स और डीसीडब्ल्यू की गतिविधियों के क्रियाकलापों की प्रकृति से संबंधित अनुरोधों के बारे में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिलायंस, फिनोलेक्स द्वारा आयात और डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा खरीद के संबंध में संगत खंडों में विस्तृत जांच की गई है। प्राधिकारी ने नोट किया है कि जांच अवधि के दौरान डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा खरीदे गए संबद्ध सामान भारत में उत्पादन, खपत और कुल आयात के संबंध में नगण्य थे। इसके अतिरिक्त, ऐसी खरीद का उद्देश्य निचले स्तर के उत्पाद के उत्पादन हेतु आंतरिक खपत था, और डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने स्वयं को पाटन से नहीं बचाया है। ऐसी स्थिति में, डीसीडब्ल्यू लिमिटेड को वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग के रूप में पात्र माना गया है। प्राधिकारी ने यह भी नोट किया कि जांच अवधि के दौरान रिलायंस और फिनोलेक्स द्वारा काफी आयात किए गए थे। इसके मद्देनजर, प्राधिकारी ने उन्हें घरेलू उद्योग के रूप में माने जाने के लिए अपात्र पाया।

317. पाटनरोधी शुल्क के स्वरूप के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में शुल्क का एक निश्चित स्वरूप उपयुक्त है क्योंकि विचाराधीन उत्पाद के लिए कच्ची सामग्री कच्चे तेल की कीमतों पर आधारित है। चूँकि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव होता रहता है, इसलिए विचाराधीन उत्पाद की कीमतों में भी उतार-चढ़ाव होता रहता है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि चूँकि भारत में माँग-आपूर्ति का अंतर है, इसलिए मानक शुल्क लगाया जाना चाहिए। हालाँकि, माँग-आपूर्ति का

अंतर मानक शुल्क लगाने का औचित्य नहीं है, खासकर जब विचाराधीन उत्पाद की कीमतें अस्थिर प्रकृति की हों। ऐसे मामले में, वर्तमान जाँच के तथ्यों के आलोक में पाटनरोधी शुल्क का एक निश्चित रूप उपयुक्त है।

318. इस अनुरोध के संबंध में कि वर्तमान जाँच में कीमत वचनबद्धता स्वीकार की जानी चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि किसी भी विदेशी उत्पादक ने कीमत वचनबद्धता प्रस्तुत नहीं की है।

319. एलजी केम ने अनुरोध किया है कि उसका मार्जिन प्रारंभिक जांच परिणामों से पहले प्रकटन विवरण और उसके बाद दूसरे प्रकटन विवरण में परिवर्तित हो गया है, जबकि पहुँच कीमत या निर्यात कीमत में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्रारंभिक जांच परिणाम निर्यातक द्वारा दावा की गई उत्पादन लागत और केवल सीमित जाँच के आधार पर सूचना पर आधारित सामान्य मूल्य पर आधारित थे। हालाँकि, डेस्क सत्यापन के अनुसरण में, उत्पादन लागत और सामान्य मूल्य में परिवर्तन हुआ, जिसके परिणामस्वरूप पाटन मार्जिन में वृद्धि हुई। तथापि, पहले प्रकटन विवरण और दूसरे प्रकटन विवरण के बीच पाटन मार्जिन में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। जैसा कि एलजी केम ने अपने समक्ष प्रकट किए गए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत से देखा है, दोनों प्रकटन विवरणों के बीच पाटन मार्जिन पूर्ण रूप से समान रहा है। केवल वह सीमा बदली है जिसमें दोनों प्रकटन में इसे दर्शाया गया था।

320. ताइयो विनाइल ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि पहले और दूसरे प्रकटन विवरण के बीच उसकी पहुँच कीमत में *** अमेरिकी डॉलर प्रति एमटी की गिरावट आई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह अंतर पहले प्रकटन विवरण के चरण में हुई एक अनजाने गणना त्रुटि के कारण है, जिसे बाद में ठीक कर दिया गया है। पक्षकार का यह तर्क कि अंतिम जांच परिणामों के लिए पहले प्रकटन विवरण में प्रकट किए गए आंकड़ों पर विचार किया जाना चाहिए, स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि पहुँच कीमत के लिए सही आंकड़े प्रकटन विवरण में निर्यातक को बताए गए थे, और ऐसी

संशोधित कीमत के संबंध में टिप्पणी प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था। पिछले प्रकटन विवरण पर निर्भरता को छोड़कर, ताइयो विनाइल ने दूसरे प्रकटन विवरण में प्रकट की पहुँच कीमत में किसी भी असंगति को उजागर नहीं किया है। इसे देखते हुए, अंतिम निर्धारण के लिए संशोधित पहुँच कीमत को अपनाया गया है।

321. शिनटेक ने दावा किया है कि शिनटेक इंक और शिनटेक लुइसियाना एल.एल.सी. ने किसी भी बैंक शुल्क की सूचना नहीं दी है। हालाँकि, जैसा कि प्रकटन विवरण में उल्लेख किया गया है, निर्यात कीमत का निर्धारण संबंधित पक्षकार, शिन-एत्सु केमिकल कंपनी लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा लगाई गई निर्यात कीमत के आधार पर किया गया है। एसईसीएल ने बताया है कि उसने शिनटेक से खरीदे गए और इटोचू या आईवीआईसीटी के माध्यम से भारत को निर्यात किए गए माल के निर्यात के संबंध में बैंक शुल्क वहन किया है। इसी को ध्यान में रखते हुए, एसईसीएल और उत्पादकों द्वारा किए गए अन्य खर्चों के साथ-साथ ऐसे खर्चों को कारखानागत निर्यात कीमत निकालने के लिए समायोजित किया गया है।

322. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि असहयोगी निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत और पहुँच कीमत का निर्धारण डीजी सिस्टम के आंकड़ों के आधार पर किया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, ऑक्सी विनाइल्स ने दावा किया है कि उसने संबद्ध सामान केमेक्स, आईसीसी और विनमार को बेचीं, जिन्होंने भारत को केवल एक भाग ही पुनः बेचा। यह दावा किया गया है कि पहुँच कीमत और निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए केवल डीजी सिस्टम के आंकड़ों के अनुसार इन पक्षकारों से आयात की मात्रा पर ही विचार किया जाना चाहिए। हालाँकि, एक बार जब उत्पादक ने संबद्ध सामान किसी निर्यातक/व्यापारी को बेच दिया है, तो यह पता लगाना संभव नहीं है कि ऐसे सामान किसी अन्य व्यापारी को पुनः बेचे गए हैं या भारत को सीधे निर्यात किए गए हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि डीजी सिस्टम के आँकड़े बड़ी संख्या में व्यापारियों द्वारा निर्यात दर्शाते हैं। प्राधिकारी के लिए किसी उत्पादक द्वारा किसी असहयोगी व्यापारी को किए गए निर्यात को डीजी सिस्टम के आँकड़ों में शामिल करना संभव नहीं है, जिसमें व्यापारियों की भारी संख्या से आयात हैं। अकेले यूएसए के लिए, डीजी सिस्टम के आँकड़े बड़ी संख्या में व्यापारियों द्वारा भारत में आयात

दर्शाते हैं। इसलिए, यह संभव है कि केमेक्स, आईसीसी और विनमार ने संबद्ध सामान अन्य व्यापारियों या निर्यातकों को पुनः बेचे, जिन्होंने संबद्ध सामान भारत को पुनः बेचे। उदाहरण के लिए, केमेक्स ने पुष्टि की है कि उसने भारत को निर्यात के लिए *** एमटी सामान बेचा। तथापि, डीजी सिस्टम केवल *** एमटी का निर्यात दर्शाता है। इसलिए, तीसरे पक्ष के माध्यम से निर्यात की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में, डीजी सिस्टम के आँकड़ों के साथ आँकड़ों का सह-संबंध और इस मात्रा पर विचार, संबंधित पक्ष द्वारा प्रश्नावली के उत्तर का एक व्यवहार्य विकल्प नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबंधित पक्षकारों को प्राधिकारी के साथ सहयोग करना और संगत सूचना प्रदान करना आवश्यक है। ये पक्षकार प्राधिकारी के साथ सहयोग करने में विफल रहे हैं और संगत सूचना नहीं दी है।

323. वेस्टलेक ने दावा किया है कि संबद्ध पक्षकारों के साथ किए गए लेन-देन को केवल इसलिए नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता क्योंकि वे संबद्ध पक्षकारों के साथ किए गए थे, और संबद्ध पक्षकारों के साथ किए गए लेन-देन की कीमत की अन्य पक्षकारों के साथ तुलना करने पर पता चलेगा कि कीमतें तुलनीय हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध पक्षकारों के साथ किए गए लेन-देन को, किसी भी स्थिति में, केवल संबद्ध पक्षकार के लेन-देन होने के आधार पर नज़रअंदाज़ नहीं किया गया था। जैसा कि प्रकटन विवरण में उल्लेख किया गया है, ये लेन-देन निकटतम आधार पर नहीं किए गए थे। उत्तर में सूचित की गई कारखानागत कीमतों की तुलना नीचे दी गई है।

| उत्पादक | संबद्ध पक्षकार | असंबद्ध पक्षकार | अंतर |
|---|---|---|---|
| | यूएसडॉ./एमटी | यूएसडॉ./एमटी | % |
| वेस्टलेक केमिकल्स एंड विनाइल्स एलएलसी | *** | *** | 10-20% |
| वेस्टलेक विनाइल्स कंपनी, एलपी | *** | *** | 15-25% |
| वेस्टलेक विनाइल्स, इंक | *** | *** | 10-20% |

324. यद्यपि वेस्टलेक ने दावा किया है कि कीमतें तुलनीय हैं, लेकिन इस संबंध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया है। प्राधिकारी ने नोट किया है कि जाँच शुरू होने के बाद से वेस्टलेक के पास कीमतों के निकटतम आधार पर होने का साक्ष्य प्रस्तुत करने के कई अवसर उपलब्ध थे। हालाँकि, इसे प्रदर्शित करने के लिए कोई साक्ष्य या साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया। इसको ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी प्रकटन विवरण में की गई टिप्पणियों की पुष्टि करना उचित समझते हैं।

325. यह भी दावा किया गया है कि रिलायंस इंटरनेशनल और रेजिन टेक्नोलॉजी के असहयोग के संदर्भ में उपलब्ध सर्वोत्तम तथ्यों का प्रयोग वेस्टलेक के लिए प्रतिकूल है, इस तथ्य के बावजूद कि व्यापारियों की केवल एक छोटी मात्रा थी। तथापि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उपलब्ध तथ्यों को केवल उस छोटी मात्रा पर लागू किया गया है जो असहयोगी व्यापारियों के माध्यम से निर्यात की गई थी। प्राधिकारी ने वेस्टलेक द्वारा निर्यात की गई संपूर्ण मात्रा पर उपलब्ध तथ्यों को लागू नहीं किया है। प्राधिकारी ने सहयोगी पक्षकारों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से या सहयोगी निर्यातकों के माध्यम से निर्यात की गई मात्रा के संबंध में दी गई सूचना को स्वीकार कर लिया है और असहयोगी पक्षकारों के माध्यम से निर्यात की जाने वाली सूचित कम मात्रा के संबंध में ही उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्यात कीमत निर्मित की है।

326. ऑक्सी विनाइल्स ने दावा किया है कि असहयोगी निर्यातकों के माध्यम से निर्यात की मात्रा का निर्धारण उत्तर में दिए गए आंकड़ों के आधार पर नहीं, बल्कि ऐसे निर्यातकों द्वारा भारत को किए गए वास्तविक निर्यात के आधार पर किया जाना चाहिए। पुनः परीक्षण के बाद, प्राधिकारी ने पाया है कि असहयोगी निर्यातकों के मामले में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार आंकड़ों पर विचार करना प्राधिकारी की एक सतत् प्रथा रही है। तदनुसार, प्राधिकारी प्रकटीकरण विवरण जारी करते समय निर्धारित और संबंधित उत्पादक को बताए गए निर्यात मूल्य की पुष्टि करते हैं।

327. ऑक्सी विनाइल्स ने यह भी दावा किया है कि निर्यात की गई मात्रा दो चैनलों, अर्थात, के माध्यम से की गई थी। (क) ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → कोपैप ट्रेडिंग इंक. और (ख) ऑक्सी विनाइल्स → ओवीईएस → कोपैप यूएसए → कोपैप

ट्रेडिंग इंक. → असंबद्ध भारतीय ग्राहकों की गणना दो बार की गई है। यह स्पष्ट किया जाता है कि चैनल का उल्लेख अनजाने में दो बार किया गया था। मात्रा पर केवल एक बार विचार किया गया है।

328. ऑक्सी विनाइल्स और वेस्टलेक ने यह भी दावा किया है कि प्रथम प्रकटन विवरण के बाद किए गए उनके अनुरोधों की पूरी तरह से अवहेलना की गई है, जिससे निर्यातक को बचाव का सार्थक अवसर नहीं मिल पाता और यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि उन्होंने अपने समक्ष विभिन्न पक्षकारों द्वारा किए गए सभी अनुरोधों पर विचार किया है। प्रथम प्रकटन विवरण के बाद, अन्य पक्षकारों को एक और सुनवाई की अनुमति दी गई और उन्हें लिखित अनुरोध और प्रत्युत्तर अनुरोध प्रस्तुत करने का अवसर भी दिया गया। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने एक दूसरा प्रकटन विवरण जारी किया है और हितबद्ध पक्षकारों से टिप्पणियाँ आमंत्रित की हैं। ऐसी टिप्पणियों पर भी प्राधिकारी द्वारा विचार और जाँच की गई है। इसलिए, सभी पक्षकारों को अपने हितों की रक्षा के लिए कई अवसर प्रदान किए गए हैं। जहाँ भी हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किए हैं, उन पर प्राधिकारी द्वारा विधिवत विचार और जाँच की गई है। अतः, यह दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता कि पक्षकारों को अनुरोध करने का अवसर नहीं दिया गया।

329. इस अनुरोध के संबंध में कि प्राधिकारी ने निर्यात कीमत, पहुँच कीमत और मानी गई व्यापारी/निर्यातक श्रृंखला के लिए कार्यप्रणाली का खुलासा नहीं किया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पहुँच कीमत का खुलासा संबंधित उत्पादकों को पहले ही कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, मानी गई श्रृंखला का खुलासा प्रकटन विवरण में किया गया था।

330. इस अनुरोध के संबंध में कि इंडोनेशिया से आयातों से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है क्योंकि क्षति अवधि के दौरान ऐसे आयातों की मात्रा कम थी, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच अवधि के दौरान इंडोनेशिया से आयातों की मात्रा न्यूनतम स्तर से अधिक थी। इसके अतिरिक्त, वर्तमान जाँच में संचयन की शर्तें पूरी हुईं। इसलिए,

प्रत्येक संबद्ध देश से आयातों के कारण होने वाली क्षति का अलग-अलग विश्लेषण करने की आवश्यकता नहीं है। प्राधिकारी ने संगत खंड में पहले ही यह निष्कर्ष निकाला है कि संबद्ध देशों से आयातों से घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है।

331. डीसीएम श्रीराम की वार्षिक रिपोर्ट के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वार्षिक रिपोर्ट उक्त उत्पादक द्वारा विनिर्मित सभी उत्पादों से संबंधित हैं, न कि केवल संबद्ध सामानों से संबंधित। यह पाटनरोधी जाँच केवल विचाराधीन उत्पाद के लिए की गई है। इसलिए, वार्षिक रिपोर्टों पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

332. जहां तक इस अनुरोध का संबंध है कि घरेलू उद्योग को क्षति कैल्शियम कार्बाइड के माध्यम से उत्पादन की उच्च लागत के कारण है, प्राधिकारी नोट करते है कि केवल डीसीएम श्रीराम ही भारत में कैल्शियम कार्बाइड का प्रयोग करता है। इसके अतिरिक्त, उत्पादक ने क्षति अवधि के दौरान उत्पादन के उसी मार्ग का प्रयोग किया है। हालाँकि, उसे क्षति तभी हुई जब भारत में पाटन शुरू हुआ। किसी भी स्थिति में, अन्य आवेदक एथिलीन मार्ग का उपयोग करके विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन कर रहे हैं। अन्य आवेदकों को भी भारत में पाटन के कारण वास्तविक क्षति हुई है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति पाटन के कारण है, न कि उत्पादन प्रौद्योगिकी के कारण।

## ड. <u>निष्कर्ष एवं सिफारिशें</u>

333. सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों और उनमें उठाए गए मुद्दों की जांच करने के बाद और रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों पर विचार करने के बाद, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि:

i. विचाराधीन उत्पाद विनाइल क्लोराइड मोनोमर (सस्पेंशन ग्रेड) का होमोपॉलीमर है जिसे पीवीसी सस्पेंशन रेज़िन के रूप में भी जाना जाता है और इसे सस्पेंशन पॉलीमराइज़ेशन प्रक्रिया के माध्यम से 55 से अधिक और 77 तक के-वैल्यू के साथ निर्मित किया जाता है।

ii. विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में अल्ट्रा-लो के-वैल्यू एस-पीवीसी (के-वैल्यू 55 तक), अल्ट्रा-हाई के-वैल्यू एस-पीवीसी (के-वैल्यू 77 से अधिक), क्रॉस लिंक्ड पीवीसी, क्लोरीनेटेड पीवीसी, विनाइल क्लोराइड - विनाइल एसीटेट कोपॉलीमर (वीसी-वीएसी), पीवीसी पेस्ट रेज़िन/इमल्शन रेज़िन, एम-पीवीसी और पॉलीविनाइल क्लोराइड ब्लेंडिंग रेज़िन शामिल नहीं हैं। इमल्शन पॉलीमराइज़ेशन, बल्क मास पॉलीमराइज़ेशन और माइक्रो सस्पेंशन पॉलीमराइज़ेशन प्रक्रिया का उपयोग करके निर्मित पीवीसी को भी विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर रखा गया है।

iii. सी-पीवीसी के निर्माण के लिए कोई विशेष ग्रेड नहीं हैं जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने एस-पीवीसी के कई ग्रेड का उपयोग करके सी-पीवीसी का निर्माण किया है। इसके अतिरिक्त, डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने एस-पीवीसी का उपयोग किया है जिसका उत्पादन कैप्टिव रूप से किया जाता है, भारत में अन्य घरेलू उत्पादकों द्वारा उत्पादित किया जाता है, और सी-पीवीसी के निर्माण के लिए एस-पीवीसी का आयात किया है। इसके अलावा, हनव्हा ने रिपोर्ट दी है कि उसने सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए उसी एस-पीवीसी का उपयोग किया है जो भारत को बेचा गया है और उसने घरेलू उद्योग के इस तर्क का समर्थन किया है कि सी-पीसीवी के उत्पादन के लिए एस-पीवीसी के किसी विशेष ग्रेड की आवश्यकता नहीं है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि एस-पीवीसी के कथित विशेष ग्रेड का आयात किया गया है और विभिन्न अनुप्रयोगों में उपयोग किया गया है और ऐसे आयातों की मात्रा एपिग्रल द्वारा सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए आयात की मात्रा से बहुत अधिक है।

iv. डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए घरेलू ग्रेड (अपने स्वयं के और अन्य घरेलू उत्पादकों से खरीदे गए) और आयातित ग्रेड का परस्पर उपयोग किया है, जो दर्शाता है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामान आयातित ग्रेड के साथ वाणिज्यिक और तकनीकी रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। सी-पीवीसी के उत्पादन के लिए किसी भी ग्रेड को पीवीसी के विशेष ग्रेड के रूप में मानकर उसे बाहर करने का कोई औचित्य नहीं है।

v. घरेलू उद्योग ने भारत में आयात किए जा रहे संबद्ध सामानों के समान वस्तु का उत्पादन किया है। किसी अन्य को बाहर करने का कोई औचित्य नहीं है।

vi. भारत में सभी घरेलू उत्पादकों के पास एस-पीवीसी के निर्माण के लिए बीआईएस लाइसेंस हैं। इसलिए, घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामानों की गुणवत्ता पर विवाद नहीं किया जा सकता है।

vii. भारत में केवल दो सी-पीवीसी निर्माता हैं और केवल डीसीडब्ल्यू लिमिटेड के पास सी-पीवीसी के निर्माण के लिए बीआईएस लाइसेंस है। इस प्रकार, डीसीडब्ल्यू लिमिटेड अपने स्वयं के, घरेलू स्तर पर उत्पादित और आयातित एस-पीवीसी का उपयोग करके बीआईएस मानक के अनुसार सी-पीवीसी का उत्पादन करने में सक्षम है।

viii. घरेलू उद्योग ने वाणिज्यिक मात्रा में के-57 का उत्पादन और आपूर्ति की है। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति की गई के-57 बीआईएस मानकों के अनुसार है।

ix. चिकित्सा अनुप्रयोगों के लिए वर्तमान मामले में अंतिम-उपयोग आधारित बाहर करने का कोई औचित्य नहीं है।

x. फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड भारत में विचाराधीन उत्पाद को महत्वपूर्ण मात्रा में आयात करने में शामिल हैं; और, इसीलिए, उन्हें भारत में घरेलू उद्योग बनने के लिए अपात्र माना गया है।

xi. डीसीडब्ल्यू लिमिटेड ने जांच की अवधि के दौरान भारत में व्यापारियों से संबद्ध सामानों की खरीद की है और उत्पाद का आयात नहीं किया है। डीसीडब्ल्यू को नियम 2(ख) के अभिप्राय से उत्पाद का "आयातक" नहीं माना जा सकता है। भले ही घरेलू खरीद को डीसीडब्ल्यू द्वारा आयात माना जाता है, ऐसी खरीद की मात्रा भारत में कुल आयात, कुल मांग और भारत में कुल उत्पादन के संबंध में नगण्य है। इस प्रकार, डीसीडब्ल्यू लिमिटेड को नियम 2(ख) के तहत घरेलू उद्योग बनने के लिए पात्र माना गया है।

xii. आवेदकों का कुल घरेलू उत्पादन में प्रमुख अनुपात है, भले ही फिनोलेक्स और रिलायंस को पात्र माना जाता है, और नियम 2(ख) के अनुसार घरेलू हैं।

xiii. प्रयोक्ता एसोसिएशनों ने वर्तमान जांच में भाग लिया है, लेकिन उनके सदस्यों ने प्रयोक्ता प्रश्नावली या आयातक प्रश्नावली के उत्तर के रूप में संगत सूचना नहीं दी है। तथापि, प्राधिकारी ने उन सभी अनुरोधों को रिकॉर्ड में ले लिया है जो साक्ष्य द्वारा समर्थित हैं।

xiv. चीन और जापान से बड़ी संख्या में उत्पादकों और निर्यातकों की भागीदारी को देखते हुए, प्राधिकारी ने वर्तमान जांच में नमूनाकरण किया है।

xv. प्राधिकारी ने चीन और जापान दोनों के तीन सबसे बड़े उत्पादकों के लिए अलग-अलग मार्जिन निर्धारित किए हैं। अन्य गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादकों के लिए यह मार्जिन उनके संबंधित देश के नमूनाकृत उत्पादकों के भारित औसत मार्जिन पर आधारित है।

xvi. अन्य देशों के सहयोगी उत्पादकों का सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत उनके द्वारा दायर उत्तरों के आधार पर निर्धारित किया गया है।

xvii. निर्धारित पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी हैं।

xviii. प्राधिकारी ने क्षति का संचयी मूल्यांकन किया है क्योंकि वर्तमान जांच में संचयी मूल्यांकन की सभी शर्तें पूरी हो गई हैं।

xix. घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है।

क. क्षति अवधि के दौरान संबद्ध आयातों की मात्रा में निरपेक्ष रूप से तथा भारत में उत्पादन और खपत तथा भारत में कुल आयातों के संबंध में वृद्धि हुई है।

ख. कीमत कटौती सकारात्मक और काफी है।

ग. संबद्ध आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों का ह्रास किया है और कीमत वृद्धि को रोका है, जो अन्यथा हुई होती। जबकि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में वृद्धि हुई है, संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत में गिरावट के कारण बिक्री कीमत में गिरावट आई है।

घ. घरेलू उद्योग ने लाभप्रदता से समझौता किया है और जाँच अवधि के दौरान घाटे में बिक्री की है।

ङ. उत्पादन प्रक्रिया की प्रकृति के कारण घरेलू उद्योग की क्षमता उपयोग और उत्पादन में वृद्धि हुई है। चूँकि घरेलू उद्योग कच्ची सामग्री उठाने के लिए बाध्य है और भंडारण सीमित है, अत घरेलू उद्योग को उत्पादन शुरू करना और उसके बाद सामान बेचने की आवश्यकता है, भले ही वह घाटे में बेच रहा हो। वर्तमान उत्पाद की प्रकृति में न तो उत्पादन रोकना और न ही मालसूची रोकना घरेलू

उद्योग के लिए उपलब्ध एक आर्थिक विकल्प है। घरेलू उद्योग के लिए उपलब्ध एकमात्र विकल्प अपनी कीमतों को तद्नरूप करना और सामग्री बेचना है।

च. घरेलू उद्योग की बिक्री में वृद्धि हुई है, क्योंकि घरेलू उद्योग ने कीमतें कम की हैं और अपनी बिक्री लागत से कम कीमतों पर बेचा है।

छ. संबद्ध आयातों का बाजार हिस्सा बढ़ा है, जबकि घरेलू उद्योग, समग्र रूप से भारतीय उद्योग और गैर-संबद्ध देशों से आयात में गिरावट आई है।

ज. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में काफी गिरावट आई है।

झ. जांच अवधि में घरेलू उद्योग को वित्तीय घाटा, नकद घाटा हुआ है और नियोजित पूंजी पर नकारात्मक आय दर्ज हुई है।

ञ. संबद्ध आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतें प्रभावित हुई हैं, जिनकी कीमतें घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम हैं।

ट. पूंजी निवेश जुटाने की घरेलू उद्योग की क्षमता गंभीर रूप से प्रभावित हुई है।

xx. निर्धारित क्षति मार्जिन सकारात्मक और काफी है।

xxi. घरेलू उद्योग को क्षति भारतीय बाजार में पाटन के कारण हुई है। किसी अन्य ज्ञात कारक ने घरेलू उद्योग को क्षति नहीं पहुंचाई है।

xxii. घरेलू उद्योग को क्षति कोविड-19 के कारण नहीं है, क्योंकि घरेलू उद्योग का निष्पादन कोविड अवधि के दौरान बेहतर था और जब भारत में कोई पाटन नहीं हुआ था।

xxiii. निष्पादन में वर्तमान गिरावट को घरेलू उद्योग की अंतर्निहित विशेषताओं, कथित अंतर्निहित अदक्षताओं या क्षमता विस्तार से जुड़ी लागतों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

xxiv. घरेलू उद्योग को किसी भी असामान्य बंदी का सामना नहीं करना पड़ा है, जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हुई हो।

xxv. पाटनरोधी शुल्क लगाना सार्वजनिक हित के विरुद्ध नहीं होगा। प्राधिकारी इस संबंध में निम्नलिखित नोट करते हैं:

क. पाटनरोध शुल्क लगाने से भारतीय उद्योग को उचित अवसर मिलेगा।

ख. भारतीय उद्योग मांग-आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए क्षमता विस्तार कर रहा है। तथापि, बाजार में कीमतें नए निवेश के लिए अनुकूल नहीं हैं।

ग. निर्यातक देशों में उपभोक्ता उत्पाद को उन पाटित कीमतों की तुलना में बहुत अधिक कीमतों पर खरीद रहे हैं जिन पर भारतीय आयातक सामग्री का आयात कर रहे हैं। इसलिए, शुल्क लगाने से वैश्विक प्रतिस्पर्धियों की तुलना में प्रयोक्ता उद्योग को कोई नुकसान नहीं होगा।

घ. भारत में 5 उत्पादक हैं और संबद्ध सामानों का आयात कई देशों से किया जा सकता है। इस प्रकार, पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में एकाधिकार नहीं बनेगा। किसी भी स्थिति में, हितबद्ध पक्षकार नियमों के प्रावधानों के अनुसार समीक्षा की मांग कर सकते हैं।

ङ. जांच में ऐसा कोई विचार सामने नहीं आया जिससे यह पता चले कि पाटनरोधी शुल्क लगाना जनहित में नहीं होगा।

334. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच शुरू की गई थी और सभी हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया गया था तथा घरेलू उद्योग, निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क के पहलू पर सकारात्मक सूचना प्रदान करने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया था। पाटनरोधी नियमावली के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क की जाँच शुरू करने और जांच करने पर, प्राधिकारी का यह मत है कि पाटन और क्षति को समाप्त करने के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाना आवश्यक है। अतः, प्राधिकारी इसे आवश्यक समझते हैं और संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं।

335. प्राधिकारी द्वारा अपनाए गए कमतर शुल्क नियम को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन से कमतर के बराबर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने

की सिफारिश करते हैं ताकि घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त की जा सके। तद्नुसार, प्राधिकारी वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना की तारीख से पांच वर्षों की अवधि के लिए नीचे दी गई शुल्का तालिका के कॉलम 7 में दर्शाई गई राशि के बराबर, केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की जाने वाली अधिसूचना की तारीख से संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश करते हैं।

**<u>शुल्क तालिका</u>**

| **क्र. सं.** | **शीर्ष** | **विवरण** * | **मूल देश** | **निर्यात का देश** | **उत्पादक** | **राशि** | **यूनिट** | **मुद्रा** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| 1 | 3904 | पीवीसी सस्पेंशन रेजिन* | चीन जन.गण | चीन जन.गण. सहित कोई देश | चिपिंग शिनफा पॉलीविनाइल क्लोराइड कंपनी लिमिटेड | 177 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 2 | -वही- | -वही- | चीन जन.गण | चीन जन.गण. सहित कोई देश | चिपिंग शिनफा हुआक्सिंग केमिकल कं. लिमि. | 177 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 3 | -वही- | -वही- | चीन जन.गण | चीन जन.गण. सहित कोई देश | टियांजिन बोहुआ केमिकल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड. | 122 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 4 | -वही- | -वही- | चीन जन.गण | चीन जन.गण. सहित कोई देश | क़िंगदाओ हैवान केमिकल कंपनी लिमिटेड. | 134 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 5 | -वही- | -वही- | चीन जन.गण | चीन जन.गण. | नीचे दी गई सूची के अनुसार गैर- | 140 | एमटी | यूएसडॉ. |

| क्र. सं. | शीर्ष | विवरण * | मूल देश | निर्यात का देश | उत्पादक | राशि | यूनिट | मुद्रा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सहित कोई देश | नमूनाकृत सहयोगी उत्पादक* | | | |
| 6 | -वही- | -वही- | चीन जन.गण | चीन जन.गण. सहित कोई देश | क्र.सं. 1 से 5 को छोड़कर कोई उत्पादक | 232 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 7 | -वही- | -वही- | चीन जन.गण., इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, ताईवान, थाइलैंड और यूएसए को छोड़कर कोई देश | चीन जन.गण. | कोई | 232 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 8 | -वही- | -वही- | इंडोनेशिया | इंडोनेशिया सहित कोई देश | पीटी. असाहिमास केमिकल | 55 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 9 | -वही- | -वही- | इंडोनेशिया | इंडोनेशिया सहित कोई देश | पीटी. टीपीसी इंडो प्लास्टिक एंड केमिकल्स | 57 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 10 | -वही- | -वही- | इंडोनेशिया | इंडोनेशिया सहित कोई देश | क्र.सं. 8 और 9 को छोड़कर कोई उत्पादक | 204 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 11 | -वही- | -वही- | चीन | इंडोनेशिया | कोई | 204 | एमटी | यूएसडॉ |

| क्र. सं. | शीर्ष | विवरण * | मूल देश | निर्यात का देश | उत्पादक | राशि | यूनिट | मुद्रा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | जन.गण., इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, ताईवान, थाईलैंड और यूएसए को छोड़कर कोई देश | | | | | . |
| 12 | -वही- | -वही- | जापान | जापान सहित कोई देश | कनेका कारपोरेशन | 49 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 13 | -वही- | -वही- | जापान | जापान सहित कोई देश | शिन-एत्सु केमिकल कंपनी लिमिटेड | 68 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 14 | -वही- | -वही- | जापान | जापान सहित कोई देश | ताइयो विनाइल कॉर्पोरेशन | 87 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 15 | -वही- | -वही- | जापान | जापान सहित कोई देश | नीचे दी गई सूची के अनुसार गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादक** | 66 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 16 | -वही- | -वही- | जापान | जापान सहित कोई देश | क्र.सं. 12 से 15 को छोड़कर कोई उत्पादक | 148 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 17 | -वही- | -वही- | चीन | जापान | कोई | 148 | एमटी | यूएसडॉ |

| क्र. सं. | शीर्ष | विवरण * | मूल देश | निर्यात का देश | उत्पादक | राशि | यूनिट | मुद्रा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | जन.गण., इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, ताईवान, थाइलैंड और यूएसए को छोड़कर कोई देश | | | | | . |
| 18 | -वही- | -वही- | कोरिया गणराज्य | कोरिया गणराज्य सहित कोई देश | एलजी केम, लिमिटेड. | 46 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 19 | -वही- | -वही- | कोरिया गणराज्य | कोरिया गणराज्य सहित कोई देश | हन्वा सॉल्यूशंस कॉर्पोरेशन | शून्य | एमटी | यूएसडॉ. |
| 20 | -वही- | -वही- | कोरिया गणराज्य | कोरिया गणराज्य सहित कोई देश | क्र.सं. 18 और 19 को छोड़कर कोई उत्पादक | 169 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 21 | -वही- | -वही- | चीन जन.गण., इंडोनेशिया, जापान, कोरिया | कोरिया गणराज्य | कोई | 169 | एमटी | यूएसडॉ. |

| क्र. सं. | शीर्ष | विवरण * | मूल देश | निर्यात का देश | उत्पादक | राशि | यूनिट | मुद्रा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | गणराज्य, ताईवान, थाइलैंड और यूएसए को छोड़कर कोई देश | | | | | |
| 22 | -वही- | -वही- | ताईवान | ताईवान सहित कोई देश | चाइना जनरल प्लास्टिक्स कॉर्पोरेशन | 22 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 23 | -वही- | -वही- | ताईवान | ताईवान सहित कोई देश | सीजीपीसी पॉलिमर कॉर्पोरेशन | 22 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 24 | -वही- | -वही- | ताईवान | ताईवान सहित कोई देश | ओशन प्लास्टिक कंपनी लिमिटेड | 57 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 25 | -वही- | -वही- | ताईवान | ताईवान सहित कोई देश | फॉर्मोसा प्लास्टिक्स कॉर्पोरेशन | 47 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 26 | -वही- | -वही- | ताईवान | ताईवान सहित कोई देश | क्र.सं. 22 से 25 को छोड़कर कोई उत्पादक | 205 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 27 | -वही- | -वही- | चीन जन.गण., इंडोनेशिया, जापान, कोरिया | ताईवान | कोई | 205 | एमटी | यूएसडॉ. |

| क्र. सं. | शीर्ष | विवरण * | मूल देश | निर्यात का देश | उत्पादक | राशि | यूनिट | मुद्रा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | गणराज्य, ताईवान, थाईलैंड और यूएसए को छोड़कर कोई देश | | | | | |
| 28 | -वही- | -वही- | थाईलैंड | थाइलैंड सहित कोई देश | थाई प्लास्टिक्स एंड केमिकल्स पीएलसी | 60 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 29 | -वही- | -वही- | थाईलैंड | थाइलैंड सहित कोई देश | एजीसी विनीथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड | 78 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 30 | -वही- | -वही- | थाईलैंड | थाइलैंड सहित कोई देश | क्र. सं. 28 और 29 को छोड़कर कोई उत्पादक | 193 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 31 | -वही- | -वही- | चीन जन.गण., इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, ताईवान, थाईलैंड और यूएसए को छोड़कर कोई देश | थाईलैंड | कोई | 193 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 32 | -वही- | -वही- | यूएसए | यूएसए | वेस्टलेक केमिकल्स | 118 | एमटी | यूएसडॉ |

| क्र. सं. | शीर्ष | विवरण * | मूल देश | निर्यात का देश | उत्पादक | राशि | यूनिट | मुद्रा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सहित कोई देश | एंड विनाइल्स एलएलसी | | | . |
| 33 | -वही- | -वही- | यूएसए | यूएसए सहित कोई देश | वेस्टलेक विनाइल्स इंक. | 118 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 34 | -वही- | -वही- | यूएसए | यूएसए सहित कोई देश | वेस्टलेक विनाइल्स कंपनी एल.पी. | 118 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 35 | -वही- | -वही- | यूएसए | यूएसए सहित कोई देश | शिनटेक इनकॉर्पोरेटेड | 72 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 36 | -वही- | -वही- | यूएसए | यूएसए सहित कोई देश | शिनटेक लुइसियाना एल.एल.सी. | 72 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 37 | -वही- | -वही- | यूएसए | यूएसए सहित कोई देश | ऑक्सी विनाइल्स, एल.पी. | 174 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 38 | -वही- | -वही- | यूएसए | यूएसए सहित कोई देश | क्र.सं. 32 से 37 को छोड़कर कोई उत्पादक | 284 | एमटी | यूएसडॉ. |
| 39 | -वही- | -वही- | चीन जन.गण., इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, ताईवान, | यूएसए | कोई | 284 | एमटी | यूएसडॉ. |

| क्र. सं. | शीर्ष | विवरण * | मूल देश | निर्यात का देश | उत्पादक | राशि | यूनिट | मुद्रा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | थाईलैंड और यूएसए को छोड़कर कोई देश | | | | | |

** विनाइल क्लोराइड मोनोमर (सस्पेंशन ग्रेड) का होमोपॉलीमर जिसे पीवीसी सस्पेंशन रेज़िन के रूप में भी जाना जाता है, और जो 55 से अधिक और 77 तक के-वैल्यू के साथ सस्पेंशन पोलीमराइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से विनिर्मित किया जाता है।*

**<u>चीन जन.गण. से गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादकों की सूची</u>**

| क्र.सं. | गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादक |
|---|---|
| 1. | चिपिंग शिनफा हुआक्सिंग केमिकल कंपनी लिमिटेड |
| 2. | सीएनएसआईजी जिलानताई क्लोर-क्षार केमिकल कंपनी लिमिटेड |
| 3. | फॉर्मोसा इंडस्ट्रीज (निंगबो) कंपनी लिमिटेड |
| 4. | गुआंग्शी हुआई क्लोर-अल्कली केमिकल कंपनी लिमिटेड |
| 5. | इनर मंगोलिया यिहुआ केमिकल इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड |
| 6. | इनर मंगोलिया एरडोस इलेक्ट्रिक पावर एंड मेटलर्जी ग्रुप कंपनी लिमिटेड क्लोर-क्षार रासायनिक शाखा कंपनी |
| 7. | इनर मंगोलिया जुन्झेंग केमिकल इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड |
| 8. | ऑर्डोस जुन्झेंग एनर्जी एंड केमिकल इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड |
| 9. | शानक्सी बेइयुआन केमिकल इंडस्ट्री ग्रुप कंपनी |
| 10. | शंघाई क्लोर-अल्कली केमिकल कंपनी लिमिटेड |
| 11. | टियांजिन एलजी बोहाई केमिकल कंपनी लिमिटेड |
| 12. | वानहुआ केमिकल (फ़ुज़ियान) कंपनी लिमिटेड |
| 13. | वानहुआ पेट्रोकेमिकल (यंताई) कंपनी लिमिटेड |
| 14. | झिंजियांग शेंगक्सियोंग क्लोर-अल्कली कंपनी लिमिटेड |
| 15. | झिंजियांग झोंगताई इंपोर्ट एंड एक्सपोर्ट कंपनी लिमिटेड |
| 16. | यिबिन हाइफ़ेंग हेरुई कंपनी लिमिटेड |

| | |
|---|---|
| 17. | झोंग ताई इंटरनेशनल डेवलपमेंट (एचके) लिमिटेड |

**जापान के गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादकों की सूची**

| क्र.सं. | गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादक |
|---|---|
| 1. | तोकुयामा कॉर्पोरेशन |

**ढ. आगे की प्रक्रिया**

336. इन अंतिम जांच परिणामों में निर्दिष्ट प्राधिकारी के निर्धारण के विरुद्ध कोई अपील अधिनियम/नियमावली के संगत प्रावधानों के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवाकर अपीलीय अधिकरण के समक्ष की जाएगी।

सिद्धार्थ

(सिद्धार्थ महाजन)
निर्दिष्ट प्राधिकारी